




दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 157 • नई दिल्ली, बुधवार 13 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 बिजली के शार्ट सर्किट से एक व्यक्ति के घर मे लगी आग...

# सनातन धर्म का विरोध करना 'इंडिया' के न्यूनतम साझा कार्यक्रम का हिस्सा : रविशंकर प्रसाद

**भाजपा सनातन धर्म का अपमान नही सहेगा और इस मुद्दे को लेकर देश भर के गांवों में जाएगी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म पर हमला विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का गुप्त एजेंडा है और सनातन का अपमान नही सहेगा हिंदूस्तान वही इंडिया गठबंधन सनातन धर्म विरोधी के लिए बना है।रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इस प्राचीन धर्म के बारे में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) नेताओं की लगातार आलोचनात्मक टिप्पणियों के बीच विपक्षी नेताओं की 'चुप्पी' पर सवाल उठाए। रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा और कहा कि सोनिया गांधी इस मामले पर अगर चुप्पी साधे रहेंगी तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सनातन धर्म का विरोध करना 'इंडिया' के न्यूनतम साझा कार्यक्रम का हिस्सा है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि डीएमके नेता की एक टिप्पणी सामने आई है। वह बड़ी कमाल की आई है। अंग्रेंजी में एक कहावत है कि



'द कैट इज आउट ऑफ दी बैग' यानी जो सोचा, वो बाहर आ गया। उनकी सोच सबके सामने बाहर आ गई है। साफ है कि I.N.D.I.A गठबंधन का गठन ही सनातन धर्म का विरोध करने और उसे खत्म करने के लिए बना है। रविशंकर प्रसाद ने आगे कहा कि पोनमुडी ने यह टिप्पणी उसी 'सनातन धर्म विरोधी' कार्यक्रम में की थी, जिसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उधयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी। बाद में अभिनेता राजा ने इसे एड्स से भी अधिक संक्रामक बताया।रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राजा ने कहा था कि सनातन धर्म एड्स से भी खतरनाक है। भाजपा सांसद ने कहा कि वहां के शिक्षा मंत्री ने जो भी कहा वह सच्चाई है। इसका छिपा हुआ एजेंडा है। यह सनातन धर्म का विरोध करके वोट बैंक की राजनीति करना चाहते हैं। इसके लिए यह सभी बहुत समय से लगे हुए हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस और इस गठबंधन से हम कुछ सवाल पूछना चाहते हैं। क्या वहां के मुख्यमंत्री ने अपने बेटे के खिलाफ कोई टिप्पणी की? उन्होंने कहा कि यह लोग हर धर्म की बात करके लीपापोती करते हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि क्या उन्हें अन्य किसी धर्म के देवताओं की आलोचना करने का अधिकार है? क्या उनमें साहस है? क्या वे ऐसा कर सकते हैं? हम सभी आस्थाओं का सम्मान करते हैं और यह वोट के नाम पर चुप हो जाते हैं। यह लोग अन्य धर्मों पर चुप रहते हैं, लेकिन खुले तौर पर सनातन का विरोध करते हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन से एक स्पष्ट प्रस्ताव लाने का आग्रह करेगी कि वह डीएमके की आलोचना से खुद को पूरी तरह अलग करता है और यह उनका एजेंडा नहीं है।डीएमके द्वारा अपनी आलोचना को सही ठहराने के लिए सनातन धर्म को हिंदुओं के बीच जातिगत भेदभाव की प्रथा से जोड़ने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि शबीर, केवट और संत रविदास जैसे पिछड़ी जातियों के श्रद्धेय लोगों को समर्पित मंदिर बनाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि सनातन धर्म का मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति और समुदाय की पृष्ठभूमि के बावजूद अपनी भक्ति से भगवान को प्राप्त कर सकता है।कांग्रेस ने इस विवाद को लेकर स्पष्ट तौर पर कहा कि वह हर धर्म का सम्मान करने में विश्वास करती है। कांग्रेस पर पलटवार करते हुएरविशंकर प्रसाद ने कहा कि डीएमके से लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और समाजवादी पार्टी (सपा) जैसे दलों के कुछ विपक्षी नेता सनातन धर्म और हिंदू धर्म से जुड़े पवित्र ग्रंथों की आलोचना करने में मुखर रहे हैं, लेकिन क्या वे अन्य धर्मों और उनके पवित्र व्यक्तित्वों की आलोचना करने का साहस जुटा सकते हैं। रविशंकर प्रसाद कहा कि भारत की संस्कृति और विरासत का हर रोज अपमान किया जा रहा है और भाजपा इस मुद्दे को लेकर देश भर के गांवों में जाएगी और साथ ही विकास तथा विरासत की बात भी करेगी। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सनातन धर्म का यह शर्मनाक अपमान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश यह अपमान बर्दाशत नहीं करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकवादियों ने 3 आदिवासियों की गोली मारकर हत्या की



**इंफाल**। मणिपुर के कांगपोपकी जिले में आतंकवादियों ने तीन आदिवासी लोगों की गोली मारकर हत्या की। इंफाल में अधिकारियों ने कहा कि सशस्त्र चरमपंथियों ने इंफाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में इरेंग और करम के बीच गांवों पर हमला कर तीन ग्रामीणों को मौके पर ही गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। चरमपंथी सुबह-सुबह एक वाहन में आदिवासी बहुल गांवों में आए और सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले चले गए। घटना के विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। 8 और 9 सितंबर को तेंग्नौपाल जिले के पल्लेल में सुरक्षा बलों के साथ झड़प और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में भी तीन लोग मारे गए थे।

### सनातन धर्म का अपमान सोनिया, राहुल की सोची समझी रणनीति : नड्डा

**नई दिल्ली**। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सनातन धर्म के अपमान को सोनिया, राहुल गांधी और कांग्रेस की सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताया है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन से सवाल पूछा है कि मोहब्बत की दुकान के नाम पर देश में सनातन धर्म के खिलाफ नफरत का सामान क्यों बेचा जा रहा है? भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने आईएनडीआई गठबंधन पर हमला बोलकर आरोप लगाया कि, आईएनडीआई गठबंधन की मुंबई बैठक के दो दिन बाद उदयनिधि स्टालिन का बयान आना, फिर प्रियंक खड़गे का सनातन पर आघात और मंगलवार को डीएमके के मंत्री द्वारा स्वीकार करना कि आईएनडीआई गठबंधन का गठन ही सनातन धर्म के विरोध में किया गया था, यह सोनिया गांधी, राहुल और कांग्रेस की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। नड्डा ने सोनिया, राहुल गांधी और कांग्रेस पर सीधा हमला बोलकर कहा, कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन को बयान पर अपना मत स्पष्ट करना चाहिए, इन्हें बताना चाहिए कि क्या संविधान में किसी धर्म के बारे में आपत्तिजनक बयान देने का अधिकार है? आईएनडीआई गठबंधन के लोगों को क्या संविधान के प्रावधानों की जानकारी नहीं है? आईएनडीआई गठबंधन, कांग्रेस, सोनिया और राहुल बताएं मोहब्बत की दुकान के नाम पर सनातन धर्म के खिलाफ नफरत का सामान क्यों बेचा जा रहा है ? नडडा ने आरोप लगाया कि, यह नफरत का मेगा मॉल सिर्फ सत्ता के लिए है- बांटो और राज करो।



### दिल्ली-एनसीआर पर कोरोना के नए वेरिएंट का मंडराया खतरा

**नई दिल्ली**। देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में वायरल बुखार का खतरा मंडरा रहा है। जानकारी के अनुसार यहां वायरल फीवर के मामलों में वृद्धि नजर आ रही है। स्थानीय सर्वे के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में वायरल फीवर के मामलों में वृद्धि हो रही है, जहां 50 फीसदी घरों में एक या अधिक सदस्यों में कोविड अथवा फ्लू और वायरल फीवर के लक्षण पाए गए हैं। सर्वे से यह भी पता चला कि अधिकांश लोगों ने कोविड गाइडलाइन का पालन करना व घर पर भी अपना परीक्षण कराना बंद कर दिया है, जिससे इस क्षेत्र में एक नए कोरोना वेरिएंट के फैलने का खतरा बढ़ गया है। कोरोना वायरस का नया वेरिएंट, जिसका नाम बीए.2.86 और उपनाम पिरोला है, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया भर के कई देशों में व्यापक स्तर पर फैल रहा है। हालांकि वैज्ञानिक इसे ओमिक्रॉन से काफी अलग बता रहा है। जो कि अल्फा और डेल्टा वेरिएंट के करीब है। लक्षणों बात करें तो पिरोला सांस की तकलीफ और गंध या स्वाद की हानि से जुड़ा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लोकलसर्कल्स के सर्वेक्षण में नागरिकों से पूछा गया कि दिल्ली एनसीआर में आपके घर में ऐसे कितने लोग हैं। जिनमें वर्तमान में बुखार, नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द, जोड़ों का दर्द, शरीर में दर्द जैसे एक या अधिक कोविड/वायरल/फ्लू के लक्षण हैं। सर्वेक्षण को दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा और गाजियाबाद में स्थित घरेलू प्रतिनिधियों से 9,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं मिलीं। उत्तर देने वाले 61 फीसदी उत्तरदाता पुरुष थे जबकि 39 फीसदी उत्तरदाता महिलाएं थीं।



# देश में 763 सांसद, 306 पर क्रिमिनल केस

## बिहार के 50% MP के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने सांसदों पर दर्ज क्रिमिनल केस को लेकर रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि देश के कुल 763 सांसदों में से 306 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 194 सांसदों के खिलाफ हत्या और महिलाओं से अत्याचार के गंभीर केस हैं। ADR ने यह रिपोर्ट लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों की तरफ से दायर हलफनामे के हवाले से जारी की है।

**बिहार के सबसे ज्यादा 41 सांसदों के खिलाफ केस दर्ज** - रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि लक्षद्वीप से एक सांसद, केरल के 29 सांसदों में से 23, बिहार के 56 सांसदों में से 41, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 37, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 13 और दिल्ली के 10 सांसदों में से 5 के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

**UP के सबसे ज्यादा 37 सांसदों के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज** - ADR ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लक्षद्वीप से एक, बिहार के 56 सांसदों में से 28, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 9, केरल के 29 सांसदों में से 10, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 22 और यूपी के 108 सांसदों में से 37 के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं।



| | | | |
|---|---|---|---|
| 538 | 232 | 225 | 74 |
| लोकसभा के कुल सांसद | सांसदों पर केस | राज्यसभा के कुल सांसद | सांसदों पर केस |

**राज्यसभा के 12% सांसद अरबपति** - राज्यसभा के 225 सदस्यों में 27 यानी (12%) अरबपति हैं। अरबपति सांसदों में सबसे ज्यादा संख्या भाजपा के सदस्यों की है। 225 में BJP के 85 सदस्य हैं, जिनमें 6 यानी 7% सांसद अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 सदस्यों में 4 यानी 13% अरबपति हैं। YSR कांग्रेस के 9 में से 4 (44%), आम आदमी पार्टी के 10 में 3 (30%) और BRS के 7 में 3 (43%) सांसद अरबपति हैं। अगर राज्यों की बात करें तो सबसे ज्यादा अरबपति सांसद आंध्र प्रदेश 45% और तेलंगाना 43% से हैं।

**राज्यसभा सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 80.93 करोड़** - राज्यसभा के मौजूदा सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 80.93 करोड़ रुपए है। BJP के औसतन सांसदों की प्रॉपर्टी 30.34 करोड़ है। कांग्रेस के 30 सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 51.65 करोड़, तृणमूल कांग्रेस के 13 सदस्यों की औसतन प्रॉपर्टी 3.55 करोड़, YSR कांग्रेस के 9 सांसदों की प्रॉपर्टी 395.68 करोड़, भारत राष्ट्र समिति (BRS) के 7 सांसदों की प्रॉपर्टी 799.46 करोड़ रुपए है।

**देश के 4001 विधायकों की संपत्ति 54,000 करोड़**- देश के 4,001 मौजूदा विधायकों की कुल संपत्ति 54,545 करोड़ रुपए है। यह नॉर्थ ईस्ट के तीन राज्यों- नगालैंड, मिजोरम और सिक्किम के 2023-24 के कुल सालाना बजट 49,103 करोड़ रुपए से ज्यादा है। ADR की रिपोर्ट में 84 राजनीतिक दलों के 4001 मौजूदा विधायकों और निर्दलीय विधायकों को शामिल किया गया है। इसके मुताबिक, विधायकों की औसत संपत्ति 13.63 करोड़ रुपए है। भाजपा के 1356 विधायकों की औसत संपत्ति 11.97 करोड़ रुपए है। वहीं, कांग्रेस के 719 विधायकों की औसत संपत्ति 21.97 करोड़ रुपए है।

# गणेश चतुर्थी के मौके पर पूजा के बाद नए संसद भवन में शुरू होगा कामकाज

**सभी कर्मचारियों की ड्रेस में किया गया बदलाव**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

18 सितंबर से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन, 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के मौके पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू होगा। इस विशेष सत्र के दौरान संसद भवन के कर्मचारी भी नई ड्रेस में नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसा कि पहले हुआ करती थी। विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के मौके पर पूजा के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू होगा। हालांकि मोदी सरकार की ओर से इस लेकर अभी तक आधिकारिक स्तर पर कोई घोषणा नहीं की गई है।

बता दें कि अमृत काल के समय में मोदी सरकार ने संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। 18 से 22 सितंबर के दौरान आयोजित होने वाले संसद के विशेष सत्र में 5 बैठकें होंगी। यह 17वीं लोक सभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी विशेष सत्र को लेकर पहले ही यह उम्मीद जता चुके हैं कि अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में उन्हें संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि संसद के विशेष सत्र में संसद के सभी पुरुष और महिला कर्मचारी नई ड्रेस में नजर आएंगे। सभी कर्मचारियों की ड्रेस यहां तक कि जूते तक को बदला गया है।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला, राजद्रोह कानून पर 5 जजों की बेंच करेगी सुनवाई

**केंद्र सरकार की मांग को ठुकराया**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि औपनिवेशिक काल के राजद्रोह के दंडात्मक प्रावधान की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष रखा जाए ताकि कम से कम पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को अधिसूचित कर सके, जिसके पास पर्याप्त ताकत हो। सुनवाई के दौरान सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने विचार किया कि प्रस्तावित पांच न्यायाधीशों की पीठ इस पर विचार कर सकती है कि क्या केदार नाथ मामले में आईपीसी की धारा 124 ए (देशद्रोह) की संवैधानिकता को बरकरार रखने वाले पहले के फैसले पर सात सदस्यीय न्यायाधीशों बड़ी पीठ द्वारा पुनर्विचार की आवश्यकता है। 1962 में संविधान पीठ ने केदार नाथ सिंह मामले में धारा 124ए की वैधता को बरकरार रखकर कहा कि राज्य को उन ताकतों से सुरक्षा की जरूरत है, जो इसकी सुरक्षा और स्थिरता को खतरे में डालना चाहते हैं। दंड प्रावधान की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ से अनुरोध किया कि मामले को पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेज बिना याचिकाओं के समूह को सीधे सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेजा जाए। अदालत संसद के कानून का इंतजार नहीं कर सकती। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कार्यवाही स्थगित करने का आग्रह किया, क्योंकि भारतीय न्याय संहिता (आईपीसी) संशोधन विधेयक गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति के समक्ष विचार के लिए लंबित है। भारतीय न्याय संहिता विधेयक 11 अगस्त को संसद के समक्ष पेश किया था, इसमें ब्रिटिश युग की दंड संहिता में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव रखा गया था। विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, जो सीआरपीसी को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करता है और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023, जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करता है, के साथ गृह मामलों पर संसदीय स्थायी समिति के विचार के लिए भेजा गया था। नए कोड में, देशद्रोह शब्द गायब है, लेकिन धारा 150 के तहत इसी तरह के अपराध को इसकी जगह मिल गई है। पिछले साल 11 मई को, एक अग्रणी आदेश में, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों को भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए के संबंध में सभी चल रही जांच को निलंबित करते हुए, कोई भी एफआईआर दर्ज करने या कोई भी कठोर कदम उठाने से परहेज करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी प्रथमदृष्टया टिप्पणी में कहा था कि आईपीसी की धारा 124ए की कठोरता वर्तमान सामाजिक परिवेश के अनुरूप नहीं है, और इसका उद्देश्य उस समय के लिए था जब यह देश औपनिवेशिक शासन के अधीन था। मई में, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमन ने सुप्रीम कोर्ट से मामले की सुनवाई संसद के मानसून सत्र के बाद निर्धारित करने का आग्रह किया था।

# ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीया से दोगुने अमीर हैं पीएम ऋषि सुनक

**लंदन**। यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ जी20 समिट शामिल होने भारत आए थे। इस दौरान वह अक्षरधाम मंदिर भी गए थे। ऋषि सुनक यूके के सबसे युवा प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने 42 साल की उम्र में यह पद ग्रहण किया है। लेकिन केवल यही एक रिकॉर्ड उनके नाम नहीं है, बल्कि ऋषि सुनक यूके के अब तक के सबसे अमीर प्रधानमंत्री भी हैं। हालांकि, यह संपत्ति मुख्यतः अक्षता मूर्ति के कारण हैं। दंपत्ति के पास सम्मिलित रूप से 73 करोड़ पाउंड ( 84.4 करोड़) की अनुमानित संपत्ति है। अगर भारतीय रुपये में देखा जाए तब यह 7568 करोड़ रुपये होगा।

# रहस्यमयी बुखार ने पश्चिमी यूपी में 40 बच्चों समेत 68 लोगों की ले ली जान

**एजेंसी। आगरा**

इन दिनों यूपी के आगरा जिला समेत आस-पास के कई जिलों में रहस्यमयी बुखार का कहर व्याप्त है। पिछले एक सप्ताह में होने वाली मौतों के आंकड़ों ने स्वास्थ्य विभाग को चौंका दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, कासगंज और एटा जिले में पिछले कुछ दिनों में लगभग एक सप्ताह के अंदर 40 बच्चों सहित 68 लोगों की जान जा चुकी है। आगरा जिले में ही पिछले दिनों दो बच्चों की मौत रहस्यमयी बुखार से हो गई। इनमें से एक फतेहपुर सीकरी और एक आगरा के ट्रांस यमुना कॉलोनी का रहने वाला बच्चा शामिल है। इस बुखार से इलाके के लोग डरे हुए हैं। पूरे मामले को लेकर आगरा जिला अस्पताल और एसएन मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में बड़ी संख्या में बुखार से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में छोटे बच्चों की संख्या शामिल है। आगरा के जिला अस्पताल में कल बुखार से पीड़ित 15 नए मरीज पहुंचे। इनमें शामिल 6 बच्चे बुखार से पीड़ित हैं। इसके अलावा, पिछले दिनों आगरा फतेहपुर सीकरी और ट्रांस यमुना कॉलोनी में 8 साल के दो बच्चों की मौत रहस्यमयी बुख़ार से हो गई। जब तक इनके घरवाले कुछ समझ पाए या फिर डॉक्टर तक पहुंच पाते बच्चों की जान चली गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आगरा के सीएमओ ने बताया कि यह एक तरह का वायरल फीवर है जो बदलते मौसम के साथ फैलता है। हर साल यह वायरल फीवर फैलता है।



**बैठक** जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक

# सभी प्रखंडों में जनसंवाद कार्यक्रम का होगा आयोजनः डीएम

**मो. सदरे आलम नोमानी**

**सीतामढी**। सरकार के निर्देश के आलोक में लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंड में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनसंवाद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन के मद्देनजर आज समाहरणालय स्थित



परिचर्चा भवन में जिलाधिकारी सीतामढ़ी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के अलावा अपर समाहर्ता विभागीय जांच, कृष्ण प्रसाद गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि अगले दो माह में निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रखंड स्तर पर चिन्हित दो अलग-अलग स्थलों पर आम जनों के साथ बैठक की जाएगी। बैठक में डीएम के साथ जिले के एसपी एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं माननीय जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। जन संवाद कार्यक्रम में जिले के जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियो की जानकारी आम जनों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी जाएगी तथा इस संबंध में उनकी प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने के साथ-साथ योजनाओं को और अधिक विस्तृत करने के संबंध में उनके सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। सरकार के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों के स्तर से भी जनसंवाद बैठकों का आयोजन निर्धारित रोस्टर के अनुरूप किया जाएगा। जनसंवाद कार्यक्रम में सभी महत्वपूर्ण विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने के लिए काउंटर भी बनाए जाएंगे।

## ख़ास ख़बर

### तरफदार क्लिनिक में हुआ डेंटल चेम्बर का उद्घांटन : खुर्शीद खान



**जोगबनी**। जोगबनी के मशहूर तरफदार क्लिनिक मे दांतो की डाक्टर हमारी जोगबनी की बेटी डॉक्टर लक्ष्मी रॉय ने अपना चेम्बर का उद्घांटन किया । इस क्लिनिक मे दाँत से संबंधित सभी रोग का इलाज किया जायेगा । मुख्य अतिथि सह जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी के डायरेक्टर जनाब खुर्शीद खान पप्पू भाई ने कहा कि डॉक्टर लक्ष्मी रॉय ने इससे पहले जयपुर और दिल्ली मे अपनी सेवा दे चुकी है । जोगबनी में अब ये सेवा देगी।

### प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में पोषण मेला का आयोजन



**फारबिसगंज** । इस वर्ष पोषण माह का थीम ' सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत ' के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में पोषण मेला का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर स्कूली बच्चों में जहां काफी उत्साह देखी गई वहीं विद्यालय के प्रधान शिक्षिका एवम शिक्षक का प्रबंधन व्यवस्था का ग्रामीणों ने जमकर सराहना किया।

### पत्रकार प्रवीण गोविंद के पिताजी कॉमरेड नागेंद्र बाबू के निधन पर शोक संवेदना देने सुपौल पहुंचे संजय मिश्रा



**सुपौल** । सुपौल जिला के कर्णपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रवीण गोविंद जी के पूज्य पिताजी कॉमरेड नागेंद्र झा उर्फ नगीना बाबू का पिछले दिनों दुःखद निधन हो गया था।उनके पैतृक गांव कर्णपुर एस डी एम ग्रुप अररिया के चेयरमैन संजय मिश्रा , परमान टाइम्स के प्रकाशक अखिलेश झा तथा एस एस पब्लिक स्कूल छातापुर के संस्थापक शंकु मिश्रा पहुँचकर अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। समाजसेवी संजय मिश्रा ने कहा श्रद्धेय नगीना बाबू बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के राज्यस्तरीय नेता के साथ ही भाकपा माले के भी सुपौल के पूर्व प्रभारी थे। उनका निधन समाज एवं क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023-24 का आयोजन टाउन हॉल, अररिया में 14 एवं 15 को

**अररिया**। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार (सांस्कृतिक कार्य निदेशालय) एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023-24 का आयोजन टाउन हॉल, अररिया में दिनांक 14.09.2023 एवं 15.09.2023 को 10:00 पूर्वाहन से 06:00 बजे अपराह्न तक आयोजित किया जायेगा। जिलास्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने हेतु इच्छुक कलाकार (15 से 35 आयु वर्ग) जो किसी कारणवश प्रखंड स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सके हैं, वैसे प्रतिभागी कलाकार दिनांक 14.09.2023 से 15.09.2023 तक आयोजित होने वाले जिलास्तरीय युवा उत्सव, अररिया में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा का कार्यालय अररिया से संपर्क करें।

### भारतीय टीम को भाजपा नेता रंजीत यादव ने इस बड़ी जीत की पर दी बधाई

**अररिया**। विराट कोहली और केएल राहुल की शानदार शतक के बाद कुलदीप यादव की शानदार गेंदबादी के साथ भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को 228 रनों से बड़ी करारी शिकस्त दी है। भाजपा के कद्दावर व युवा नेता भाई रंजीत यादव ने भारतीय टीम को इस बड़ी जीत की के लिए दिल से बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने देशवासियों को पुनः गौरवान्वित किया है। एशिया कप में पाकिस्तान पर भारतीय क्रिकेट टीम की धमाकेदार जीत पर अनेक अनेक बधाई, अभिनंदन।

# देशी शराब और प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ पांच गिरफ्तार







**फारबिसगंज**। सिमराहा ओपी थाना पुलिस ने तीन अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर देशी शराब और प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो नाबालिग बालक,दो महिला समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया।पुलिस ने 105 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ कुल 21 लीटर देशी शराब और एक कार एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया है।पुलिस ने सबसे पहले गुप्त सूचना पर मिर्जापुर से एक कार से 105 बोतल प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कोरेक्स कफ सिरप के साथ एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया।वहीं राहिकपुर ठीलामोहन गांव से एक महिला को 18 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।जबकि झिरुआ में पुलिस ने छापेमारी कर दो नाबालिग बच्चों तीन लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।दोनों नाबालिग मोटरसाइकिल से शराब को लेकर जा रहा था।इस बात की जानकारी सिमराहा ओपी थानाध्यक्ष राजनंदिनी सिन्हा ने दी।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अलावे सिमराहा ओपी पुलिस ने अन्य कांडों में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।नाबालिग बच्चों जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।वहीं अन्य पांच आरोपितों को कोर्ट में उपस्थित कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## एस एस बी ने किया निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**सिकटी**। महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में बाहरी सीमा चौकी लैलोखर में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें डॉ० संदीप कुमार, टी भी ओ TVO(कुआरी) तथा डॉ० राजेश कुमार, टी भी ओ (कुर्साकांटा) द्वारा पशुओं की मौसमी बिमारियों का इलाज किया गया व पशु पालकों को पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारी तथा इससे बचाव के उपाय भी बताये गए| पशु चिकित्सा शिविर के दौरान कुल 96 पशुओं का इलाज किया गया तथा विभिन्न किस्म की दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया| इसी क्रम में गृह मंत्रालय की निर्देशानुसार बल कर्मियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, तथा भारत के वीर पोर्टल की जानकारी व उसमें अंशदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर फल एवं सब्जियों के उत्पादन हेतु भी प्रोत्साहित किया गया ताकि जवानों को ताजे फल और सब्जी मिल सके| इस कार्यक्रम की स्थानीय लोगों के काफी सराहना की | एसएसबी द्वारा सीमावर्ती गांवों में समय-समय पर ऐसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जिनका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलता है| मौके पर लैलोखर समवाय कमांडर श्री सी. विवेक सहायक कमांडेंट 52वीं वाहिनीं के साथ अन्य बलकर्मी उपस्थित थे।

## कारोबारी विक्रम डागा ने जदयू नेता मूलचंद गोलछा पर मारपीट का आरोप



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज के मानिकचंद रोड वार्ड संख्या दस निवासी 38 वर्षीय कारोबारी विक्रम डागा पिता - स्व.झवर लाला डागा ने जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के नेता एवं उद्योगपति मूलचंद गोलछा पर गाली गलौज,मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।इसको लेकर फारबिसगंज थाना में उन्होंने लिखित शिकायत भी दर्ज करवाया है।जिसमे उसने उनके स्टाफ दीपक पर सोने का चैन और 2450 रुपैया छीन लेने का भी आरोप लगाया है। फारबिसगंज थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में कारोबारी विक्रम डागा ने लिखा है कि 12 सितंबर को 10 बजकर 42 मिनट में गोलछा फ्लावर मिल से देवेश गोलछा का फोन आया।जिसमे उन्होंने आकर मिलने की बात कही।गोलछा फ्लावर मिल जाने के बाद मूलचंद गोलछा से बात करने के लिए देवेश ने अपने स्टाफ दिलीप कुमार के साथ राइस मिल भेज दिया गया।राइस मिल पहुंचने के बाद मूलचंद गोलछा ने पिताजी के द्वारा रुपैया बकाया होने की बात करते हुए चुकता करने के लिए कहा गया।जिस पर हिसाब देने और जो भी बकाया है,थोड़े समय में चुकता करने की बात करने पर गाली गलौज और मारपीट करने लगा।प्रतिरोध करने पर मूलचंद गोलछा द्वारा जान से मारकर फेंक देने की धमकी देने के साथ घर पर कब्जा कर लेने की धमकी देने की बात कही।आवेदन में उन्होंने स्टाफ दीपक से धक्का देकर बाहर निकाल देने और गले में पहने सोने के चैन सहित 2450 रुपैया छीन लेने का आरोप लगाया।मामले में फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने आवदेन मिलने की बात करते हुए जांच कर कार्रवाई की बात कही।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 16 सितम्बर को जोगबनी में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का करेंगे उद्घाटन : रंजीत यादव



**अररिया**। जोगबनी में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के होने वाले कार्यक्रम को लेकर भाजपा में उत्साह चरम पर है ।16 सितंबर को भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह अपने सरकारी कार्यक्रम के दौरान जोगबनी आयेंगे और उसी दिन झंझारपुर में उनकी आमसभा है। जोगबनी में एसएसबी के अधिकारियों के साथ भारत नेपाल के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आधिकारिक स्तर पर बातचीत करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा के कद्दावर सह युवा नेता रंजीत यादव ने बताया कि आगमन की तैयारी को लेकर बड़े भाई केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय का भी आगमन 15 सितम्बर को होने जा रहा है। अररिया संसदीय सीट से भाजपा के भावी प्रत्याशी युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री 16 सितंबर को बिहार पहुंचेंगे और जोगबनी में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का उद्घाटन करेंगें। केंद्रीय गृह मंत्री बिहार दौरे के दौरान रिमोट कंट्रोल के जरिए जोगबनी से 8 किमी दूर एसएसबी बटालियन मुख्यालय बथनाहा का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम में अररिया जिले के कार्यकर्ता शामिल होंगें। कार्यक्रम के बाद वे वहीं से झंझारपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे जहां वे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण पर है। जिला भाजपा परिवार में उत्साह चरम पर है। एक प्रश्न के उत्तर में श्री यादव ने कहा कि भाजपा 2024 में पीएम हमारा और 2025 से सीएम हमारा के तर्ज पूरे प्रदेश में काम कर रही है और लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वे जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा से कई बिंदुओं पर चर्चा भी किए। इस मौक़े पर भाजपा सीमांचल के चाणक्य प्रेम कुमार मिश्रा भी वहां मौजूद थे।

### नेपाल से भारतीय क्षेत्र में अवैध रुप से भारत लाए जा रहे भारी मात्रा मे तंबाकू युक्त गुटखा खैनी किया जप्त



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। एसएसबी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वाह्य सीमा चौकी जानकीनगर के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी सफलता मिली है। रात्री नाका के दौरान निरीक्षण सामान्य भगवान सहाय मीना, समवाय प्रभारी जानकीनगर व अन्य जवानों द्वारा की गयी कार्यवाही में सीमा स्तंभ संख्या 277/46 से 300 मीटर भारतीय क्षेत्र में अवैध रुप से भारत लाए जा रहे भारी मात्रा मे तंबाकू युक्त गुटखा खैनी एवं मोटरसाइकिल के साथ नेपाली मुद्रा 40000 जब्त की गई और नेपाली नागरिक सुनील प्रसाद सेंचुरी कुमार उम्र 42 साल (लगभग) पुत्र पदम बहादुर विश्वकर्मा निवासी धनुषा (नेपाल) को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए सामान और गिरफ्तार व्यक्ति को सीमा शुल्क कार्यालय जयनगर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया है। श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा लगातार अभियान चलाये जा रहे है और अभियानो के दौरान कामयाबी भी मिल रही है, आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाये जाएंगे और सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा।

### तेगछिया में आए राजयोगी ब्रह्माकुमार अनिल भाई का हुआ भव्य स्वागत



**अररिया**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेगछिया में आए माउंट आबू राजस्थान के पांडव भवन स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल से राजयोगी ब्रह्माकुमार अनिल भाई जी साथ में बेगूसराय से आए हुए राजयोगी ब्रह्माकुमार ऋषि भाई जी,को भाजपा युवा मोर्चा भाजपा जिला प्रवक्ता राहुल झा अतिथि को मिथिला परंपरा के अनुसार पाग पहना कर स्वागत किया गया, कार्यक्रम में राजयोगी अनिल भाई ने सभा को संबोधित करते हुऐ तन और मन को स्वस्थ करने के लिए अध्यात्मिक ज्ञान और योग एक मात्र उपाय है। इसलिए इस भौतिकता के युग में अध्यात्मिक ज्ञान की दिव्य धरना सब को करना चाहिए साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हम सब आत्माएं है परमात्मा की संतान है साथ में आए बेगुसराय से राजयोगी ब्रह्माकुमार ऋषि भाई जी ने कहा की हर आत्मा के प्रति शुभ भावना और शुभ कामना रखना है तभी ये सृष्टि में सुख शांति समृद्धि होगा तभी भारत विश्व गुरु कहलाए सभा में उपास्थि अररिया से पधारी ब्रह्मकुमारी नेहा बहन , तेगछिया से बी.के किरण बहन, अम्बिका बहन , सागरी बहन, बी.के दिनेश भाई जी,युवा मोर्चा बीजेपी के जिला प्रवक्ता राहुल झा, नवनीत कुमार, सुमन केशरी, तारानंद भाई, हरदेव मंडल, मथुरानंद ततमा तथा सैकड़ों में भाई -बहन उपस्थित थे।

### समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में हुई बैठक



**अररिया**। जिला पदाधिकारी अररिया, श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जिला गंगा सुरक्षा समिति नामक प्राधिकरण के नवीनीकरण हेतु पदेन सदस्यगण तथा नामित सदस्यगण के चयन पर चर्चा, वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति, जैव विविधता मार्ग का निर्माण, अररिया जिला के नदियों में डॉल्फिन की गणना एवं प्रोजेक्ट डॉल्फिन हेतु प्रस्तावन, नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत् नगर साफ सफाई, प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध की स्थिति, विभिन्न घाटों का सौंदर्यीकरण की स्थिति आदि की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अररिया, श्री संजय कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अररिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया, जिला कृषि पदाधिकारी अररिया, सभी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सहित संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

मांग पत्र | 2022-24 के छात्रों का ओरिजिनल रजिस्ट्रेशन कार्ड अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया

# अभाविप कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा मांग पत्र



**फारबिसगंज**। अभाविप के कार्यकताओं ने मंगलवार को फारबिसगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के मल्लिक को छात्र संघ अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यकारी सदस्य सूरज चौधरी के नेतृत्व में इंटरमीडिएट सत्र 2022-24 के छात्रों का रजिस्ट्रेशन कार्ड जल्द उपलब्ध करवाने के लिए मांग पत्र सौपा। मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष सूरज चौधरी ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि फारबिसगंज कॉलेज के इंटरमीडिएट सत्र 2022-24 के छात्रों का ओरिजिनल रजिस्ट्रेशन कार्ड अभी तक कॉलेज के द्वारा छात्रों को उपलब्ध नहीं कराया गया है,जिसके कारण कई छात्रों को उनके विषय को पता करने में समस्या हो रही है। क्योंकि पिछले दिनों कई छात्रों ने डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड के माध्यम से अपना सब्जेक्ट बदलवाया था, परंतु अभी तक ओरिजिनल रजिस्ट्रेशन कार्ड छात्रों को नही मिलने कर कारण छात्रों को अपने सब्जेक्ट की सही जानकारी नहीं पता चल पा रहा है। अभाविप इकाई ने कॉलेज प्रबंधन से मांग की कि जल्द से जल्द एक सप्ताह के अंदर कॉलेज के पोर्टल पर सभी छात्रों का रजिस्ट्रेशन कार्ड उपलब्ध करा दिया जाय, अन्यथा विलंब होने पर छात्रों का आक्रोश मजबूरन कॉलेज में आंदोलन करने को बाध्य होगी। मौके पर कॉलेज इकाई के उपाध्यक्ष मणिशंकर यादव, कॉलेज के मीडिया प्रभारी सुनील मिश्रा,संतोष झा मौजूद थे।

### दो बच्चे का पिता को नाबालिग छात्रा से हुआ प्यार

**फारबिसगंज**। गुरु और शिष्य के रिश्ते को कलंकित करते हुए दो बच्चे के पिता विवाहित गुरुजी अपने नाबालिग छात्रा को लेकर फरार हो गया।मामला नरपतगंज के रेवाही भवानीपुर मंडल टोला का है।मामले को लेकर शिष्या को लेकर फरार होने वाले गुरुजी मंदीप कुमार की पत्नी 23 वर्षीया आरती कुमारी ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरती कुमारी फारबिसगंज थाना क्षेत्र के हरिपुर वार्ड संख्या एक के रहने वाले रामनारायण मेहता की बेटी है और उनकी शादी छह साल पहले 2017 में नरपतगंज रेवाही भवानीपुर मंडल टोला वार्ड संख्या तीन के रहने वाले मुन्नीलाल मेहता की बेटी मंदीप कुमार से हुई थी।शादी के बाद दोनों से दो संतान भी है।दोनों की शादी अररिया कोर्ट में हुई थी। फारबिसगंज थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में आरती कुमारी ने बताया कि छह साल पहले मंदीप कुमार से उनकी शादी हुई थी।वह मायके में हरिपुर में थी तो उसकी सास ने मंगलवार को पति मंदीप कुमार के नाबालिग स्कूल की छात्रा को लेकर फरार हो जाने की जानकारी फोन से दी।

# वज्रपात, बाढ़ एवं डूबने से होने वाली मृत्यु के बचाव पर आधारित नुक्कड़ नाटक



**अररिया**। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार, पटना एवं जिला पदाधिकारी अररिया के दिशा निर्देश के आलोक में जिले में वज्रपात/बाढ़ एवं डूबने से होने वाली मृत्यु से बचाव पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा। इसी कड़ी में आज एलईडी युक्त प्रचार-प्रसार वाहन एवं नुक्कड़-नाटक दल को जिला पदाधिकारी, श्रीमती इनायत खान द्वारा हर हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया सहित आपदा प्रबंधन प्रशाखा के कर्मी उपस्थित थे। वज्रपात/बाढ़ एवं डूबने से होने वाली मृत्यु से बचाव पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन शाखा, अररिया द्वारा किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि वज्रपात/बाढ़ एवं डूबने से होने वाली मृत्यु से बचाव पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं एल०ई०डी० उक्त प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से जन जागरूकता हेतु (नुक्कड़-नाटक) दल को आज सभी प्रखंड क्षेत्र के लिए रवाना किया गया है। बताया गया कि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 30 दिनों के लिए एलईडी वाहन के माध्यम से जिले के सभी अंचलों में उक्त जन-जागरूकता कार्यक्रम का किया जायेगा।

## ख़ास ख़बर

### एस एस बी सीमा चौकी शैलेशपुर ने 50 किलोग्राम गाँजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार



**अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर,वीरपुर, सुपौल**। जिले में वीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी शैलेशपुर ने नाका के दौरान 50 किलोग्राम गाँजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार । जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि स्तम्भ संख्या 205 के रास्ते भारी मात्रा में नेपाल से गाँजा लाया जाने वाला है । सूचना की पुष्टि होने के उपरांत एक विशिष्ट नाका दल का गठन किया गया । उ. नि. सरस्वती कुमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी अजय सैनी तथा अन्य 04 का नाका दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुये एवं निर्धारित क्षेत्र मे तैनात होकर सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगे । कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि कुछ व्यक्ति सर पर बोरी लिए नेपाल प्रभाग से भारत की तरफ आ रहे हैं नाका दल के द्वारा उन्हें ललकारा गया फलस्वरूप सभी व्यक्ति सामान छोडकर नेपाल की तरफ भागने की कोशिश करने लगे, नाका दल द्वारा उनका पीछा किया गया तथा इस क्रम में एक व्यक्ति नाका दल द्वारा पकड़ा गया । इसके उपरांत हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ की गयी पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश कुमार, उम्र-23 वर्ष, पिता-पप्पू पासवान, ग्राम-भीमनगर वार्ड न. 14, पो+ थाना-भीमनगर, सुपौल, बिहार बताया साथ ही बताया कि उनके द्वारा लाया गया समान गाँजा है जो वह नेपाल से लेकर आ रहे है तथा उसके अन्य सहयोगी मिथिलेश कुमार, उमेश मण्डल, चन्दन यादव तथा अभिनंदन यादव नेपाल भाग गए । इसके उपरांत इलाके कि छानबीन कि गयी इस क्रम में नाका दल को अलग अलग बोरियों में गाँजा जैसा दिखने वाला मादक पदार्थ प्राप्त हुआ जिसकी पुष्टि श्वान क्यूटी के द्वारा गाँजा के रूप में की गयी । प्राप्त गाँजा का वजन इलैक्ट्रिक तराजू से करने पर कुल वजन 50 किलोग्राम हुआ । तत्पश्चात नाका दल द्वारा हिरासत में लिए गए व्यक्ति तथा बरामद 50 किलोग्राम गाँजा को अपने कब्जे मे कर जब्ती कि कार्यवाही कि गई । जब्त किए गए गाँजा व तस्कर को ओ. पी. भीमनगर (बिहार पुलिस), सुपौल बिहार के सुपुर्द किया गया ।

### जमीन में राजस्व की क्षति एवं चौहद्दी छिपाकर निबंधन कराने को लेकर दिया आवेदन



**डॉ0 बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले में निर्मली नगर के दिघिया पंचायत के मौजा दुधैला में जमीन में राजस्व की क्षति एवं चौहद्दी छिपाकर निबंधन कराने को लेकर दिघीया पंचायत के दुधैला वार्ड 8 निवासी लक्ष्मण मंडल ने अवर निबंधन पदाधिकारी को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि गांव के ही विष्णुदेव यादव ने अपने दो पुत्र रामसेवक कुमार एवं नीरज कुमार के नाम से लेख्यकारी शशि रंजन कुमार सिंह से निबंधन करा लिया। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन में वर्तमान में पक्की सड़क है तथा जमीन के अंदर बांस एवं अनेक प्रकार के पेड़ पौधे हैं। जिसे छुपाकर जमीन का निबंधन कराया गया है। बताया की उक्त भूमि पर लेखाकार का दखल कब्जा भी नहीं है। अपने फरिकैन का हिस्सा की जमीन को अपने फरीकन को जानकारी नहीं देकर बिक्री कर लिया। जो गलत है। उक्त बात की जानकारी उन लोगों को मिला तो सोचा कि एक लिखित आवेदन निबंधन कार्यालय को दें जिसमें लेखधारी द्वारा छुपाए गए राजस्व एवं अवैध दखल का जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के आलोक में निबंधन पदाधिकारी उक्त स्थल पर पहुंचकर वस्तु स्थिति से अवगत भी हुए।

### हत्या के आरोप में 7 लोगो पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)**। संझौली थाना क्षेत्र के गरुडा गांव के बीते रात 17 वर्षीय युवक की गला दबाकर हत्या करने के आरोप में पिता ने 7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गरुडा गांव निवासी जयप्रकाश उम्र करीब 17 वर्ष (इण्टर का छात्र) को उसके दोस्तों द्वारा घर से बुला कर गला दबा हत्या कर दिया है। जिस सम्बन्ध में प्राप्त आवेदन में पिता धनजी सिंह ने आरोप लगाया है। जिसमे गांव के 7 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुयी है।

# फॉर्म भरने में ज्यादा पैसा लेने पर छात्रों ने एनएच जाम कर किया हंगामा







**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**। जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत भीमपुर थाना चौक स्थित मध्य विद्यालय के दसवीं में रजिस्ट्रेसन व फॉर्म भरने के एवज में अनाप शनाप पैसे उगाही को लेकर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एनएच 57 को जाम कर प्रधानध्यापक के खिलाफ जमकर हंगामा किया। इस बीच करीब आधा घंटा तक छात्र-छात्राओं ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। जिस कारण एनएच जाम रहने के कारण कुछ देर तक वाहनों का आवागमन बाधित रहा। हालांकि उसके बाद प्रशासन को सूचना मिलने पर आक्रोशित बच्चों को काफी समझाने के प्रयास किया, लेकिन गुस्साए बच्चों ने विद्यालय के प्रधानध्यापक विपीन कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते रहे। बच्चों का मांग था कि सरकारी प्रावधान के अनुसार फॉर्म में पैसा लिया जाय। इधर, कक्षा दसवीं के छात्रा संजू कुमारी, सपना कुमारी, लाडली कुमारी, शबनम कुमारी, चांदनी कुमारी, अंजू कुमारी, सुनीता कुमारी व छात्र सोनू कुमार, नीतीश कुमार, मिथलेश कुमार, उदयचंद कुमार व प्रभाष कुमार ने प्रधानध्यापक पर आरोप लगाते हुए कहा कि दसवीं के रजिस्ट्रेसन व फ़ॉर्म भरने के नाम पर हमलोगों से अवैध उगाही की जा रही है। जिसमें हर फॉर्म पर 1300 सौ से 1400 रुपया मांगा जा रहा है। जबकि प्रावधान के अनुसार जेनरल छात्रों से 1010 व अन्य कैटेगरी के बच्चों से 895 रुपया ही लिया जाना है। लेकिन इसको दरकिनार करते हुए प्रत्येक छात्र छात्राओं से एक्स्ट्रा पैसे की उगाही किया जा रहा है। यही नहीं इसके बदले छात्रों को रसीद भी नहीं दिया जा रहा है। लेकिन रसीद मांगने पर प्रधानाध्यापक के द्वारा बोला जाता है कि बाद में रसीद दिया जाएगा। बच्चों ने बताया कि इससे पूर्व भी किसी को रसीद नहीं दिया गया। बहरहाल, स्थानीय थाना व प्रधानाध्यापक के पहल पर आक्रोशित छात्रों ने जाम को करीब आधे घंटे के बाद हटाया। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपीन कुमार ने बताया कि आरोप निराधार है, अभी तक एक भी फॉर्म नहीं भराया गया है। उन्होंने बताया कि फॉर्म में जेनरल के लिए 1100 और अन्य कैटेगरी के बच्चों को 895 रुपया लिया जाएगा।

**विद्यालय के विधि व्यवस्था पर भी छात्रों ने उठाया सवालः** इस बीच सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची छातापुर बीईओ प्रभा कुमारी ने बच्चों को समझा कर मामला को शांत किया और उसके बाद बारीकी से मामले के संबंध में बच्चों से जानकारी लिया। जहां बच्चों ने बीईओ को फॉर्म में अनाप शनाप पैसे लेने की बात बताई। जिसपर उन्होंने बच्चों को आश्वसन दिया कि नियम के अनुसार ही पैसा लिया जाएगा। उसके अलावे एक भी एक्स्ट्रा पैसा नहीं देना है। वहीं इस दौरान बच्चों ने बीईओ के सामने विद्यालय के विधि व्यवस्था को लेकर प्रधानध्यापक के खिलाफ जमकर बोला, बच्चों ने बताया कि विद्यालय बच्चों की पठन पाठन न के बराबर हो रही है। जहां विद्यालय में हाजरी बनाने के बाद छुट्टी दे दिया जाता है। यही नहीं विद्यालय में बच्चों को नीचे जमीन पर बैठाया जाता है। जिसपर आपत्ति करने पर प्राचार्य की ओर से विभाग का हवाला देकर लिपापोथी कर देते हैं। इस सन्दर्भ में बीईओ ने बताया कि मामले को लेकर बच्चों से जानकारी लेने के बाद प्रधानाध्यापक से बात की गई है और उसे हिदायत भी दी गई है। उन्होंने बताया कि नियम के मुताबिक ही बच्चों से फॉर्म का पैसा लिया जाएगा। इसके अलावे प्रधानाध्यापक को यह भी हिदायत दी गई है कि फॉर्म में बच्चों को कितना पैसा देना है, उसके संबंध में पूर्व में ही सूचनापट पर निर्देशित किया जाय।

# ग्रामीण द्वारा श्रमदान से ध्वस्त डायवर्सन के पास चचरी कार्य प्रारंभ



**डॉक्टर विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले में निर्मली नगर के जरौली ढाला के पास निर्माणधीन पुल के पास कई महीनो से ध्वस्त डायवर्सन के पास मंगलवार को ग्रामीणों ने अपने श्रमदान से चचरी पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। चचरी पुल का निर्माण के लिए सामग्री का जुटान ग्रामीण स्तर पर चंदा से किया गया है। बीते तीन दिनों से इसकी तैयारी चल रही थी। ग्रामीण पूर्व सरपंच विजय कामत, रामानंद कामत, युक्ति कामत, अमलेश कुमार, अनिल कुमार, बासुदेव कामत, रामदयाल कामत, संतोष कामत, सीताराम पंडित, सुरेंद्र कामत आदि ने बताया के बीते दो माह से खड़ग नदी के जलस्तर बढ़ते ही डायवर्सन ध्वस्त पड़ा हुआ है। लगातार दूसरे बार डायवर्सन ध्वस्त होने से पुनः डायवर्सन का निर्माण नहीं होने के कारण तकरीबन दो दर्जन से अधिक गांव का प्रखंड मुख्यालय से सीधा सड़क संपर्क भंग हो गया। जिस कारण लोगों को मुख्यालय आने के लिए मधुबनी जिला के भुतहा होकर तकरीबन 10 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर आवाजाही करना पड़ रहा है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया कि लगातार शिकायत करने के बावजूद निर्माण अधीन पुल के पास डायवर्सन का मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण ग्रामीणों द्वारा चंदा आदि करके तत्काल आवागमन बहाल करने के लिए उक्त स्थल पर चचड़ी निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया।

**दो दर्जन के अधिक गांव का बीते 2 माह से आवाजाही बाधित** : बता दे कि बीते दो माह पूर्व खड़ग एवं तिलयुगा नदी का जलस्तर बढ़ते ही जरौली ढाला के पास निर्माणाधीन पुल के पास डायवर्सन ध्वस्त हो गया था। ध्वस्त होने के तकरीबन एक महीने बाद ह्यूम पाइप लगाकर डायवर्सन का मरम्मत किया गया था। हालांकि मरम्मत कार्य में ह्यूम पाइप के दोनों तरफ सिर्फ मिट्टी भर के खाना पूर्ति की गई थी। जो की कुछ दिनों बाद नदी का जलस्तर दोबारा बढ़ने पर डायवर्सन एक बार फिर ध्वस्त हो गया। अभी ध्वस्त हुए डैवरसन का तकरीबन दो महीना होने को है लेकिन अभी तक इसके मरम्मत नहीं होने से दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित है लोगों ने अंत में थक हारकर मंगलवार को चचरी निर्माण कार्य शुरू किया।

### बिजली के शार्ट सर्किट से एक व्यक्ति के घर मे लगी आग , आग की आगोस से जला तीन घर



**संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**। जिले में राघोपुर प्रखण्ड क्षेत्र के फिंगलास पंचायत अंतर्गत नरहा गांव वार्ड नम्बर 5 में मंगलवार को बिजली की शार्ट सर्किट से एक व्यक्ति के घर में आग लग गया। आग इतना विकराल रूप ले लिया कि देखते ही देखते तीन घर को अपने आगोश में ले लिया। जिस घटना में आग ने तीन घर सहित घर में रखा सारा सामान जलाकर राख कर दिया। हालांकि इस घटना में पीड़ित के द्वारा एक गाय और एक बछड़ा को भी जलकर मरने की बात बताया जा रहा है। जानकारी देते पीड़ित भोला मिया ने बताया कि उसका एक घर सहित घर में रखा पांच क्विंटल गेहूं और ढाई क्विंटल चावल जलकर राख हो गया। वहीं मो जुवेर ने बताया कि उसका एक घर सहित उसके घर में रखा जेवरात और अनाज जलकर राख हो गया। बद्री मिया ने बताया कि उसका एक घर सहित घर में बंधा एक गाय एवं गाय का बछड़ा व घर में रखा सारा कागजात एवं अनाज जलकर राख हो गया।

### विकास संस्कार जागृत बालकृष्ण प्रतियोगिता



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा। भोजपुर** । आरा में संस्कार भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा नृत्य एवम संगीत प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह रामकुमार सिंह , डा. कांति सिंह अरुण कुमार अनिल सिंह , साधना श्रीवास्तव राजेश कुमार संजय नाथ पाल एवम डा. नथुनी पाण्डेय के कर कमलों से प्रारंभ हुआ। समाज में बौद्धिकता एवम शिष्टाचार,आचार वैयहार रहन सहन का विकास संस्कार भारती पूर्ण रूप से जागृत करता है।बाल कृष्ण प्रतियोगिता में छोटे छोटे बच्चों का मानसिक विकास हेतु भी ऐसे कार्यक्रम की प्रस्तुति होती रहती है। सहयोग =अशोक मानव, पुष्पेंद्र सिंह , आशीष,राजू, आरती, सरफराज इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में लाडली राय एवम मंजरी मणि त्रिपाठी एवम अंबुज कुमार थे ।मंच संचालन वंदनी श्रीवास्तव,अनिल सिंह युगल निर्तय के लिए दीपतारा श्रीवास्तव और राका श्रीवास्तव को पुरस्कृत किया गया सहयोग =अशोक मानव, पुष्पेंद्र सिंह , आशीष,राजू, आरती, सरफराज,मुकुंद नंदन,शेफाली श्रीवास्तव ,संकल्प ,बमबम,सुजीत श्रीवास्तव,राजू ,प्रकाश ओझा,प्रदीप रंजन , डब्लू कुमार,जितेंद्र प्रसाद,सुधीर शर्मा,साहेब लाल यादव,पंकज भट्ट ,सुमन कुमार,शमशाद प्रेम,संजय सिंह।

### अनुकम्पा पर बहाल कर्मियों को नहीं मिला वेतन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)**। अनुकंपा पर नियुक्त 34 कर्मियों को काफी लंबे समय से वेतन नहीं मिला है। आपको बतादे कि जून 2023 में एक साथ इनकी नियुक्ति विभिन्न महाविद्यालयों में की गई थी। इसमें कई कर्मी ऐसे भी हैं जिनकी नियुक्ति उनके माता या पिता की मृत्यु के 4 या 4 साल बाद में हुई है। जून 2023 से अगस्त 2023 तक सभी कर्मियों के साथ इनका भी वेतन विपत्र विश्विद्यालय में भेजा गया था। अभी 3-4 दिन पहले सभी कॉलेज के कर्मियों ने 3 माह का वेतन भुगतान हेतु असहयोग आंदोलन का कार्यक्रम किया था। जल्दीबाजी में विश्विद्यालय ने 2 माह का वेतन भुगतान किया। लेकिन जून में नवनियुक्त अनुकम्पा कर्मियों का भुगतान नहीं किया गया। अंजबित सिंह कॉलेज में एक कर्मी दीपक कुमार को भुगतान तो किया गया। लेकिन अगले ही दिन विश्विद्यालय से पत्र निर्गत करके उसे भुगतान की गई राशि महाविद्यालय कोष में वापस जमा करने का आदेश दे दिया गया। विश्विद्यालय में बात करने पर कहा जा रहा है कि इनलोगों का बजट 2023--2024 में शामिल नहीं है। इसलिए भुगतान नहीं किया जा सकता। विश्वविद्यालय ने जून 2023 में नियुक्ति किए हैं। तो एक अलग से अनुपूरक बजट राज्य सरकार में भेजकर इनके लिए राशि स्वीकृत नहीं करवाया गया। उक्त कर्मी को मार्च 2024 तक वेतन का इंतजार करना पड़ेगा। बिना वेतन के लंबी अवधि तक इनके परिवार का भरण पोषण करना होगा कठिन कार्य। ईश्वरीय मार के बाद दूसरी तरफ सरकारी मार यानी दोहरे मार से ये कर्मी गुजर रहे हैं। कर्मियों को प्रताड़ित करने के लिए एक और पत्र विश्विद्यालय से जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि जिन कर्मियों का वेतन सत्यापन राज्य सरकार के वेतन सत्यापन कोषांग से नहीं हुआ है उनको 25 प्रतिशत राशि काटकर भुगतान किया जाएगा।

परेशानी | इलाज के लिए अतिरिक्त पांच से दस किमी की दूरी तय करनी होगी

# पीएचसी स्थानांतरण को ले गोलबंद हुए लोग



**अभिषेक आनन्द/दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल**। जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भीमनगर स्थित बसंतपुर पीएचसी को वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानांतरित किये जाने के निर्णय से लोगों में आक्रोश है। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ भीमनगर पंचायत के लोग आंदोलन के मूड में हैं। मालूम हो कि भीमनगर पीएचसी से नेपाल सहित अगल-बगल के लगभग आधा दर्जन से अधिक पंचायत के लोग अपना इलाज आसानी से करा लेते थे, लेकिन अब सरकारी आदेश से जब भीमनगर पीएचसी का स्थानान्तरण वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के नए भवन में हो गया है, तो उन्हें इलाज के लिए अतिरिक्त पांच से दस किमी की दूरी तय करनी होगी। इससे आपातकाल में रोगियों को खासी परेशानी होगी। मंगलवार को भीमनगर में लोगों ने बैठक कर डीएम को आवेदन देकर इस निर्णय को बदलने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर सरकार भीमनगर पीएचसी को अनुमंडलीय अस्पताल वीरपुर में स्थानांतरित करने के निर्णय को वापस नहीं लेती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। लोगों का कहना है कि इस निर्णय के खिलाफ पहले धरना प्रदर्शन होगा और आगे अनिश्चितकाल के लिए भीमनगर बाजार को बंद रखने का भी निर्णय लिया जा सकता है। वही भीमनगर के मुखिया बबलू यादव, अमरेंद्र गोईत, विक्की सिंह, शिवकुमार अग्रवाल, सुबोध जायसवाल, माया शंकर देव आदि ने बताया कि सरकार का भीमनगर पीएचसी को अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानांतरित करने का निर्णय एक तुगलकी फरमान है, जिसे रद्द किए जाने की जरूरत है। अगर सरकार इस निर्णय को नहीं बदलती है तो भीमनगर के लोग गोलबंद होकर इस निर्णय के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन करने को विवश होंगे।

# तुर्ती गांव में भब्य भंडारे का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)**। मंगलवार को स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के श्री राम -जानकी आश्रम तुरती धाम में साप्ताहिक श्रीमदभागवत कथा के समापन पर भब्य भण्डारे का आयोजन किया गया। जिस आयनन में हजारों लोगों ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। तुरती धाम आश्रम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 7 दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के समापन के बाद संत बिनोद ब्यास के सानिध्य में भब्य भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें करीब हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीण नवल सिंह, रजिन्दर सिंह, सुरेंद्र सिंह ने आगंतुक अतिथियों का सत्कार किया। साधु-संतों को परंपरा के अनुसार अंगवस्त्र व नगद राशि आश्रम के द्वारा भेट किया गया।

# बीआइसीएल द्वारा चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान





**डॉक्टर विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले के निर्मली नगर में बीआईसीएल के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के मझारी चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मोटरसाइकिल सवार एवं टेंपो चालक को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया। साथ में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप भी उसके पीछे चिपकाया गया। जिससे रात्रि में किसी प्रकार का दिक्कत ना हो। हेलमेट और भारी स्पीड एवं हेलमेट पहनने, बारिश में गाड़ी न चलाने और ट्रैफिक के नियम पालन करने के लिए जागरूक किया गया। मौके पर मौजूद अरुण सिंह ने अपील की कोई भी चालक बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के, नशे की हालत में, मोबाइल से बात करते हुए, अत्यधिक तेज गति में तथा गलत दिशा से वाहन न चलाएं, जिससे कि सभी सुरक्षित अपने-अपने घरों पर पहुंचे। सभी को बगैर लाइसेंस के वाहन न चलाने हेतु बताया गया। इसके साथ ही सड़क पर वाहनों के बीच उचित दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर अरुण कुमार सिंह, पीके सिंह, जीवन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# डीपीओ ने निजी विद्यालय चला रहे नियमित शिक्षक को किया निलंबित



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सासाराम/रोहतास।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मुख्यालय स्थित बजरंग हिंदी मध्य विद्यालय महावीर स्थान सासाराम में पदस्थापित शिक्षक सुनील कुमार सिंह को डीपीओ सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीपीओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा विभाग बिहार पटना के द्वारा जारी किए गए कंट्रोल रूम से दिनांक 2 सितम्बर 2023 को शिकायत प्राप्त हुई की बजरंग हिंदी मध्य विद्यालय महावीर स्थान सासाराम में पदस्थापित शिक्षक सुनील कुमार सिंह समय से विद्यालय नहीं आते हैं। इसके साथ ही अपना निजी प्राइवेट स्कूल (scottish Central school) चलाते हैं जिसके वह डायरेक्टर भी हैं । मिली शिकायत के आलोक में दिनांक 3 सितम्बर 2023 को विद्यालय के शिक्षकों से संपर्क करने के साथ साथ 8 सितंबर 2023 को विद्यालय का विधिवत जांच किया गया जिसमें पाया गया कि विद्यालय सुबह 7:00 से 11:30 बजे तक संचालित होता है। तथा विद्यालय में कुल 09 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पद स्थापित है । विद्यालय में कुल नामांकित बच्चों की संख्या 110 है, जिसमे कुल 63 बच्चे ही विद्यालय में उपस्थित पाए गए। विद्यालय में छात्राओं के लिए पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा जब बात चीत किया गया तो उनके द्वारा शिक्षक सुनील कुमार सिंह के द्वारा 02 निजी विद्यालय का संचालन करने व विद्यालय से गायब रहने की बाते स्वीकार की गयी है। नियमित शिक्षक सुनील कुमार सिंह के द्वारा स्कॉटिश सेंट्रल स्कूल का संचालन किया जाता है जिस विद्यालय के दो ब्रांच है । विद्यालय का एक ब्रांच बजरंग मध्य विद्यालय के सामने सासाराम मेन रोड पर है तो दूसरा ब्रांच लालगंज में करीब 200 से 300 मीटर की दूरी पर संचालित होता है। बजरंग हिंदी मध्य विद्यालय महावीर स्थान के प्रधानाध्यापक के अनुसार बताया जाता है शिक्षक सुनील कुमार सिंह प्रत्येक दिन की तरह आज भी विद्यालय में उपस्थिती बनाने के बाद सामने वाले निजी प्राइवेट विद्यालय में गए हुए थे जो विद्यालय की एक महिला शिक्षिका के द्वारा सूचना पर विद्यालय में उपस्थित हुए। मिली जानकारी के अनुसार यह भी बातें सामने आयी है कि बजरंग हिंदी मध्य विद्यालय महावीर स्थान में पदस्थापित महिला शिक्षिका सारिका कुमारी का पुत्र स्कॉटीस सेंट्रल स्कूल में ही नामांकित जिसको लेकर उक्त महिला शिक्षिका के द्वारा किसी भी तरह का विभागीय या अन्य जांच की बात आने पर शिक्षक सुनील कुमार सिंह को बचाने का प्रयास किया जाता है। इतना ही नही प्रधानाध्यापक से शिक्षक सुनील कुमार सिंह के पदस्थापन के सम्वन्ध में जानकारी लेने पर बताया गया कि नामित शिक्षक का इस विद्यालय में जुलाई 2019 में पदस्थापन हुआ है,तब से लेकर आज तक शिक्षक सुनील कुमार सिंह को प्राइवेट स्कूल चलाते हुए देखा जा रहा हैं। विद्यालय में पदस्थापित अन्य शिक्षकों द्वारा भी पूछताछ की गई तो इस बात की पुष्टि हुई कि उक्त शिकायत सत्य है। प्रधानाध्यापक के द्वारा यह बातें भी बताया गया है कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस बात की लिखित शिकायत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना रोहतास सासाराम को की गई थी। परन्तु शिक्षक के प्रभाव में आकर मात्र कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करते हुए स्पष्टीकरण के बाद कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। डीपीओ प्रियंका कुमारी के द्वारा मिली शिकायत के संबंध में शिक्षक सुनील कुमार सिंह के प्राइवेट स्कूल स्कॉटिश सेंट्रल स्कूल महावीर स्थान में भी भौतिक सत्यापन किया गया। स्कोटीस सेंट्रल स्कूल के कक्षा 2 एवं 3 के छात्रों से जब बजरंग मध्य विद्यालय के पदस्थापित शिक्षक विवरणी से ली गई सुनील कुमार सिंह की फोटो दिखाकर पूछताछ की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि यही इस स्कूल के डायरेक्टर हैं और यहां आते जाते रहते हैं।

## खास ख़बर

### बबन कुमार सिंह बने राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के महासचिव

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** नगर के वार्ड 05 निवासी युवा राजद नेता सह समाज सेवी बबन सिंह यादव को राजद पंचायती राज्य का महासचिव मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन को ले मनोनयन पत्र जिला कार्यालय में प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकसूद आलम ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र विद्यार्थी के उपस्तिथि में एक कार्यक्रम के दौरान दिया जिसको ले कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी वरीय कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके मनोनयन से पार्टी की गतिविधि और तीव्र होगी। बधाई देने वालों में राजद नेता अजय सिंह,जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार,धीरज यादव,डेविड यादव,गोपी यादव,महावीर यादव,पंकज कुमार,रंजन कुमार,गुड्डू कुमार समेत अन्य हैं।

### जी ट्वेंटी सम्मेलन के सफल आयोजन को ले भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दिया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** दिल्ली में सम्पन्न हुए जी ट्वेंटी शिखर सम्मेलन की सफलता पर भाजपा नेताओं ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दिया है।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि उक्त सम्मेलन भारत में राजनीतिक दृष्टि से पुर्णत सफल रहा। सम्मेलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सर्वोदयके साथ-साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय को समझाने एवं बताने में भी सफल रहा। उक्त सम्मेलन का हमारे सनातनी संस्कृतियों,पौराणिक विचारों के उद्देश्य के साथ विश्व पटल पर रखने में सफल रहा, इस सफल आयोजन से भारत ने अपने विश्व कुटुम्बकम यानी संपूर्ण विश्व के सभी लोगों को अपना परिवार सदियों से मानते चला आ रहा है।अर्थात सबका साथ सबका विकास का परिणाम रहा की वन अर्थ,वन फैमिली,वन फ्यूचर पर विश्व के सभी महाशक्तियों को साधते हुए निर्विवाद सम्मेलन को चरम पर पहुंचने का कार्य किया। कार्यकर्ताओं ने महान कुशल नेतृत्वकर्ता, भारत देश का मान सम्मान विश्व पटल के शिखर पर ले जाने वाले देश के प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के कार्य कुशलता से सभी भारतवासियों का गौरव बढ़ा। साथ ही साथ कार्यकर्ताओं ने आशा जताई कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व से पूरा देश शिघ्र विश्व गुरु बनेगा और पूरे विश्व में भारत की जय जयकार होगी। बधाई देने वालों में प्रखण्ड अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय,नगर अध्यक्ष लाल बाबू साह, अमित कुशवाहा,प्रमोद कुशवाहा,सन्तोष आर्या, शिवजी प्रसाद,मदन केसरी, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हैं।

### विगत 15 दिनों से नगर का एक नवयुवक लापता,स्वजनों ने थाने में दिया आवेदन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड 11 हरिहरगंज निवासी प्रताप शर्मा का 21 वर्षीय पुत्र रवि कुमार विगत 03 सितंबर से अपने घर से लापता हो गया है। परिजनों ने बताया कि उनका पुत्र मांसिक रूप से विक्षुब्ध है। कुछ दिनों पूर्व सासाराम में देखे जाने की सूचना मिली थी लेकिन जब तक परिजन पहुंचे वह वहां से निकल गया। परिजन सभी सगे सम्बन्धियों के यहां खोज कर थक गए हैं। पिता ने बताया कि उन्होंने उसके गुमशुदगी की सूचना थाने में भी लिखित आवेदन दिया है। वार्ड की वार्ड पार्षद रानी खातुन व समाज सेवी अजेमरी खातुन समेत परिजनों ने सभी से इनके लापता पुत्र के देखे जाने पर 9113307304 पर सूचित करने की अपील किया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है इस सम्बंध में सभी थानों को वायरलेस से सूचित किया गया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

### सर्प दंश से महिला की हुई मौत

**दैनिक शुभ भास्कर संबाददाता, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में किसी विषैले सर्प द्वारा डंस लिए जाने के कारण एक महिला की मौत इलाज के दौरान सासाराम में हो गई। मृतका 55 वर्षीय रेशमी देवी उसी गांव के भोला यादव की पत्नी बताई गई है। घटना सोमवार के रात की बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार रेशमी अपने घर में सो रही थी। इस बीच लगभग 12 एक बजे विषैले सर्प ने उन्हें काट लिया। उनके चिखने पर वहां पहुंचे पुत्र ने सर्प को मार डाला, और पीड़िता को आनन फानन में लेकर इलाज के लिए निकल गए। लेकिन वह झाड़फूंक के चक्कर में फंस गए । झाड़फूंक के दौरान स्थित बिगड़ते देख वे पीड़िता को डिहरी अनुमंडल अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि डॉक्टरों का कहना था कि झाड़फूंक के बजाए सीधे अस्पताल लाना चाहिए था।

### पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण का हुआ आरंभ

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट प्रखण्ड में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण का आरंभ सोमवार कर दिया गया। प्राभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव कुमार ने सीएचसी में बनाए गए मूल केंद्र का उद्घाटन फीता काटने के बाद एक बच्चे को टीका लगा कर किया। स्वास्थ्य प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा के अनुसार इसके लिए क्षेत्र में कुल 112 केंद्र बनाए गए हैं, और चार सदस्यीय 112 टीमें लगाई गई है, ताकि लाभुकों को कोई असुविधा नहीं हो। यह अभियान 16 सितंबर तक अलग- अलग केंद्रों पर निर्धारित अवधि के अनुसार चलेगा। पहले दिन मंगरा, अमरथा, घरवासडीह, कांधबहुआरा सहित कुल 15 सत्रों ( केंद्रों) पर लकभुकों को टीका दिया गया। अब मंगलवार को अगले 11 सत्रों से जुड़े लाभुक टीका ले सकेंगे। प्रयास है कि एक भी बच्चा व गर्भवती महिला छूटे नहीं। मौके पर यूनिसेफ के प्रमित कुमार सिंह, बीसीएम पूनम मेहता, नागेश्वर तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी थे।

## भाजपा द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के इटिम्हां शक्ति केंद्र,व बलिया कोठी गावं में भाजपा द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतगर्त भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी स्व0 मथुरा प्रसाद के निवास पर कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर शारदा सुमन अर्पित कर उनके पुत्र प्रोफेसर जगदीश प्रसाद को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके आंगन से अमृत कलश में मिट्टी लिया गया एवं पांच प्रणा का शपथ लिया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि उक्त कार्यक्रम सनस्त देश में प्रधानमंत्री के आह्वाहन पर शकुशल संचालित हो रहा है। मौके पर नोखा विधानसभा प्रभारी विजय कुमार सिंह, मंडल प्रभारी अमित कुशवाहा लोकसभा विस्तारक प्रकाश पांडे, सुरेश पांडे, पंचायत अध्यक्ष चंदन कुमार,सत्येंद्र कुशवाहा, इंजीनियर रामदयाल सिंह, बबन पाल, अभय कुमार गोलू, धर्मेंद्र गुप्ता, लालू साह, अजय सौडिक, नागेंद्र तिवारी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमन लोग उपस्थित थे।

## परिवार नियोजन मेले का आयोजन हुआ



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** रेफरल सह पीएचसी प्रांगण में परिवार नियोजन पखवारा के अंतर्गत परिवार नियोजन मेला का आयोजन मंगलवार को हुआ। उक्त मेले का उदघाटन प्रखण्ड प्रमुख योगेश कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रमुख ने कहा कि उक्त मेला से सभी परिवार के लिए लाभदायक है सभी लोग इससे लाभान्वित हों। इस अवसर बड़ी संख्या में महिला पुरुष लोग उक्त मेले में उपस्थित होकर चिकित्सकों से परिवार नियोजन सम्बन्धी महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किया। उक्त मेले में उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.एनके आर्या ने बताया कि महिला एवं पुरुषों को मिलाकर 48 लोगों बंधयाकरण हेतु पंजीकरण किया गया एवं उचित परामर्श सभी को दिया गया तथा संतुलित परिवार रखने की सलाह दी गई। इस अवसर पर परिवार नियोजन सामग्री कॉन्डोम,ईसी पिल्स,छाया,माला एन आदि लाभुकों को निशुल्क वितरित किया गया।चिकित्सा पदाधिकारी ने छोटा परिवार सुखी परिवार के नारे के साथ सभी को परिवार नियोजन पर बल देने का परामर्श दिया।इस अवसर पर स्टॉल लगाकर परिवार नियोजन सामग्री का वितरण हुआ। मौके पर डा.परवेज,एचएम अनिल सिंह,एचएम रूपक कुमार,बीसीएम शकील अहमद,समेत पीएचसी में कार्यरत सभी एएनएम,जीएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## सतत विकास के लक्ष्य को लेकर आज जिला प्रशिक्षण हॉल में मुखिया और उप मुखिया को दिया गया प्रशिक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, शिवसागर/रोहतास।** स्थानीय प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया और उप मुखिया को आज जिला पंचायत के प्रशिक्षण हॉल में सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत गरीबी मुक्त और आजीवन उन्नत गांव स्वच्छ गांव सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव पर आज मुखिया और उप मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षकों की ओर से बताया गया कि गांव या पंचायत को गरीबी मुक्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित का कार्य करने की आवश्यकता है।पंचायत के लोग सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित रहे उसपर विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता है,गरीबी रेखा से नीचे के परिवार को जीवन में परिवर्तन लाना,सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना सुरक्षित करना,मनरेगा अंतर्गत रोजगार देकर गरीबी कम करने पर जोर देना होगा वही इस प्रशिक्षण के अवसर पर उल्हो पंचायत के मुखिया मनोज पासवान,रायपुर चोर पंचायत के मुखिया सुरेंद्र सिंह,डुमरी मुखिया रंजीत सिंह,करूप पंचायत के मुखिया अनीता देवी,शिवसागर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश सिंह सहित अन्य मुखिया और उप मुखिया शामिल थे।

**17 लक्ष्य पर केंद्रीय थे प्रशिक्षणः** भारत सरकार एवं राज्य सरकार संचालित सभी विकास योजनाओं का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य 2030 के 17 लक्ष्यों पर केंद्रित है इसमें प्रमुखता से गरीबी उन्मूलन, भुखमरी दूर करना,स्वच्छ पेयजल आपूर्ति,रोजगार सृजन, स्वास्थ्य कल्याणकारी,सबको शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध करवाना, सतत उपभोग और उत्पादन पैटर्न सुनिश्चित करना,लैंगिक समानता हाशिल करना,जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए तत्कालीन करवाई करना शामिल है।पंचायतों को स्थानीय स्तर पर योजना निर्माण करते समय यह ध्यान रखना जरूरी है कि उपरोक्त लक्ष्यों को हाशिल कर सके।

### मोबाइल चोरी करते चोरो को पुलिस ने रंगों हाथ धर दबोचा



**शिवसागर दैनिक शुभ भास्कर।** स्थानीय थाना क्षेत्र मे लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए अब शिवसागर पुलिस अपराधियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है।जिसका एक उदाहरण सोमवार की रात को देखने को मिला।बताते चले की चोरी की घटनाओं को देखते हुए स्थानीय थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने अपने अधिकारियों की अलग अलग टीम गठित कर अलग अलग इलाको मे तैनात कर दिया है।ये अधिकारी इन इलाको मे रात्रि समय मुस्तैद होकर हर आने जाने वाले और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है जिसका नतीजा दो तीन दिनो मे कोई चोरी की घटना नहीं हुई।वही सोमवार की रात टोल के पास से दो अपराधियों को स्थानीय पुलिस ने धर दबोचा। अपर थानाध्यक्ष संजय यादव और उनकी टीम की सार्थकता ने टोल प्लाजा के पास खड़े ट्रकों मे चोरी करते हुए दो अपराधियों को धर दबोच लिया। थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया की रात्रि गस्ती के दौरान खड़े ट्रक मे मोबाइल चोरी कर रहे दो चारो को उनके अधिकारियों ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया।उन्होंने कहा की दोनो की पहचान गुलशन नट पिता मंटू नट ग्राम मोरसराय और आसिफ खान पिता महरूम फारूक खान ग्राम शहरी थाना काराकाट रोहतास के तौर पर हुई है।अग्रिम कार्यवाही करते हुए दोनो को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

### धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री कृष्ण छठीहार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ(रोहतास)।** भगवान श्रीकृष्ण का षष्टी संस्कार धूमधाम से पंच मंदिर स्थित श्री ठाकुर जी मंदिर में मंगलवार को देर शाम मनाया गया। इस दौरान भगवान की आकर्षक झांकी भी निकाली गई। मौके पर भजन कीर्तन पर श्रद्धालु झूमते रहें। इस अवसर पर देर रात तक भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।पंच मंदिर के न्यासी संजय कुमार मिश्रा ने बताया की यहां भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव सौ साल से मनाया जाता है। यह परंपरा स्वर्गीय चंद्रशेखर मिश्र द्वारा आज से करीब एक सौ वर्ष पहले शुरू किया गया था। उन्होंने बताया की श्री ठाकुर जी पंच मंदिर में भगवान श्री कृष्णा का जन्मोत्सव सहित छठीहार धूमधाम से मनाया जाता है। सर्वप्रथम भगवान की आरती पूजन किया गया उसके बाद दावथ गांव के सभी ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। साथ आसपास के सैकड़ो महिला पुरुषों ने आकर भगवान का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर भोलानाथ मिश्र, न्यासी संजय कुमार मिश्रा, पंडित शशिकांत मिश्रा,पंडित चारों धाम मिश्रा, अजय कुमार मिश्रा, पीके मिश्रा, गुड्डु सिंह, काशीनाथ सिंह, सिंगल यादव, राम ध्यान प्रसाद, दसई यादव, अंकित पाल, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 10 लीटर शराब के साथ महिला जेल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** आरक्षी अधीक्षक रोहतास विनित कुमार ने बताया कि रोहतास पुलिस के द्वारा जिले में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों, शराब व्यवसायियों, शराब माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष सर्च अभियान चालाया जा रहा है। इसी क्रम में रोहतास पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आयरकोटा थाना अंतर्गत अवैध शराब का बिक्री किया जा रहा है। इस सूचना का सत्यापन एवं छापेमारी के दौरान-कदम देवी,पति- काशीनाथ भुईया, सा0-माझियावं, थाना-आयरकोटा, जिला-रोहतास को लगभग-10 ली0 देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### श्रीकृष्ण का छठिहार धूमधाम से मनाया गया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** नगर पंचायत के वार्ड 05 स्थित महेंद्र साव ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के छह दिनों बाद बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ छठिहार मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से महिलाओं ने श्रीकृष्ण की भक्ति व अराधना की। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया किया। जिसमें नगर समेत प्रखण्ड के श्रद्धालुओं ने छठिहार में बना प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के बारे में वार्ड पार्षद संतोष कुमार बताते हैं कि इस मंदिर पर सन 1957 ई० से श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी और छठिहार मनाने की परंपरा चली आ रही है। प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावे लगभग हजारों श्रद्धालु यहाँ प्रसाद ग्रहण करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाने के पश्चात लोगों में प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पं०कृष्ण कुमार मिश्रा, मनीष कुमार शास्त्री, रामजी प्रसाद, गोपाल जी प्रसाद, निखिल प्रसाद, भाजपा नेता अमित कुशवाहा, मदन केशरी, टिंकू प्रसाद, मोहित कुमार, रोहित कुमार व आयुष कुमार पाठा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

तैयारी | रोहतास जिले में दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है

## दशहरा मे हाथी पर हो रहा है मां दुर्गे का आगमन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले में दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। मां दुर्गा के पूजन पाठ के लिए कमिटियों की बैठक आयोजित हो रही है। इस संबंध में सरांव बाजार के श्री दुर्गा पूजा समिति के मुख्य पुजारी सुनील कुमार ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र की शुरुआत 15 अक्तूबर रविवार से हो रही है। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की यह प्रतिपदा तिथि है। पंचांग के अनुसार आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो जाती है और इसका समापन आश्विन शुक्ल दशमी तिथि को होता है। विजयदशमी 24 अक्तूबर दिन मंगलवार को मनाई जाएगी। वैसे तो मां दुर्गे की सवारी सिंह हैं, लेकिन जब वह पृथ्वी लोक पर आती हैं तो उनकी एक निश्चित सवारी होती है। माता का आगमन और गमन दोनों की भिन्न- भिन्न वाहनों से होता है। शास्त्रों के अनुसार दिन के अनुसार मां के वाहनों का चयन होता है। मुख्य पुजारी सरांव बाजार सुनील कुमार के अनुसार इस वर्ष 15 अक्तूबर दिन रविवार को मां का आगमन धरा पर हो रहा है। मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है।रविवार होने के कारण इस वर्ष मां दुर्गे हाथी पर सवार होकर आएगी। हाथी समृद्धि का प्रतीक है। इसलिए इस बार मां के आगमन को काफी शुभ माना जा रहा है। यह सुख समृद्धी का परिचायक है ही, लेकिन इससे देश भर में अतिवृष्टि (अत्यधिक बारिश) का भी संकेत माना जाता है। मां दुर्गा का गमन मुर्गे पर इस वर्ष हो रहा है।मां का आगमन तो सुखद है लेकिन गमन को शुभ नहीं माना जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार जब मां मंगलवार को पृथ्वी लोक को छोड़ अपने लोक को जाती हैं, तो उनकी सवारी मुर्गा होता है। मुर्गे की सवारी को देश के लिए दुख और कष्ट का परिचायक माना गया है। देश के आमजन को रोग और शोक झेलने पड़ सकते हैं। शुरू हो गई है दुर्गोत्सव की सारी तैयारी।दुर्गापूजा में अभी 32 दिन शेष बचे हैं। इसलिए इसको लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। पंडाल निर्माण के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। पंडाल का नक्शा तैयार कर लिया गया है। बांस-बल्ली गिर चुके हैं। कलाकार पहुंच चुके हैं। कहीं खूंटा पूजा चल रही है तो कहीं पंडाल आकार भी लेने लगे हैं। मूर्तिकारों को दो माह पूर्व ही ऑर्डर दे दिए गए हैं। जिन्होंने मूर्ति बनाने में जुट चुके हैं।

## बीउरा में लाखों की लागत से बना नाला हुआ ध्वस्त, ग्रामीणों ने किया जाँच की मांग



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, शिवसागर/रोहतास।** जिले के शिवसागर प्रखंड में सरकारी योजनाओं में किस हद तक भ्रष्टाचार है। यह किसी से छुपा हुआ नही है।योजनाओं की गुणवत्ता पर बराबर सवाल खड़े होते रहते हैं।यह ताजा मामला शिवसागर प्रखंड के कोनकी पंचायत से आया है।यहां लाखो रुपए से बने नाला मात्र साल भर में ही ध्वस्त हो गया है।वही उसकी गुणवत्ता की सच्चाई सबके सामने आने लगी है।वही लाखों रुपए के लागत से बनी नाला मात्र साल भर में ही ध्वस्त हो गया है। जो एक चर्चा का विषय बना हुआ है।

**निर्माण होने के महज़ 15 दिन बाद ध्वस्त हुआ था नाला का कुछ हिस्सा-** कोनकी पंचायत में यह नाला निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला पहला नही है,इससे पहले भी कई योजनाओं को खुलेआम सिस्टम को ठेंगा दिखा भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा दिया गया है।उसी भ्रष्टाचार का एक हिस्सा कोनकी पंचायत के बिउरा गांव नाला निर्माण भी है।जिसका कुछ हिस्सा निर्माण होने के महज़ 15 दिन बाद ही ध्वस्त हो गया था।और अब उस नाला का हिस्सा 70% ध्वस्त हो गया है।जो एक भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है।

**मुखिया ने लाखों के लागत से कराया था नाला का निर्माण-:** स्थानीय बीउरा गांव के पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि इस नाला निर्माण के कार्य में मुखिया ने थर्ड क्वालिटी के ईंट सहित घटिया सामग्री का जमकर इस्तेमाल किया था।ग्रामीणों ने मुखिया के कार्य का जमकर विरोध किया था परन्तु सोई सिस्टम और अधिकारियों के मिलीभगत से जैसे-तैसे कार्य को कराकर पैसा निकाल लिया गया था।खामियाजा यह है कि आज पूरा गांव नली के गन्दी पानी से परेशान हैं।



## ख़ास ख़बर

### पटेल चौक के पास कुत्ता को बचाने में बाइक से गिरकर पति-पत्नी व पुत्री घायल

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर,(कैमूर)**। भभुआ पटेल चौक के पास कुत्ता को बचाने में बाइक से गिरकर पति-पत्नी व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई जानकारी के मुताबिक बक्सर जिला के बक्सर निवासी हिमांशु कुमार पत्नी शिल्पी कुमारी एवं 2 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल है। घायलों ने बताया कि बक्सर से दर्शन करने भगवानपुर स्थित मां मुंडेश्वरी धाम जा रहे थे। तभी जाने के दौरान ही पटेल चौक के पास एक कुत्ता को बचाने में अनियंत्रित बाइक से गिरकर सभी लोग घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### थाना प्रशासन ने चोरी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)**। थाना प्रशासन द्वारा चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया कि कुदरा थाना कांड संख्या ८३/२०२३ चोरी कांड के अभियुक्त, चोर के पास से चोरी हुई कुछ सामग्री को बरामद करते हुए, गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी पंचू धोबी पिता प्रेम धोबी भभुआं वार्ड क्रमांक -२०, थाना- भभुआं, जिला- कैमूर का निवासी बताया जा रहा है। आरोपी को स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### थाना प्रशासन ने चलाया वाहन जांच अभियान 5000 रूपए का वसूला गया जुर्माना राशि



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)**। थाना प्रशासन द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान अनियमितता के आरोप में , जांच टीम थाना प्रशासन द्वारा वसूला गया ५००० रुपए का जुर्माना राशि। थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा बताया गया, के वाहन की चोरी व वाहन से घटना दुर्घटना के साथ ही अवैध सामग्रियों की परिचालन पर रोक लगाने हेतु, वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें की वाहन चालकों से वाहन अधिनियम के पालन न करने के जुर्म में ५००० रुपए का जुर्माना राशि वसूला गया।

### पुलिस ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर,(कैमूर)**। भभुआं थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से मारपीट छेड़खानी व उपद्रवी मामले में पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। मारपीट मामले में भभुआ थाना क्षेत्र के रतवार गांव निवासी राजाराम, अशोक राम, श्यामलाल राम चोरी मामले चांदोरूइया गांव निवासी धनु कुमार एवं छेड़खानी मामले में चांदोरूइया गांव निवासी भोला बिंद जबकि उपद्रवी मामले में भभुआ छावनी मोहल्ला वार्ड 8 निवासी अब्दुल सत्तार बताया जाता है। इस मामले में भभुआ थाना अध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि सभी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय हिरासत में भेजा जा रहा है।

### चैनपुर प्रखंड के नगर पंचायत हटा में बिजली बाधित से नगर वासीयो में हाहाकार मचा है



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर, कैमूर**। जिला के नगर पंचायत हटा का है जहां 11 तारीख के मध्य रात्रि में से बिजली गुल होने से हटा नगर वासीयो में हड़कंप मच गया है पूरा तबाही मच गया है ताकि यहां बिजली पंखा पानी तमाम ऐसी चीज है जो की बिजली से होने वाले हैं आपको बता दें कि इस संदर्भ में जेई चैनपुर से संपर्क करने की कोशिश चैनपुर संवाददाता सिंहासन सिंह यादव ने मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश किया लेकिन उनका फोन नेटवर्क कवरेज एरिया से बाहर बता रहा था जो की पता नहीं चल सका की बिजली इतने लंबे समय से क्यों बाधित है इधर जाता वसीयो ने बताया कि बिजली नहीं रहने से नहाना धोना खाना पानी पीने में हम लोगों को दूर-दूर से पानी लाकर खाना बनाए लेकिन वहा बहुत सारे ऐसे लोग जो कि बिना नहाए रह गए एक तरफ भीषण गर्मी से लोग परेशान रहे।

# लाठी चार्ज करने वाले प्रशासनिक कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला अधिवक्ता संघ भभुआं कैमूर के पुस्तकालय भवन में, अधिवक्ता संघ द्वारा बैठक कर सुप्रीम कोर्ट की महिला अधिवक्ता रेनू सिंगल की हत्या की निंदा के साथ ही, गाजियाबाद अनुमंडल सिविल कोर्ट उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता मोनू चौधरी के हथियारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग, उत्तर प्रदेश के हापुड़ सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग व बिहार राज्य एवं केंद्र सरकार के द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा कानून प्रस्ताव पास करने की मांग किया गया।दिनांक १२.०९.२०२३ को समय ३:०० बजे दिन में जिलाअधिवक्ता संघ भभुआं कैमूर के पुस्तकालय भवन में बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार के द्वारा तो संचालन पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडेय के द्वारा करते हुए उपस्थित गणमान्यो को सादर सम्मानित कर संबोधन के साथ बताया गया, कि सुप्रीम कोर्ट की महिला अधिवक्ता रेनू सिंघल की हत्या दिनांक १०.०९.२०२३ की रात्रि अपराधियों उनके निवास पर कर दिया था। ऐसी घटना की कड़ी निंदा है। पूर्व में मोनू चौधरी की हत्या दिनांक ३०.०८.२०२३ को गाजियाबाद अनुमंडल सिविल कोर्ट में चेंबर में घुसकर अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दिया था। इस घटना की भी निंदा किया जाता है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिला सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं के ऊपर दिनांक २९.०८.२०२३ को शांतिपूर्वक धरना देते समय, गाजियाबाद जिला पुलिस बल के द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज कर घायल कर दिया गया। जिसमें काफी अधिवक्ता घायल हुए, उस कुकृत्य में सम्मिलित पुलिस कर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी हो। तीनों घटना अधिवक्ताओं को झकझोर देने वाली घटना है। और प्रशासन पर सवालिया निशान है। उनके द्वारा बिहार प्रदेश विधिज्ञ परिषद अध्यक्ष रमाकांत शर्मा एवं विधिज्ञ परिषद भारत के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा से यह मांग किया गया, कि बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार अधिवक्ता हित में अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करें। अन्यथा एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया जाएगा। उक्त बैठक में पूर्व महासचिव ओम प्रकाश, अधिवक्ता छट्ठू राम, शशि भूषण मिश्रा, अमित द्विवेदी, प्रदीप पांडेय, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, जावेद खान, रामेश्वर चौबे, निसार अंसारी, गिरीश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

## अमीन आँचल यादव के विरुद्ध प्रपत्र क गठित करने का निर्देश





**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर कैमुर ब्यूरो**। परिमार्जन के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई परिमार्जन पोर्टल पर लंबित मामले को दो दिनों के अंदर निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व से संबंधित समीक्षा बैठक की गई और निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से बैठक में ऑनलाइन दाखिल खारिज, परिमार्जन के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई परिमार्जन पोर्टल पर लंबित मामले को दो दिनों के अंदर निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया | सभी अंचलाधिकारियों को समय सीमा के अंदर परिमार्जन आवेदन को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया सभी अंचल अधिकारियों को ऑनलाइन म्यूटेशन समय सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया गया। सभी अंचलाधिकारी को लगान वसूली की गति में तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। समय सीमा से अधिक मापी संबंधित मामलों को लंबित रखने के लिए अंचल चाँद में प्रतिनियुक्त अमीन आँचल यादव के विरुद्ध प्रपत्र क गठित करने का निर्देश दिया गया। Aadhaar seeding से संबंधित मामलों का excel sheet तैयार कर राजस्व कर्मचारी को लक्ष्य निर्धारित कर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता ,अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ , दोनों अनुमंडल के भूमि उप समाहर्ता ,सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसपी सर्जिकल हॉस्पिटल चंदौली में बंधक बनाकर मरीज का किया इलाज




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर, (कैमूर)**। भभुआं एसपी सर्जिकल हॉस्पिटल चंदौली में एक मरीज को बंधक बनाकर अस्पताल के इंचार्ज द्वारा इलाज किया गया। दिए गए आवेदन में बताया गया कि दुर्गावती थाना क्षेत्र के रूईयां गांव निवासी शिवधनी बिंद के पुत्र सियाराम बिंद बताया जाता है। मरीज सियाराम बिंद ने बताया कि मैं इलाज के लिए 5 सितंबर 2023 को दुर्गावती अस्पताल जा रहा था। तभी रास्ते में एसपी सर्जिकल हॉस्पिटल चंदौली के दो स्टाफ मोनू दुबे तथा अनिल पांडेय मेरे पास आए और बोले कि हमारे हॉस्पिटल एसपी सर्जिकल चंदौली चलिए आपका सस्ता सुविधा इलाज 25000 में करा देंगे। हमें तथा मेरे परिजनों को बहला फुसलाकर कर ले गए तथा ले जाने के बाद 25000 के जगह4000 फोन पे में पैसा जमा कराए। उसके बाद बोलने लगे की हाइड्रोसील नहीं हर्निया तथा अपेंडिक्स का ऑपरेशन होगा। तुम लोग अपने घर से लगभग 50 हजार रूपए मंगाओ। जहां पैसा देने से असमर्थ जातया तो हमारे ऊपर दबाव बनाने लगे तथा गाली गलौज एवं मारपीट किया और धमकी भी देने लगा। कहां की अस्पताल से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा लगतार 6 दिनों तक मुझे तथा मेरे परिजनों के साथ अस्पताल में बंधक बनाकर मारपीट एवं पड़ताडीत कर पैसा दोहन किया। उसके बाद वहां से छोड़ा है। जहां भभुआ एसपी कार्यालय आवेदन देने आया हूं ताकि इस मामले की जांच कर कारवाई किया जा सके।

# लोहिया स्वच्छता अभियान अंतर्गत बैठक की गई



**रामपुर कैमूर, शुभ भास्कर**। प्रखंड अंतर्गत बहुउद्देशीय भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक के अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान दो,अंतर्गत एक बैठक की गई। बैठक में विकास मित्र, पंचायत सचिव, आवास सहायक, किसान सलाहकार, पंचायत रोजगार सेवक, स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रामपुर के द्वारा बताया गया कि सूखा कचरा एवं गीला कचरा का सही निष्पादन कराने हेतु हम सभी संकल्पित हैं। सभी पंचायत में हर वार्ड में दो सफाई कर्मी नियुक्त किए गए हैं, हर घर में बाल्टी दिया गया है ,एक हरा एक ब्लू हरा बाल्टी में गीला कचरा एवं ब्लू बाल्टी में ठोस कचरा को रखना है, सफाई कर्मी आपके दरवाजे से जाकर कचरा का उठाव करेंगे, इसके बदले आपको हर महीने30 का कूपन कटवाना होगा इस राशि से पंचायत द्वारा लिए गए निर्णय पर स्वच्छता से संबंधित कार्य में इस राशि को व्यय किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत के स्वच्छता सुपरवाइजर नियमित अनु श्रवण करेंगे। स्वच्छता सबकी जिम्मेवारी है हम सब मिलकर अपने प्रखंड को स्वच्छ स्वस्थ एवं सुंदर बनाएं। प्रखंड समन्वयक रवि प्रकाश ने स्वच्छता पर चर्चा करते हुए बताया कि बड़े ही दुख की बात है की कुल 9 पंचायत में 9 स्वच्छता सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। परंतु मीटिंग में केवल बेलाव,पसायी, और सवार पंचायत के सुपरवाइजर उपस्थित रहे। पूर्व एस आर पी रामप्रवेश तिवारी द्वारा स्वच्छता क्या क्यों कैसे पर जानकारी दी गई।

### बंधक बना और मारपीट कर मरीज से ऐंठा पैसा मरीज आवेदन दे एसपी से लगाई गुहार



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर**। आजकल दलालों के द्वारा उत्तर प्रदेश के कई अस्पतालों में मरीज को भेजा जाता है जहां से मनमाने ढंग से जबरदस्ती पैसों की वसूली अस्पताल के डॉक्टर के द्वारा की जाती है। इसी क्रम में दुर्गावती थाना क्षेत्र के रुइया ग्राम के एक मरीज का मामला प्रकाश में आया है। इलाज के लिए घर से निकले मरीज को रास्ते में ही रोक दलालों ने बहला पुसला कर चंदौली के एस पी सर्जिकल हॉस्पिटल में ले जाने के बाद उसके साथ मारपीट कर जबरन पैसा वसूला। इस सम संबंध में रूईयां गांव निवासी शिवधनी बिंद के पुत्र सियाराम बिंद के द्वारा एक आवेदन कैमूर एस पी को दे न्याय की गुहार लगाई गई ।मरीज सियाराम बिंद ने बताया कि मैं इलाज के लिए 5 सितंबर 2023 को दुर्गावती के अस्पताल में जा रहा था। तभी रास्ते में एसपी सर्जिकल हॉस्पिटल चंदौली के दो स्टाफ मोनू दुबे तथा अनिल पांडेय मेरे पास आए और बोले कि हमारे हॉस्पिटल एसपी सर्जिकल चंदौली चलिए आपका सस्ता में इलाज करा दुगा मगर वह जाने के बाद 25000 की जगह हम लोग से 50 हजार रूपए मांगने लगे। हम सब पैसा देने से असमर्थ जातया तो हमारे ऊपर दबाव बनाने लगे तथा गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे । उन लोगो ने कहां की अस्पताल से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा लगतार 6 दिनों तक मुझे तथा मेरे परिजनों के साथ अस्पताल में बंधक बनाकर मारपीट एवं पड़ताडीत कर पैसा दोहन किया गया। जहां से घर आने बाद भभुआ एसपी कार्यालय आवेदन देने आया हूं ताकि इस मामले की जांच कर उचित कारवाई किया जा सके। वैसे एस पी सर्जिकल हॉस्पिटल का ही नहीं उत्तर प्रदेश में कई हॉस्पिटल ऐसे है जो दलाल रखे हुए है और बिहार के कई डॉक्टर भी संपर्क में है जो मरीजों को भेज कर भारी मात्रा में पैसे कमाते है और दलालों को भी कमवाते है।

### दुष्कर्म मामले में दोषी करार, 13 सितंबर को मिलेगी सजा

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में 4 वर्ष पूर्व हुए 17 वर्षीया नाबालिग से दुष्कर्म मामले सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने इस मामले में राजपुर थाना क्षेत्र के वरुणा डिहरी निवासी मुन्ना कहार उर्फ तेतर कहार को दोषी करार दिया है। राजपुर थाना में पॉक्सो अधिनियम के तहत उक्त मामला 4 साल पूर्व 8 मई 2019 को दर्ज हुई थी। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक हुसैन इजहार अंसारी ने बताया कि घटना तिथि को अभियुक्त अपने जीजा के घर गया हुआ था। जहां रात्रि में जीजा की 17 वर्षीया नाबालिग बहन को छत पर अकेले सोया हुआ पाकर उसको चाकू का भय दिखाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

### जॉब कैंप 15 सितंबर को लगेगा

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। जिले के डालमियानगर नियोजनालय में जॉब कैंप 15 सितंबर को अवर प्रादेशिक नियोजनालय डालमियानगर के संयुक्त श्रम भवन में 15 सितंबर को जॉब कैंप लगेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी रजिया इदरिशी ने बताया कि इस जॉब कैंप में शिवाशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड पटना के द्वारा एग्रीकल्चर के क्षेत्र में सेल्स ट्रेनी के पद पर योग्य आवेदकों का चयन किया जाएगा। *बिहार के लिए 45 पद निर्धारित किए गए हैं। आवेदक के पास बॉयोडाटा, पते का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र होनी चाहिए। आवेदक की उम्र 20 -34 वर्ष होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 12वीं या ऊपर होनी चाहिए।

### वार्ड सदस्य महासंघ ने अधिकार दो वरना इस्तीफा लेलो अपनी मांगों को लेकर धरना आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा, भोजपुर**। जिला समहरणालय समक्ष भोजपुर जिला के सभी प्रखण्डो के वार्ड सदस्यों द्वारा कमिशन खोरी एवं पंचायतों के योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा वार्ड सदस्यों के वितिय पावर एवं अधिकार को समाप्त किए जाने के विरोध में अपनी 16 सुत्री मागो को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया महाधारना की अध्यक्षता भोजपुर जिलाध्यक्ष शिवसागर सिंह ने तथा संचालन भोजपुर जिला प्रवक्ता सह जगदीशपुर प्रखण्ड अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। धरना की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने मुखिया पंचायत सचिव प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी एवं सरकार की कड़ी शब्दों में निन्दा की साथ ही माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार द्वारा जो अधिकार वितिय पावर वर्ष 2017 में दिया गया था उसे वर्ष 2022 में पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया गया ये वार्ड सदस्यों का घोर अपमान है अगर बिहार सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो हम सभी भोजपुर जिला के वार्ड सदस्य मजबूरन मुख्यमंत्री जी को इस्तीफा सौप देगे। वही भोजपुर जिला प्रवक्ता नरेंद्र प्रताप सिंह ने पंचायत की कई योजनाओं में घुसखोरी का पोल खोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, सौचालय, राशनकार्ड, में पैसा उगाही पर तुरंत रोक लगाई जाए ताकि गरीब जनता को उचित लाभ मिल सके साथही वार्ड सदस्यों को लम्बे अरसे से मानदेय भता पांच सौ रूपये जो दिया जाता है वो भी 2016 के वार्ड सदस्यों का ढाई साल का और निवर्तमान वार्ड सदस्यों का लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी भुगतान नही किया गया वार्ड सदस्यों के लिए बहुत शर्म की बात है। वही धरना प्रदर्शन में जिला प्रवक्ता द्वारा सभी चौदहो प्रखण्डो में 11 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक एकदिवसीय महाधारना देने का एलान किया गया तथा 3 अक्टूबर तक कोई भी पंचायत कार्यकारणी हो या ग्रामसभा या अन्य योजना में कोई साइन मोहर नहीं करे जिला से फरमान जारी किया गया जिसका सभी वार्ड सदस्यों ने एकसाथ समर्थन किए। वही चरपोखरी प्रखण्ड अध्यक्ष अनुराग पान्डेय सरकार तथा सरकारी तंत्रों द्वारा पंचायती राज सविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

प्रकोप | धान की फसल में कीड़ों का प्रकोप बढ़ने से किसानों की चिंता बढ़ी

# बैंक ऋण में दबे किसानों पर प्राकृतिक की दोहरी मार



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह| बिक्रमगंज (रोहतास)**। रोहतास जिले में पर्याप्त मात्रा में बारिश नही होने तथा पड़ रहे भीषण गर्मी के कारण पूरे रोहतास जिले के खेतों में लगे धान की फसलो में कीड़े का प्रकोप काफी मात्रा में बढ़ने लगा है, जिससे किसान काफी चिंतित है। बिक्रमगंज अनुमण्डल क्षेत्र समतल भूमि-भाग है। जहाँ पर बड़े पैमाने पर धान फसल की खेती होती है। बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में करीब 85 प्रतिशत लोग खेती पर आश्रित है। मजदूरों को ब्यापक मजदूरी करने का अवसर मिलता है। अगस्त माह में पर्याप्त मात्रा में धान फसल के बारिश नही होने से फसल क्षति करने वाले कीड़ों का प्रकोप बढ़ने से किसान काफी परेशान है। कीटनाशक दवाओं की बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुयी है। इस वर्ष अनुकूल वारिश नही होने के विपरीत परिस्थितियों में किसानों ने कड़ी मेहनत कर खेतों में धान फसल की रोपाई कर साहसिक भरा कार्य किया है। वारिश नही होने का पहले से ही संकट का सामना कर रहे किसानों पर अब दूसरी आफत आ खड़ी है। झुलसा एवं कोंपल सूखने के बढ़ते प्रकोप से किसानों के समक्ष पैदावार बढ़ाने की सोच विफल होता दिख रहा है। बेचारे अन्नदाता को प्राकृतिक को धोखा तो दे ही रही है, निर्दयी सरकार भी साथ देता दिखाई नहीं दे रहा है। कर्ज में डूबे किसानों का आर्थिक स्थिति बिगड़ता जा रहा है। किसान चन्द्रमा पांडेय, राजेश चौधरी, रमेश रजक, अजमेर अंसारी , संजय सिंह ने बताया कि धान का कटोरा कहे जाने वाला क्षेत्र में मौसम प्रतिकूल होने के कारण पैदावार पर पड़ेगा प्रभाव।ख्याति को बचाने को संकट।

# आत्म हत्या से आसानी से बचा जा सकता हैः डॉक्टर आर के सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। विश्व आत्महत्या रोक थाम दिवस डेहरी ऊंच विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को मनाया गया. कार्यकर्म की अध्यक्षता हेडमास्टर बलिराव कुमार और संचालन वरीय शिक्षक डॉक्टर भूपेश कुमार ने किया.इस मौके पर जिला मनोचिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आर के सिंह व डॉक्टर विप्लव कुमार ने आत्म हत्या से बचाव के बारे में छात्रों को जानकारी दिया. उन्होने बताया की करीब आठ लाख लोग प्रति वर्ष पुरी दुनिया में आत्म हत्या कर लेते है जिनमे से करीब एक लाख लोग भारत देश में ही कर लेते है. उन्होंने बताया की आत्म हत्या एक बीमारी है जिसे समाज में जागरुकता से रोका जा सकता है . आत्म हत्या सामाजिक , आर्थिक और मानसिक तनाव के कारण होता है . आत्म हत्या समाज के लिए एक कलंक है जिसके कारण पूरे परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ता है.इसको सहज रोका जा सकता है.इसके लिए अभिवावक से लेकर शिक्षक और आस पास के लोग इसे रोक सकते है . उन्होनें कहा की छात्रों का ये उम्र कई बदलाव की ओर होता है जिससे कई तनाव होते है . इससे बचने के लिए आप अपनी बात को जरूर दूसरे से शेयर जरूर करें. अभी हाल ही में ये देखा गया है की कोटा राजस्थान में कई छात्रों ने कोचिंग के दौरान तनाव में आत्म हत्या कर लिया है . अपने देश में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र और तमिलनाडु में होते हैं . आत्म हत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है बल्कि ये एक कायारायना हरकत है . किसी छात्र के आत्म हत्या के बाद उनके मां बाप, भाई बहन पुरी जीवन तक अफसोस की जिंदगी जीते हैं. उन्होंने कहा यदि कोई छात्र या व्यक्ति कहता है कि वह जीना नहीं चाहता है तो इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए. मौके पर शिक्षक संजय कुमार, सन्तोष कुमार, राकेश कुमार, सुधीर कुमार, विनय कुमार, कुमार राय, जय प्रकाश, सीमा कुमारी, दीप्ति सिन्हा, ममता कुमारी, कीर्ति कुमारी, कहकशा अंजुम, दीपमाला, प्रभा कुमारी, अवधेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### प्रकृति का तांडव देख ऐसा लगा कि आज जिंदगी का आखिरी दिन है

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर-अयोध्या।** सोमवार की रात इंद्रदेव लोगों के साहस की परीक्षा ले रहे थे। आधी रात से भोर साढ़े पांच बजे तक बादलों की गड़गड़ाहट से लोग सहमें रहे। प्रकृति का तेवर देखकर ऐसा लग रहा था कि अब लोगों को एक दूसरे से मुलाकात नहीं हो पायेगी। हालांकि सुबह साढ़े पांच बजे के बाद इंद्रदेव का तांडव धीमा हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि सोमवार की रात लगभग 1 बजे के आसपास तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश होने लगी। आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट इतनी तेज हो रही थी कि जैसे बॉर्डर पर जवान तोपों की सलामी दे रहे हों। गड़गड़ाहट की ध्वनि से लोग डर गए और आकाशीय बिजली तथा बादल की गड़गड़ाहट की आवाज सुनकर इतना सहम गए कि लोग घर से बाहर निकलना खुद को असुरक्षित समझने लगे। सुबह होते ही कुछ लोगों ने बताया कि हमारे जीवन में पहली बार ऐसा हुआ है कि बादलों की गड़गड़ाहट से लोग अपने घरों में सहमें बैठे रहे। हर एक मिनट में बादलों की टकराव के कारण आकाशीय बिजली की चमक तथा कई-कई आवाजें निकलती रहीं। जिससे लोग घबराकर अपने घरों में रात भर दुबके रहे। वहीं कुमारगंज थाना क्षेत्र के गोकुला गांव में, आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महुआ का पेड़ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सुबह देखने वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोग अपने-अपने तरीके से रात की स्थिति बयां कर रहे थे। जिस पेड़ पर आकाश से बिजली गिरी थी। वहीं से लगभग 50 मीटर की दूरी पर सोए हुए गांव के वीरसेन सिंह ने बताया कि भैया आज लाग की ज़िन्दगी कय आखिरी दिन आय। बहुत तेज आवाज मां हमरे सामने महुआ के पेड़ पर बिजली गिरी, पेड़ फाटि गंवा। वहीं पर मौजूद राजेश गुप्ता ने बताया कि जिंदगी में पहली बार ऐसी गड़गड़ाहट देखी है। चारों तरफ आसमान में उजाला ही उजाला दिखाई दे रहा था। ऐसा लग रहा था कि अब जिंदगी यहीं समाप्त हो जाएगी। घुरेहटा निवासी विकास सिंह ने बताया कि गड़गड़ाहट से इतना डर गए थे कि कान में उंगली डालकर बैठे रहे। यह भी बताया गया कि ग्राम घुरेहटा निवासी कन्हैयालाल के निजी ट्यूबवेल के समीप लगी झटका मशीन पर आधी रात को गिरी आकाशीय बिजली में क्षतिग्रस्त हो गई।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनसेवा केंद्र का फीता काटकर किया उद्घाटन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर- अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने मंगलवार को शेरपुर पारा में मंगलवार को विश्वकर्मा जन सेवा केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि मौजूदा परिवेश में ग्रामीण अंचलों में जन सेवा केदो के माध्यम से लोगों को सुविधा उपलब्ध कराना उन्हें जागरूक करना बहुत आवश्यक हो गया है। ऐसे में ग्रामीण अंचलों में जन सेवा केंद्र की स्थापना नई भारत की बदलती तस्वीर की परिकल्पना है। लोगों को डिजिटल माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले तथा वह विभिन्न नियमितों होने वाले आवेदनों की सुविधा भी सेवा केदो से प्राप्त कर सकें। ऐसे में इस प्रकार की सुविधा ग्रामीण स्तर पर लोगों से लिए काफी उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, मंडल महामंत्री राजकुमार रज्जू वर्मा, पवन चौरसिया, जनसेवा केंद्र के संचालक ज्ञान दास विश्वकर्मा, गुलाब विश्वकर्मा, अभिनीत तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का हुआ समापन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या।** कस्बा बीकापुर में पिछले कई दिनों से आयोजित किए जा रहे श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का सोमवार देर शाम समापन हो गया। बीकापुर कस्बा में पुलिस क्षेत्र अधिकारी कार्यालय के सामने, पशु चिकित्सालय के सामने सहित अन्य कई स्थानों पर प्रयागराज हाईवे के किनारे पंडाल सजाए गए थे और राधा कृष्ण की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया था। सोमवार शाम गाजे बाजे के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। और देर रात मूर्तियों को नंदीग्राम भारत कुंड के पवित्र सरोवर में विसर्जन कराया गया। इस मौके पर राजेश मोदनवाल, राजेंद्र मोदनवाल, ज्ञान प्रकाश मोदनवाल, विकास मोदनवाल, रितिक कशौधन, शिवम मोदनवाल, शालू कसौधन, शुभम, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अशोक मोदनवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिस टीम भी शोभा विसर्जन यात्रा के साथ मौजूद रही।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान हमारे भीतर राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव समाहित करता हैःलल्लू सिंह

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिल्कीपुर विधानसभा के नरियादा भादा बूथ नम्बर 182 पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घर घर सम्पर्क करके मिट्टी का संग्रह किया। सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें अभियान के बारें में जानकारी दी गयी। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान हमारे भीतर राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव समाहित करता है। भाजपा प्रत्येक परिवार से संवाद स्थापित करके उन्हें इस अभियान से जोड़ रही है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के विचारों को आत्मसात करते हुए हम उनके सपनों के भारत निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति के योगदान का संकल्प अभियान के दौरान ले रहे है।उन्होने कहा कि आज भारत की पहचान वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली देश के रुप में हो रही है। देश में युवाओं को नए अवसर मिले है। किसान समृद्ध हुए है। गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है। सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किये है। आज भारत दुनिया के कई देशों के लिए पथ प्रदर्शक बना हुआ है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# क्यों लगे हैं मंदिर में ताले पुजारी और समर्थको ने जताया विरोध

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय , जखनियां गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर विद्युत उपकेंद्र के अंदर बने दुर्गा माता के मंदिर का ताला लगाने को लेकर पुजारी और समर्थकों ने जमकर विरोध जताया और उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं सनातन धर्म का अपमान हो रहा है। इसको लेकर आज मंदिर में खड़े होकर लोगों ने हाथ उठाकर विरोध जताया और बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि सनातन धर्म के मंदिर पर ताला लगाकर और पुजारी को भगाकर घोर अपमान किया गया। पुजारी अनिल कुमार पांडे ने बताया कि पांच दशक से तीसरी पीढ़ी के द्वारा हमें पूजा पाठ करने का



जिम्मेदारी सौंप गई थी। दुर्गा माता के मंदिर की पूजा के साथ ही 5 बीघा के खाली भूमि पर भी खेती करने का कार्य किया जा रहा था। बिजली विभाग के अधिकारियों ने गाली गुप्ता देते हुए मंदिर में ताला लगा दिया और वहां से हमको भगा दिया। इसको लेकर पुजारी अनिल कुमार पांडे ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारियों ने सनातन धर्म का अपमान करते हुए दुर्गा माता के मंदिर में जंजीर से ताला लगा दिए हैं। जिससे पूजा पाठ नहीं होता है या सनातन धर्म का घोर अपमान है। ऐसे अधिकारियों के कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस सिलसिले में जेई कुलदीप नैयर से बात हुई तो उन्होंने कहा कि सीएम के आदेश आने के बाद जिले अधिकारियों ने बिजली विभाग की जितनी भूमि थी उसको खाली करने का निर्देश दिया गया था। जिसको लेकर 5 बीघा में खेती को रोका गया और मंदिर में पूजा करने और ताला लगाने से कोई मना नहीं की गई है। कर्मचारी आए दिन मंदिर में पूजा पाठ करते हैं और चाबी भी पावर हाउस पर रखी रहती है। जिनको पूजा पाठ करना है वह मंदिर में से जाकर पूजा पाठ कर करते है ।जो पुजारी अनिल कुमार पांडे ने बताया वह भूमि के स्वार्थ को लेकर ऐसा कहा जबकि उनकी आरोप पूरी तरह से निराधार है।

### 18 सितंबर तक जमा करें आवेदन पत्र

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या ने बताया कि जनपद अयोध्या के समस्त राजकीय संस्थानों में चतुर्थ चरण प्रवेश 2023 हेतु ऐसे समस्त गैर चयनित अभ्यर्थियों प्रवेश प्रक्रिया में पूर्व में पंजीकृत एवं नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता का आवेदन पत्र अयोध्या के सभी राजकीय संस्थानों में जमा किया जा रहा है। राजकीय संस्थानों में जनपद स्तरीय चयन के लिए अभ्यर्थी स्थायी गृह जनपद व अस्थायी पते से संबंधित जनपद की सीटों में प्रवेश के लिए पात्र होगे। राजकीय संस्थानों में प्रथमता (पूर्व पंजीकृत) गैर चयनित अभ्यर्थियों को सीट आवंटन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी तदोपरान्त उपलब्ध रिक्त सीटों के सापेक्ष नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता की मेरिट सूची से व्यवसाय आवंटन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। राजकीय संस्थानों के अभ्यर्थियों को वेबसाइट http://www.scvtup.in पर चौथे चरण के लिए रैंक पर क्लिक करने पर जो विकल्प पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी की रैंक एवं नवीन आवेदनकर्ता की रैंक प्राप्त होंगे ।

## नाबालिक बालिका का अपहरणकर्ता गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर, ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.09.2023 को उ0नि0 रामअजोर यादव मय हमराह मुखबिर की सूचना पर पखपुरा चट्टी पर समय करीब 07 बजे सुबह मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त राकेश पासवान पुत्र स्व0 हीरा पासवान निवासी ग्राम मेडवरा थाना नरही जनपद बलिया उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया एवं नाबालिग पीडिता की बरामदगी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को बाद विधिक कार्यवाही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## भगवान शिव के मंदिर में चोरों ने किया हाथ साफ

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर ।** क्षेत्र के बहलोलपुर अंतर्गत ताल के किनारे स्थित भगवान शिव जी का मंदिर है जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के रूप में अनेकों पीतल व फूल के घंटों के साथ आहूजा की साउंड सिस्टम,साउंड बॉक्स, लाउड स्पीकर की उत्तम व्यवस्था किया था। लेकिन शनिवार को देर रात हौसला बुलंद अज्ञात चोरों की बुरी नजर लग गई। बताते चले की चोरों ने दुस्साहसिक तरीके से ( चापा कल ) पानी की मशीन को फ्लेंच के साथ खोल ले गए और तो और हद तो तब हो गई जब मंदिर के अंदर रखे आहूजा ब्रांड की साउंड सिस्टम, मशीन, साउंड बॉक्स, माइकोफोन , दान पेटिका, इन्वर्टर, बैटरी के साथ मंदिर के शिखा पर लगा लाउड स्पीकर और स्ट्रीट लाइटों को भी ले जाना नहीं भूले। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना की पुनरावृत्ति चौथी बार हुई



है लेकिन इस बार बुरी तरह से और तो और दुस्साहसिक तरीके से चोरी हुवा है। चोरों ने मंदिर के अंदर कुछ भी नहीं छोड़ा।बहलोलपुर चौकी प्रभारी जयदीप ने कहा की ऐसी घटना का कोई तहरीर नहीं मिली है।फिलहाल इसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

### अविवि की कुलपति ने 28 वें दीक्षांत समारोह को लेकर संयोजकों के साथ की बैठक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पूर्वाह्न विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में संयोजको के साथ बैठक हुई। बैठक में कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह 29 नवम्बर को होना सुनिश्चित हुआ है। समारोह को भव्य बनाने के लिए 23 समितियां बनाई गई है। कुलपति ने सभी समिति के संयोजक, सह-संयोजकों एवं सदस्यों को दायित्वों से अवगत कराते हुए समारोह की तैयारियों में तेजी लाने का निर्देश प्रदान किया।बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने सुरक्षा समिति, स्वर्णपदक एवं उपाधि प्राप्तकर्ताओं की अद्यतन जानकारी लेते हुए अन्य समितियों के संयोजकों से जानकारी प्राप्त की।

### जमीनी मामले में कोतवाल पर लगा थप्पड़ मारने का आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के अलीपुर मदरा गांव निवासी अधेड़ जितेंद्र राम ने एसपी सहित सीएम पोर्टल पर शिकायती पत्र भेजकर कोतवाल पर आरोप लगाया कि 8 सितंबर को बिना किसी नोटिस या तहरीर के दबंगो के इशारे पर पुलिस से थाने बुलाई और मेरे आबादी की जमीनी से चकरोड निकलवाने के लिए आबादी के बीचोबीच रास्ता दे दो नही तो जेल भेज दूंगी। जितेंद्र ने कहा की रास्ता मैं साइड से दे रहा हूं।इतने में ही सरेआम सार्वजनिक स्थल पर कालर पकड़ कर तीन थप्पड़ रसीद कर धमकी दी की नही मानेंगे तो पूरा घर पर बुलडोजर चलवा दूंगी।

### वादकारी उत्थान समिति संघ की बैठक समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र राय के आवास पर आहूत की गई

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता मनोज कुमार, जमानिया।** क्षेत्र के लहुआर गांव में वादकारी उत्थान समिति संघ की बैठक समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र राय के आवास पर मंगलवार को आहूत की गई। जिसमें समिति के पदाधिकारियों के कार्य क्षेत्र व इसके मुख्य उद्देश्य को लेकर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र राय ने कहा कि समिति क्षेत्र के गरीब, असहाय व अशिक्षित लोगों को राजस्व मामलों में तहसील के कानूनी सलाह व मदद कर उन्हें न्याय दिलाने को लेकर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि समिति पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए धरना प्रदर्शन सहित अन्य बिंदुओं पर समिति के सदस्यों से वार्ता कर रणनीति तय करेगी। उन्होने कहा कि जरूरत अनुसार अधिवक्ता कि नियुक्ति सहित अन्य कार्य भी समिति द्वारा किया जाएगा।

### युवक ने किया आत्महत्या, बीना पुलिस को सूचना दिए किया अंतिम संस्कार

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियां।** सोमवार को क्षेत्र के गडही गांव के सामने एक युवक बूढ़ाडीह गांव निवासी प्रद्युम्न राम पुत्र वशिष्ठ राम ट्रेन के सामने खड़ा होकर आत्महत्या कर किया था। परिजनों ने इस घटना को छुपाकर बड़ेसर शमशान घाट पर पुलिस को बीना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है। की पारिवारिक कलह के चलते बूढ़ाडीह निवासी प्रद्युम्न राम पुत्र वशिष्ठ राम सोमवार की दोपहर गडही गांव के सामने पहुंचा कुछ देर में ट्रेन को आते देख सामने खड़ा होकर आत्महत्या कर लिया। बुरी तरह से शव क्षत विक्षत हो गया। इस घटना को छुपाने के लिए परिजनों ने कोतवाली पुलिस को बीना सूचना दिए ही शव की अंतिम संस्कार कर दिया। इस तरह की घटना को लेकर लोगों में चर्चा की विषय बना हुआ है।

### हल्का सिपाही ने सुविधा शुल्क लेकर चोरों को छोड़ा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ रामपुर भगन- अयोध्या।** तारुन थाना अंतर्गत पुलिस चौकी रामपुर भगन क्षेत्र के कनकपुर झगरौली तिराहे पर गत21-22 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने तीन दुकानो को निशाना बना कर दो बोरी चावल एक मोबाइल चुरा ले गये ।भागते समय चोरो के तीन साथी को पीडित राहुल कुमार, मिठाईलाल ,रमेश बर्मा ने आस पास के दुकानदारो के सहयोग से दबोच लिया पकड़े गए चोरों ने बताया कि हम सब मोटरसाइकिल से आए हैं और एक दीवार की आड़ में खडी किए हैं तब दुकानदारों ने जाकर देखा कि चोर जिस गाडी से आये है वह एच एफ डीलक्स यूपी42 बी जे 96 37 है इसकी सूचना आसपास के लोगों ने डायल 112पुलिस व इलाकायी पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरो को तारुन थाने ले आयी और चोरो से सुविधा शुल्क लेकर छोड दिया।घटना के तीसरे दिन चोरो की बाइक को पीडितो की दूकान से चौकी पुलिस प्रभाकर यादव आदि वर्दी के बल पर लाकर सुविधा शुल्क लेकर चोरों को दे दिया।

### भाकियू ने किसान मजदूर महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचने की बनाई रणनीति

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन विकासखंड इकाई मसौधा द्वारा ग्राम कैल केशवपुर में आयोजित किसान पंचायत में 18 सितंबर 2023 को ईको गार्डन लखनऊ में होने वाली किसान मजदूर महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचने की रणनीति बनाई गई। उक्त पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान भगवान अपनी हैसियत को पहचानते हुए एक होकर सरकार पर दबाव बनाने का कार्य करें और अपनी समस्याओं का समाधान करावे जिसके लिए 18 सितंबर को लखनऊ किसान महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचने का कार्य करें । राम जगत यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष को तहसील उपाध्यक्ष तथा आल्हा यादव को नगर अध्यक्ष नंदीग्राम मनोनीत किया गया। पंचायत में तय किया गया की सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी व किसान 17 सितंबर को सायं काल चार बजे तक फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंच जाएं जहां से ट्रेन की माध्यम से लखनऊ पहुंचा जाएगा। पंचायत को मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा, जिलाअध्यक्ष राम गणेश मौर्य , भागीरथी वर्मा,देवी प्रसाद वर्मा, जितेंद्र कुमार, राम जगत यादव ,कट्टू,उमिलानिषाद, देवराज वर्मा आदि ने संबोधित किया।

### ससुराल गए युवक की विद्युत करंट से हुई मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के पिलाई गांव निवासी 38 वर्षीय रामनाथ पुत्र राम अभिलाख थाना खंडासा क्षेत्र के मठिया गांव निवासी रामभरत पुत्र राजाराम के यहां अपनी ससुराल गया था। रामनाथ शौच के लिए गांव के बाहर खेत की ओर चला गया। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह वापस नहीं लौटा तो ससुराली जनों ने खोजबीन करना शुरू किया। गांव के बाहर खेत में लगे झटका मशीन के तार में रामनाथ लपटे हुए पड़े थे। ऐसा देख पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रामनाथ के ससुराल के लोगों ने घटना की जानकारी मृतक के पिता राम अभिलाख व अन्य परिजनों को दी।

कार्यक्रम | इस वर्ष 2023 की रामलीला 19 दिनों की होनी है

# धनुष-मुकुट पूजन के साथ 10 अक्टूबर से शुभारंभ होगा ऐतिहासिक प्राचीन रामलील

**दैनिक शुभ भास्कर, ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** आपको बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि अति प्राचीन रामलीला कमेटी, हरिशंकरी, गाजीपुर पिछले सैकड़ों वर्षो से श्रीरामचरित मानस ग्रंथ के आधार पर रामलीला का मंचन करती चली आ रही है। इस वर्ष की रामलीला का मंचन वन्दे वाणी विनायकों मंडल द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। इस वर्ष 2023 की रामलीला 19 दिनों की होनी है। रामलीला का मंचन 10 अक्टूबर 2023 को धनुष-मुकुट पूजन से प्रारंभ होकर तय कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न स्थलों पर मंचित होते हुए 24 अक्टूबर 2023 को रामलीला मैदान (लंका), गाजीपुर पर विजयादशमी पर्व व 28 अक्टूबर 2023 दिन शनिवार को श्रीराम राज्याभिषेक, हरिशंकरी स्थित श्रीराम चबूतरे पर



संपन्न होगा। श्रीराम राज्याभिषेक के आयोजन के साथ ही वर्ष 2023 की रामलीला का समापन हो जाएगा। विजयादशमी का पर्व 24 अक्टूबर 2023 को रामलीला मैदान, लंका में सायं 07:30 बजे से श्री राम-रावण युद्ध का मंचन व रात्रि 8:00 बजे रावण दहन का कार्यक्रम होना तय है। रावण के पुतले का दहन मुख्य अतिथि द्वारा बटन दबाकर किया जायेगा। रामलीला की तैयारी अभी से जोरो-शोरों से प्रारंभ कर दी गयी है जिसमे रावण बनाने का कार्य और विभिन्न स्थलों की साफ-सफाई का कार्य प्रगति पर है। सैकड़ों वर्षो के परंपराओं के अनुसार इस वर्ष भी करीब 60 फीट ऊचाँ रावण का पुतला बनाया जाना है। इस वर्ष की रामलीला के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आप यू-ट्यूब पर लिंक के माध्यम से देख सकते हैं। विजयादशमी के दिन मैदान में व मैदान के बाहर एल0ई0डी0 स्क्रीन की भी व्यवस्था कमेटी के द्वारा की गयी है ताकि मैदान में भीड़ होने के कारण आम जन व माताओं व बहनों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस बार 28 अक्टूबर 2023 को श्री राम राज्याभिषेक के अवसर पर लाईट एवं साउंड के माध्यम से आकर्षक झाकियों का प्रदर्शन वाराणसी के कलाकारों द्वारा किया जाना है जिसका मुख्य आकर्षण समुद्र मंथन का सजीव चित्रण एवं काशी की उत्पत्ति की गाथा का चित्रण है। वार्ता में कमेटी के विनय कुमार सिंह, गोपाल जी पाण्डेय, ओम प्रकाश तिवारी, लक्ष्मी नरायण, लव कुमार त्रिवेदी, विरेश राम वर्मा, मयंक तिवारी, राजेश प्रसाद, अजय पाठक, अजय अग्रवाल, राजेन्द्र विक्रम सिंह, सुधीर अग्रवाल, विशंभर गुप्ता इत्यादि लोग उपस्थित रहें। प्रभु श्रीराम एवं माता जानकी सबका कल्याण करे।

### नगर पालिका परिषद की सड़क बदहाल

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियां।** नगर पालिका परिषद मोड़ से ब्लाक गेट तक तथा देवी दिनदयाल मार्ग सत्यम इंटर नेशनल स्कूल गेट के सामने तक ऊबड़ खाबड़ होने के कारण जलजमाव से छात्र छात्राओं को आवागमन में व्यवधान होने लगा है। इसके साथ ही दुकानदार, ग्राहक एवं राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। बताया जाता है। की हल्की बारिश में मार्ग पर बने गड्ढे में पानी भर जाने से राहगीरों सहित छात्र छात्राओं को होकर गुजरने बदहाल व जर्जर सड़क पर जल जमाव हो जाता है। जिसके चलते ग्राहकों को समान खरीदने एवं राहगीरों को सड़क पार करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाला जाम रहने से सड़क पर जगह जगह जल-जमाव से राहगीरों व आस पास लोगों के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। नगर कस्बा बाजार होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क मार्ग मरम्मत कराने के तरफ कोई अधिकारी व प्रतिनिधि ध्यान नही दे रहे। जिसके कारण सड़क पर जल जमाव से टूटने के कगार पर पहुंच गई है।

## मेरी माटी मेरा देश के अभियान के तहत ,गांव के हर घर जाकर कलश में मिट्टी इकट्ठा की गई

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय , जखनिया गाजीपुर ।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में मंदरा ग्राम सभा के 195, 196, 197, 198 बूथ संख्या पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत गांव के हर घर जाकर कलश में मिट्टी इकट्ठा किया गया और अमृत सरोवर के किनारे अमृत वाटिका लगाया गया। उक्त अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र के हर घर से मिट्टी और शहरी क्षेत्र के हर घर से एक चुटकी अक्षत कलशों में एकत्रित करके। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गांव और शहरों में प्रत्येक वार्ड में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जा रही है। गांव और वॉर्डों में पंच प्रण की प्रतिज्ञा भी ली जाएगी। यह मिट्टी और अक्षत गांव से मण्डल, फिर जिला और क्षेत्र से होती हुई प्रदेश पहुंचेगी। प्रदेश भर से एकत्रित मिट्टी और चावल को लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती से एक दिन पहले दिल्ली



कर्तव्य पथ पर पहुँचाया जाएगा, जहां अमृत वाटिका बनाया जाएगा। जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है। इसी के तहत जखनिया ग्राम सभा में मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव के नेतृत्व में बूथ संख्या 203, 204 पर भी कलश यात्रा में हर घर से मिट्टी इकट्ठा की गई। कार्यक्रम में लोगों ने गाजे बाजे के साथ शिरकत किया।भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे को धार देती नजर आ रही है। मेरी माटी- मेरा देश अभियान को भाजपा संगठन के नेता लगातार जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, मंदरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि झुंना सिंह, युवा मोर्चा के मनोज राजभर, अशोक गुप्ता, धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, ओमकार सिंह, कलाम, जब्बार, हाशमी, सत्तार, तौफीक, लक्ष्मीना, राधिका, सरोज, चंपा, जीवित कश्यप, सुखदेव कनौजिया सहित ग्राम सभा के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# ख़ास ख़बर

## सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने वालों पर होगी भू माफिया की कार्यवाही

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा,मंगलवार को जनपद में चल रहे विकास कार्यक्रमों की हकीकत जानने के लिए *डीएम नेहा शर्मा ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी सभी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता से पात्रों तक पहुंचाएं गांव-गांव में जाकर योजना का प्रचार प्रसार करें जिससे कि योजनाओं से वंचित लोग भी योजनाओं का लाभ ले सकें। पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसका दायित्व स्वयं विभाग के अधिकारी का है। उन्होंने विद्युत विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए की जनपद में बन रहे सरकारी भवनों की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। बैठक के दौरान डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद से जुड़ने वाले सभी हाईवे को पशु रहित बनाया जाए। हाईवे पर मौजूद रहने वाले छुट्टा जानवरों को पकड़ कर गौशाला भेजा जाए। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को बालपुर में अवैध अतिक्रमण और कचरे को हटाने के लिए प्रधान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी विभाग अपनी संपत्तियों का ब्यौरा रखें यदि किसी विभाग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा हो तो सम्बन्धित के खिलाफ तत्काल भू माफिया के कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी में सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्तर से दर्पण डैशबोर्ड के जरिये अब और अधिक प्रभावी ढंग से जनपद में चल रही योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। योजनाओं की प्रगति के हिसाब से नंबर दिए जाएंगे।

## सीएमओ कार्यालय के कार्यों की जांच हेतु समिति गठित

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा मण्डलायुक्त कार्यालय में लगातार स्वास्थ्य विभाग को लेकर पहुंच रही शिकायतों की निष्पक्ष जांच के लिये मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने मुख्य विकास अधिकारी, गोण्डा की अध्यक्षता में नगर मजिस्ट्रेट तथा वित्त एवं लेखाधिकारी जिला पंचायत गोण्डा की एक समिति गठित की है। यह समिति इस वर्ष एक अप्रैल से 31 अगस्त तक सीएमओ कार्यालय द्वारा टेंडर प्रक्रिया से कराए गए कार्यों की जांच करेगी। समिति द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय प्रक्रिया से कार्यों की जाँच करके 15 के अन्दर अपनी आख्या मंडलायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। मंडलायुक्त ने कहा कि समिति द्वारा जांच करने के बाद रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात जांच के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ ने एक बैठक की आयोजित

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ सिंचाई खंड की एक बैठक आहूत की गई बैठक में कुछ प्रमुख बिंदुओं पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व कर्मचारी के बीच चर्चा की गई साथी ही साथ यह भी निर्णय लिया गया कि हमारी प्रमुख मांगों को अगर अधिशासी अभियंता नकलूप खंड नहीं मानते हैं तो हम आगे की रणनीति तैयार करेंगे वहीं मीडिया से मुखातिब होते हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार उर्फ अज्जू ने बताया कि हम लोग की अहम माँगे है महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था करना महिलाओं के लिए वर्दी उपलब्ध करानी क्योंकि हम लोगों ने अधिशासी अभियंता को कई बार पत्र दिया है लेकिन उसे पर कोई संज्ञान अभी तक नहीं लिया गया है।

## कंटेनर से टकराई लोडिंग टेंपो सहायक की मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । लखनऊ हाइवे पर मंगलवार की भोर एक लोडिंग टैम्पो सड़क किनारे खड़े कंटेनर में जा टकराई। हादसे में लोडिंग टेम्पो के सहायक की मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रशासन के मेमो पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।

बताया गया एक लोडिंग टैम्पो मोबाईल टावर का उपकरण लेकर कानपुर से खलीलाबाद जा रहा था। वाहन को चालक रवि कुमार चला रहा था। हाइवे पर भोर में लगभग पांच बजे लोडिंग टैम्पो रुदौली कोतवाली क्षेत्र के भेलसर स्थित फायर स्टेशन के सामने सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर में पीछे से जा टकराई। जिसके चलते लोडिंग टैम्पो का सहायक 40 वर्षीय कन्हैयालाल पुत्र शीतला प्रसाद निवासी 12/1 ग्वालटोली थाना ग्वालटोली जनपद कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित कर चालक के साथ घायल सहायक को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि घायल को सुबह 7:55 बजे जिला चिकित्सालय लाया गया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डा. आशुतोष प्रताप सिंह ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया

## सामूहिक विवाह योजना के लिये शुरू हुये ऑनलाइन आवेदन

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्री की शादी के लिए प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए अब ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि पहले इस योजना के तहत पहले ऑफलाइन आवेदन लिये जाते थे परंतु सरकार द्वारा अब इसे पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। अब कोई भी गरीब व्यक्ति अपने पुत्री की शादी के लिए ऑनलाइन पोर्टल www.cmsvy.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकता है। वह पोर्टल पर लॉगिन कर सभी आवश्यक अभिलेखों को अपलोड करके आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकता है। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट समस्त संलग्नको के साथ कार्यालय में जमा करना होगा। इस योजना का पात्र होने के लिए परिवार की वार्षिक आय 2 लाख से कम होनी चाहिए।

# शिवम तिवारी हत्याकांड में एसएसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। इनायतनगर थाना अंतर्गत जमुआ तिवारी का पुरवा में दो महीने पहले हुए सनसनी खेज शिवम तिवारी पुत्र योगेंद्र नाथ तिवारी हत्याकांड में अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने के कारण अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता सूर्यकुंड मंदिर परिसर दर्शन नगर में इकट्ठा हुए और मृतक शिवम तिवारी के चाचा जयेंद्र नाथ तिवारी के निवेदन पर एकत्र हुए । कार्यकर्ताओं ने इस दुखद घटना पर दुख प्रकट किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी न होने पर आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया। इसी क्रम में परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक राम अनुज तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र , प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी , जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा, जिला महामंत्री अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय उपाध्यक्ष आशीष पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष मुकेश तिवारी एवं राधा रमण त्रिपाठी प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद पाठक ने एस एस पी अयोध्या राजकरण नैयर से मिलकर आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग की । एस एस पी अयोध्या ने परिषद के प्रतिनिधि मंडल को विश्वास दिलाया की आरोपियों की गिरफ्तारी दो दिन में की जाएगी । इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश पाण्डेय, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश तिवारी, काशीनाथ तिवारी, मंडल अध्यक्ष युवा सचिन तिवारी जिला उपाध्यक्ष राजेश चौबे, संगठन मंत्री



घनश्याम मिश्र, आचार्य राकेश मिश्र, राम जी पाण्डेय, कौशलेश तिवारी , आचार्य राधेश्याम शुक्ला, राजकुमार पाण्डेय, सोनू तिवारी , रोहित पांडेय, रूपेश तिवारी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## मौत को दावत दे रहा ओवर ब्रिज



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा देवीपाटन मंडल मुख्यालय और बलरामपुर को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज की स्थिति बद से हुई बद्तर जगह जगह हुआ गड्ढा जो छोटे वाहन समेत राहगीरों को कभी भी बना सकता है शिकार। जिससे होकर जिले के आला अधिकारी व हज़ारों लोगों का आवगमन रोज होता है लेकिन किसी भी शासन प्रशासन की नजर क्या इस पर नहीं पडी। अभी हाल ही में जनपद की जिलाधिकारी साहब ने चहउ् ओर भ्रमण करते हुए गांव गली मोहल्ले की सड़कों के मरम्मत पर जोर दिया था ।

# समस्याओं से संबंधित वीडियो तरुण को सौपा गया



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अयोध्या क्षेत्र में स्थित तारुन में भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई अयोध्या सुमन पांडे के नेतृत्व में तारुन ब्लॉक अध्यक्ष राम सुख प्रजापति की अगवाई में पंचायत संपन्न हुई जिसका संचालन रामबरन तहसील अध्यक्ष सदर ने किया पंचायत में तीन सूत्री ज्ञापन किसानो की तमाम समस्याओं से संबंधित वीडियो तारुन को सौपा गया ज्ञापन में शौचालय सोकता आदि समस्याएं हैं पंचायत में 18 सितंबर को लखनऊ यूको गार्डन की तरह तैयारी के उपलक्ष में सभी पदाधिकारी और सदस्यों को निर्देशित किया गया पंचायत में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव श्री राम वर्मा जिला अध्यक्षा सुमन पांडे जिला प्रमुख महासचिव डॉक्टर रामजनम वर्मा तहसील अध्यक्ष सदर रामबरन जिला संगठन मंत्री रामसूरत तारुन ब्लॉक का अध्यक्ष रामसुख प्रजापति तारुन ब्लॉक अध्यक्षा माता गंगाजली तहसील अध्यक्षा बीकापुर उषा देवी, लालजी,वीरेंद्र पांडे, अयोध्या, परशुराम अनार देवी, हंसराज, मोहम्मद लल्लू, रामप्रसाद निषाद, आदि सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारी बारिश को लेकर विद्यालय बंद आदेश के आधे घंटे के अंदर विद्यालय खोलने का दिया दूसरा आदेश

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर-अयोध्या**। खराब मौसम और भारी बारिश की आशंका के चलते मंगलवार को कक्षा 1 से इंटर तक के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश आर्या की अनुमति से विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा प्रधानाध्यापकों ने सुबह 8: 30 बजे छुट्टी का ऐलान किया। हालांकि इसके पहले स्कूल खुल चुके थे तथा बच्चे और शिक्षक स्कूल पहुंच गए थे। जिले भर में पिछले चार दिनों से मौसम का मिजाज खराब है और रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। ऐसे में स्कूल संचालन को लेकर पहले से ही संशय बना हुआ था। सोमवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी इस पर कोई फैसला नहीं कर सके थे। मंगलवार सुबह हो रही हल्की बरसात के बीच विद्यालय में पठन-पाठन के लिए जब छात्र पहुंचे तब फोन से विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकों को शिक्षा विभाग के जिले के अधिकारियों द्वारा सूचना दी गई कि आज स्कूल बंद रहेंगे। लेकिन इससे पहले ही सुबह 8 बजे तक शिक्षक व बच्चे स्कूल पहुंच गए थे। मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के कई



परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों ने बताया कि जब आदेश मिला तब एमडीएम बनाने की तैयारी हो चुकी थी। यही आदेश समय से किया गया होता तो बच्चों को परेशानी नहीं उठानी पड़ती। परिषदीय विद्यालय के कक्षा 4 से कक्षा 8 के छात्र छात्राओं की आज निपुण एसेसमेंट परीक्षा होनी थी। लेकिन विद्यालय बंद होने की घोषणा के बाद जब छात्र -छात्राएं घर चले गए तो विद्यालय पुनः खुलने का आदेश विभागीय अधिकारियों द्वारा दे दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर राजेश कुमार ने बताया कि नीट असेसमेंट परीक्षा रद्द कर दी गई है। आदेश आने के बाद छात्रों की परीक्षाएं ली जाएगी। परिषदीय विद्यालय अध्यापक छात्रों की अभिभावको से पुनः विद्यालय भेजने की अपील के तथा छात्रों के आने का इंतजार करते रहे। लेकिन 11:00 बजे तक एक भी छात्र विद्यालय दोबारा नहीं पहुंच सके थे।

## लापरवाही और अनियमितता पर क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक पर गिरी गाज

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डाः वरासत दर्ज में लापरवाही और अनियमितता बरतना क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को भारी पड़ गया। जनता दर्शन में जिलाधिकारी नेहा शर्मा से की गई शिकायत पर शुरू जांच में इनकी लापरवाही खुलकर सामने आई। तहसीलदार की संस्तुति पर उपजिलाधिकारी सदर द्वारा दोनों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, अपने हक के लिए महीनों से चक्कर लगा रहे शिकायतकर्ता को राहत मिल गई। मामला सदर तहसील के ग्राम कमड़ावा का है। बीती 06 सितम्बर को जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के समक्ष ग्राम कमड़ावा निवासी राम शब्द तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायकर्ता ने बताया कि उनके जीवित होने के बावजूद उनकी भूमि को गांव के ही एक अन्य मृतक व्यक्ति के वारिसान के नाम दर्ज कर दिया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर शिकायती पत्र में उल्लिखित तथ्यों की जाँच की गई।जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता श्री राम शब्द नाम के 02 व्यक्ति ग्राम कमडावा में रहते हैं। एक की जाति अनुसूचित जाति कोरी है जिनकी मृत्यु हो गई है तथा दूसरे की जाति ब्राम्हण हैं जो जीवित है। ब्राम्हण जाति के रामशब्द के नाम खाता संख्या 283, 366, 446 5. 356, 316, 476, 310, 312, 311, 325 व 340 संक्रमणीय भूमिधर दर्ज कागजात है। अनुसूचित जाति की उपजाति कोरी के मृतक राम शब्द के वारिसानों द्वारा वरासत हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया जिस पर बिना जाँच व तथ्यों की जानकारी किये स्वेच्छाचारी ढंग से क्षेत्रीय लेखपाल श्री हितेश तिवारी द्वारा ब्राम्हण जाति के रामशब्द को मृत होना दर्शाते हुए उनकी भूमि खाता संख्या 283, 366, 446 5 356, 316, 476, 310, 312. 311, 325 व 340 पर मृतक राम शब्द कोरी के वारिसानों का नाम अंकित करने हेतु रिपोर्ट ऑनलाइन एवं ऑफलाइन अग्रसारित की गई है।

## एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । महाप्रबन्धक उ0प्र0 माटीकला बोर्ड लखनऊ के आदेशानुसार जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या ने बताया कि जनपद अयोध्या के बीकापुर विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम सभा तखनीपुर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के सदस्य मगंरू प्रजापति, विशिष्ट अतिथि डा0 राजेश कुमार प्रजापति बोर्ड मुख्यालय लखनऊ से नामित पर्यवेक्षक, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ, उ0प्र0 प्रजापति समाज के प्रदेश के महामंत्री वीरेन्द्र भार्गव , जागरूकता कार्यक्रम में एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित माटीकला के कामगारों को उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के सौजन्य से संचालित विभिन्न लाभकारी योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई, इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामोद्योग की अन्य योजनाओं में रूचि रखने वाले लोगों को उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित स्वरोजगार परक योजनाओं के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई।

## केरल के 15 सदस्यीय दल ने किया अयोध्या दर्शन,अयोध्या में सदस्यों का हुआ भव्य स्वागत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अयोध्या पहुंचे केरल से आए 15 सदस्यों से ने मंगलवार को राम लला,हनुमानगढ़ी , कनकभवन सहित सरयू में स्नान किया। केरल के केन्नूर से आए रामकृष्ण ने बताया कि पहले जब भगवान राम टाट में थे तब अयोध्या आ कर दर्शन किया था अब 2024 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है इसके लिए सभी ने यह प्रतिज्ञा ली थी की सावन बाद अयोध्या आ कर दर्शन पूजन करेंगे। उसके बाद मंगलवार को अयोध्या पहुंचे 15 सदस्यीय दल अयोध्या पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर गुरुनानक एजुकेशन सोसायटी के सचिव प्रतिपाल सिंह पाली के नेतृत्व में शैलेन्द्र अवस्थी, राजेश कुमार, डब्लू तिवारी, मुन्ना द्वारा स्वागत किया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से पांच घरों में नुकसान

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । तहसील क्षेत्र में सोमवार की रात तेज हवाओं के बीच हुई भारी बारिश ने जन जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जलभराव से अनेक स्थानों में आवागमन में बाधा आयी तो मुबारक गंज में आकाशीय बिजली गिरने से पांच घरों में नुकसान हुआ है। एक जर्जर खपरैल की छत गिर गई और आसपास पांच पक्के घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। एक घर में अंडर ग्राउंड पड़ी विद्युत लाइन जल कर ध्वस्त हो गई। बताया जाता है कि पक्के पिलर टूट गर गिर गए। गांव निवासी तिलकराम मौर्या, सुरेन्द्र मिश्रा, अजय मिश्रा, शिव बरदान मिश्रा, बब्लू आदि के परिवार दहशत में रहे।

## नदी की दोनों साइड का डूब क्षेत्र चिन्हित करते हुए 50 मीटर पर लगेंगे पिलर्स

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा सरयू, घाघरा, टेढ़ी, बिसुही एवं मनवर नदी के दोनों ओर डूब क्षेत्र को चिन्हित करते हुए उसके 50 मीटर की दूरी पर पिलर्स स्थापित किए जाएंगे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नदी के प्रवाह क्षेत्र को संरक्षित कराने तथा इसे अतिक्रमणमुक्त रखने के लिए यह निर्देश जारी किए हैं। डीएम की ओर से मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में टीम का गठन किया गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि नदियों एवं प्राकृतिक जलस्त्रोतों के संरक्षण के संबंध में मा. सर्वोच्च न्यायालय, मा. उच्च न्यायालयों तथा मा. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण से समय-समय पर विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं। नदियों के प्रवाह क्षेत्र में कृषिक, औद्योगिक अथवा विनिर्माण आदि सम्बन्धी किसी भी प्रकार की गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इससे मद्देनजर, जनपद में नदियों के दोनों साइड का डूब क्षेत्र चिन्हित करते हुए उसकी 50 मीटर की दूरी पर पिलर्स स्थापित करा दिए जाने का फैसला लिया गया है। इससे स्थानीय लोगों को यह जानकारी रहे कि चिन्हित क्षेत्र की सीमा में किसी प्रकार के निर्माण अथवा औद्योगिक, व्यापारिक गतिविधियों को अनुमति नहीं होगी।

## शहर से खूबसूरती बिगाड़ रहे अवैध होर्डिंग, बोनर, पोस्टर, हटाने के आदेश जारी

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा शहर की खूबसूरती बिगाड़ रहे अवैध होर्डिंग, बोनर और पोस्टर हटाए जाएंगे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के सभी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी को विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। वहीं, नगर मजिस्ट्रेट के पर्यवेक्षण में यह कार्यवाही सम्पादित कराई जाएगी जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह देखा गया है कि नगर सीमान्तर्गत रोड साइड एवं प्रमुख बाजारों में विद्युत पोल पर, चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं के अगल-बगल तथा शासकीय भवनों की बाउन्ड्रीवाल पर बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा होर्डिंग्स लगाने के लिए स्थान चिन्हित हैं ।

# कांवरिया हेतु की जा रही तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**गोंण्डा** । आगामी 17 सितंबर एवं 18 सितंबर 2023 को आयोजित होने वाले कांवरिया के शुभ अवसर पर जलाभिषेक की दृष्टिगत सरयू घाट कर्नलगंज पर चल रही तैयारियों/व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। सरयू घाट कर्नलगंज में साफ सफाई व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, पानी व्यवस्था, लाइट व्यवस्था, रास्ता एवं बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सारी व्यवस्थाओं हेतु सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि आयोजन से पहले सभी विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समय से पहले सभी तैयारी पूर्ण हो जाय। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को यह



भी निर्देश दिये हैं कि यहां पर सारी व्यवस्था आवश्यकता अनुसार समय पहले तैयार करा लें। ताकि मौके पर कांवड़ियों को जलाभिषेक के समय किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, उपजिलाधिकारी करनैलगंज विशाल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, तहसीलदार करनैलगंज मनीष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, एई लोक निर्माण खंड-2, खंडविकास अधिकारी, एसएचओ करनैलगंज, सहायक विकास अधिकारी पंचायत करनैलगंज सभी संबंधित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**आयोजन** हिंदू समाज तभी सशक्त होगा, जब हर स्तर पर सामाजिक समरसता होगी

# आयोजित पुण्यतिथि पर पदाधिकारियों को सम्मानित करते विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। हिंदू समाज तभी सशक्त होगा, जब हर स्तर पर सामाजिक समरसता होगी। यह बात गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी भली भांती जानते थे। मीनाक्षीपुर के धर्मांतरण की घटना को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस दिशा में निरंतर प्रयास किया। गोरक्षपीठ जाति-पंथ-भाषा-स्थान से हमेशा से उपर रहा और गुरु गोरखनाथ की परंपरा में वैसे भी इसका कोई स्थान नहीं रहा। इस विचार को मठ से आगे प्रेषित करने का कार्य महंत अवेद्यनाथ ने एक अभियान के रूप में किया। ये बातें महंत अवेद्यनाथ की नौवीं पुण्यतिथि के अवसर पर नाका हनुमान गढ़ी स्थित खांटू श्यान दरबार में आयोजित समरसता भोज के अवसर पर महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष प्रवीण दूबे ने कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता



जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह और संचालन वरुण चौधरी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महंतश्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि श्री रामजन्मभूमि की मुक्ति के क्रम में गोरक्षपीठ और महंत अवेद्यनाथ की महती भूमिका रही है। श्री रामजन्मभूमि आंदोलन में महंत जी ने हर स्तर पर सहयोग किया और आंदोलन के अगुवा की भूमिका में आगे रहे। उनका जीवन संत परंपरा के लिए और समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने यह आदर्श प्रस्तुत किया कि संत को धर्म और समाज के लिए समर्पित होना चाहिए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को पवन मिश्रा, दीपक पांडेय, और नीरज पाठक ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर भारी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने समरसता भोज में प्रसाद ग्रहण किया। समरसता भोज और कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मातृशक्ति पल्लवी वर्मा, अमृता सिंह, प्रज्ञा श्रीवास्तव, महंत विनोद दास, अजय मिश्रा, स्वरूप सिंह, मनोज श्रीवास्तव, संजीव चतुर्वेदी, अंकित दुबे, बालक राम गांधी, प्रह्लाद सिंह, अमरजीत सिंह, रवि चौधरी, कन्हैया सिंह, के सी श्रीवास्तव, राकेश दुबे, रामचंद्र श्रीवास्तव, संतोष शर्मा और अरुण शर्मा ने शिरकत की।

# बारिश के शहर में जगह-जगह जल भराव 14 कोसी परिक्रमा मार्ग जनौरा पर भर पानी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । शहरवासियों पर बारिश भारी पड़ रही है। शहर में बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव है। नाले और नालियों की सफाई न होने जलनिकासी का बड़ा संकट पैदा हो गया है। वहीं शहर के मोहल्लों की सड़कों व गलियों में जहां सीवर लाइन पड़ी है, वहां अभी सड़क की मरम्मत नहीं हुई। इसके चलते बारिश के बाद इन गलियों की हालत बहुत खराब हो गयी है। पानी सूखने के बाद सड़क पर कीचड़ हो गया है। जिससे वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे में बारिश की संभावना है।पूर्वी उत्तर प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। लगातार चार दिनों से हो रही बारिश से किस सबसे अधिक प्रसन्न नजर आ रहे हैं। लेकिन अब बारिश शहर वासियों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। इसका जिम्मेदार रामनगरी का प्रशासनिक अमला है, क्योंकि बिना व्यवस्था के रामनगरी में हो



रहा निर्माण कार्य, सीवर पाइपलाइन व अन्य निर्माण कल यहां के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 14 कोसी परिक्रमा मार्ग जनौरा में बारिश के बाद रोड पर भर पानी आने जाने वालों को हो रही परेशानी कई बैटरी रिक्शा भी पलट गए हैं कई लोग चोटिल हो चुके हैं रास्ते में कई बड़े विद्यालय भी हैं जलभराव होने के बाद बहुत कीचड़ हो जनौरा वासियों का कहना है कि बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया था। इसके बाद अब मिट्टी कीचड़ बन गयी है। बारिश के बाद फैले कीचड़ से स्थानीय लोग बुरी तरह से प्रभावित है।दूसरी ओर बारिश के बाद शहर के लालबाग, वजीरगंज , साहबगंज, दिल्ली दरवाजा, मोची टोला, हसनू कटरा, बल्ला हाता, ऋषि टोला, महाजनी टोला सहित अन्य मोहल्लों की गलियों में भी सीवर लाइन डाले जाने के बाद सड़क पक्की नहीं बनने से जलभराव और कीचड़ की समस्या है।

## ख़ास ख़बर

### झारखंड सरकार ने पसमांदा समाज को ठगा- अब्दुर रकीब अंसारी



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम संघ के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना अब्दुर रकीब अंसारी ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड की कुल मुस्लिम आबादी में 90% प्रतिशत से ज्यादा अकेले पसमांदा मुस्लिम की आबादी है। ऐसे में अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष पसमांदा समुदाय को न बना कर, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष किसी गैर पसमांदा को बनाना समझ से परे है। अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम संघ झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस फैसले का पुर ज़ोर मुखलीफत करता है। मौलाना अंसारी ने कहा कि अपने आप को सेकुलर कहने वाली सभी राजनीतिक दलों ने पसमंदा समाज को ठगा है और बेवकूफ बनाया है। अपने आप सेकुलर कहने वाली पार्टियों को पसमंदा समाज का वोट लेने में अच्छा लगता है। मगर उनका हक और अधिकार देने में बहुत ही दुख होता है पसमांदा समाज अब बेदार हो चुका है। पसमांदा समाज के साथ जो छल और कपट हुआ है अब पसमंदा समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। आने वाला 2024 के चुनाव में पसमांदा समाज मुँह तोड़ जवाब देगी।

### आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत करों में जनता दरबार का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर** । मधुपुर अनुमंडल के करों प्रखण्ड मुख्यालय में मंगलवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंत्री प्रतिनिधि गुलाम अशरफ उर्फ राजू के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया । जिसमें डिण्डाकोली , तारापुर , करों , रानीडीह, पंचगडिया , नागादोरी , डूमरतर , सालतर , मदनक्ट्टा और प्रतापुर आदि गांवों से आये महिला-पुरुषों ने अपनी समस्याओं को लिखित रूप से दिया। समस्याओं का समाधान हेतु उचित विभागों को प्रेषित करते हुये लोगों को संतुष्ट किया गया। मौके पर मंत्री प्रतिनिधि गुलाम अशरफ उर्फ राजू ने कहा कि लोगों का बुनियादी सुविधाएं, सरकारी योजनाओं का अधूरा पड़ा कार्य , आवास , स्वास्थ्य सेवा व मनरेगा जैसे मुद्दो पर त्वरित कारर्वाही कर उस का समाधान किया जाता है । कहा कोई भी गरीब-गुरवा सरकारी योजनाओं से वंचित ना रहे ये हेमन्त सरकार की नीति है । सरकार गरीबो के हित के लिये सदैव तत्पर है। मौके पर जितेन्द्र यादव, मुन्ना रवानी के अलावे दर्जनों गठबन्ध के कार्यकता उपस्थित थे।

### कोर्ट परिसर के अंदर बेवजह घूमने वालों को दी गई हिदायत



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर** । देवघर पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर मधुपुर आंचल पुलिस निरीक्षक सह नोडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में जांच अभियान चलाया । श्री सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों ने व्यवहार न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार समेत परिसर पर आने जाने वाले लोगों को जांच कर उनकी तलाशी ली गई । कोर्ट परिसर में बेवजह घूम रहे लोगों को हटाया गया और बेवजह कोर्ट परिसर में न प्रवेश करने की चेतावनी दी गई । मौके पर नोडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यवहार न्यायालय परिसर में पुलिस कप्तान के निर्देश पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त पदाधिकारी एवं जवान की प्रति नियुक्ति व्यवहार न्यायालय में की गई है।मौके पर एएसआई ओम प्रकाश, एएसआई मनीष कुमार एएसआई धीरेंद्र मिश्रा समेत अतिरिक्त पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

# हज़ारीबाग को वंदे भारत के बाद मिली इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात

**दैनिक शुभ भास्कर/ सोहेल किरमानी** । हज़ारीबाग लोकसभा के रेल कार्यों में एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। वंदे भारत के बाद क्षेत्र को इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात मिली है। 12 सितम्बर को रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन किया गया। इसका संचालन वाया जमुआ, धनवार, महेशपुर हाल्ट, कोडरमा, हज़ारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा व टाटीसिलवे से होकर किया जा रहा है। सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग से इसकी शुरुआत को लेकर काफी समय से प्रयासरत थे। उनके प्रयासों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के शुरू होने से अब लाखों यात्रियों को अत्यंत सुविधा होगी। जयंत सिन्हा ने हजारीबाग में इस ट्रेन का स्वागत कर इसके विस्टाडोम कोच में यात्रा की। साथ ही बरकाकाना रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को रांची



के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्री हज़ारीबाग से रांची का सफर सिर्फ 75 में और रामगढ़ से रांची का सफर 60 में कर पाएंगे। इससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इंटरसिटी एक्सप्रेस के शुरू होने से क्षेत्रवासियों में अपार ख़ुशी व उत्साह है। जनता इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री जी व अपने सांसद को धन्यवाद दे रही है। इस सुअवसर पर जयंत सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। हमने क्षेत्र को रेल लाइन व वंदे भारत के बाद इंटरसिटी के जरिये एक और सुविधा दिलवाई है। यह ट्रेन अत्यंत सुविधाजनक है। इसमें विस्टाडोम कोच लगाया गया है, जिसमें बड़ी-बड़ी खिड़कियां हैं। यात्रियों को इस कोच में सफर कर बेहद आनंद आएगा। उन्हें वादियों के खूबसूरत नज़ारे देखने को मिलेंगे। हम इंटरसिटी को बरही में रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि यहाँ के निवासियों को भी इसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही हज़ारीबाग से राजधानी एक्सप्रेस शुरू करवाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके शुरू होने पर नई दिल्ली और कोलकाता की यात्रा कर पाएंगे। जयंत सिन्हा ने कहा कि हम सबका साथ और सबका विकास के मूलमंत्र के साथ काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास यात्रियों के लिए सदैव हर बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाना रहा है। क्षेत्र में रेल संबंधी विभिन्न विकास कार्य जारी हैं। अमृत स्टेशन योजना से बरकाकाना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में रेल सेवाओं का परिदृश्य बदलेगा।

## मधुपुर कॉलेज में यूजी सेम-6 और बीएड सेम-4 की परीक्षा हुई शुरू



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर** । मधुपुर महाविद्यालय मधुपुर में मंगलवार से बीएड सेम-4 और यूजी सेम सिक्स की परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा द्वितीय पाली में ली गई। जिनमें कुल 786 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। बीएड सेम-4 में नॉलेज एंड करिकुलम विषय की परीक्षा ली गई।जबकि सेम-6 के कला,वाणिज्य,विज्ञान संकाय के प्रतिष्ठा पत्र में ग्रुप ए के कोर -13 पेपर की परीक्षा संपन्न हुई। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रत्नाकर भारती ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त वातावरण में लिया जा रहा है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गलती करने पर दंडित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी परीक्षा में सिर्फ कलम और एडमिट कार्ड ही लेकर आए। मोबाइल ,स्मार्ट वॉच आदि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लेकर आने वाले को परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा।

## 2016-17 से 2021- 22 तक के लंबित 444 आवासों को 10 अक्टूबर तक करे पूर्ण- बीडीओ आकांक्षा



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा** । नाला प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी की अध्यक्षता में योजनाओं की प्रगति समीक्षा को लेकर सप्ताहिक बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान खासकर जन्म मृत्यु निबंधन विशेष अभियान से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश सभी पंचायत सचिव को दिया गया। इस अवसर पर पीएमएवाई-जी में वित्त वर्ष 2016-17 से 2021 से 22 तक के लंबित 444 आवासों को दिनांक 10 अक्टूबर तक पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया इसके अलावे 15 सितंबर तक सभी पंचायत से 57 आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी पंचायत स्वयंसेवकों को निर्देश दिया कि जो लोग आवास बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं उनको प्रोत्साहित करें और आवास का निर्माण करने के लिए प्रेरित करे और जल्द से जल्द सभी लंबित आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## बाबूगांव में बी.आर अम्बेडकर बायोलौजी क्लास , रॉकस्टार म्यूजिक एवं नृत्य एकेडमिक की हुई उद्घघाटन

**हज़ारीबाग दैनिक शुभ भास्कर /सोहैल किरमानी** । हजारीबाग के बाबूगांव में प्रो. प्रीति गुप्ता ने बी. आर अम्बेडकर बायोलॉजी क्लास ,संगीत एवं नृत्य एकेडमी का बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी मुन्ना सिंह एवं कुमारी बिनीता प्रमुख कटकमदाग के संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर उद्धघाटन किए ।मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह एवं कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता एवं अन्य अतिथियों को स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य कर भव्य स्वागत किया गया । बी . आर अम्बेडक बायलॉजी क्लास के माध्यम से सैकड़ों विद्यार्थियों को सफल बनाने में लगातार प्रयासरत है । संतोष मेहता भी कुछ कम नहीं इनके द्वारा डांस एवं संगीत में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर मुफ्त में लेंगे नामांकन और बनायेगें हजारीबाग के बड़े कलाकार। दोनो पति पत्नी मिल कर शिक्षा ,संगीत ,नृत में हजारीबाग को बेहतर शिक्षा के साथ साथ फिल्म इंडस्ट्री को देंगे बड़ा कलाकार यही सपना के साथ संतोष मेहता ने किया मुफ्त में नामांकन लेने की घोषणा । उद्धघाटन कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि भावी विधायक श्री मुन्ना सिंह जी ने कहा संगीत मानव जीवन के लिए बहुत महत्पूर्ण है इसके बिना जीवन अधूरा है ,कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता,जदयू प्रदेश सचिव मितलेश सिंह, बरकट्ठा विधान सभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता, राजू साव , मो.मोकतार ,संचालन संतोष मेहता ,प्रीति गुप्ता ,अमर सिंह , युवा जिला सचिव रितेश तिवारी ,रवि सिंह, मनीष गुप्ता,दिव्य ज्योति कॉलेज के संचालक अनिल यादव ,अमित कुमार,उदय साव,श्रीकांत ,पवन, अंकिता कुमारी,विभा विकास,नाज, ईसा,सोनम,रौशनी राधा कुमारी इत्यादि सैकड़ों छात्र छात्रा शामिल हुई ।






### मधुपुर रेल पुलिस ने गंगासागर एक्सप्रेस ट्रेन से 26 पीस केन बियर किया जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर** । मधुपुर रेल पुलिस ने ट्रेन संख्या 13185अप सियालदह जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस कोच संख्या एस- 8 स्लीपर बोगी के सीट के नीचे एक पिट्टु बैग एवं एक प्लास्टिक के थेला से 26 हेवर्ड्स केन बियर 5000 प्रीमियम ज़ब्त किया। जिसका वजन 500 मिलीलीटर मूल्य - 105/- प्रत्येक बीयर कुल मूल्य रु- 2730 /- बताया जाता है। रेल थाना प्रभारी बृजनंदन ठाकुर ने बताया कि 13185अप सियालदह जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस के स्लीपर S-8 के सीट के नीचे एक पिठु बैग एवं प्लास्टिक के एक थेला में लावारिस अवस्था में बरामद किया गया । मधुपुर स्टेशन पर ऑन ड्यूटी रेल थाना के एएसआई रविंद्र गिरी, एएसआई धनंजय राय,एएसआई रविंद्र नाथ सिंह हवलदार तुर्तन तियुरी, कांस्टेबल रहबर इस्लाम बैग समेत जीआरपी के जवान प्लेटफार्म नंबर दो स्लीपर बोगी के सीट के नीचे से गस्ती के दौरान लावारिस अवस्था में बियर कैन जब्त किया। मौके पर किसी ने शराब का दावा नहीं किया।वही कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के बाद जब्त की गई केन बियर को आगे की कार्रवाई और निपटान के लिए आबकारी विभाग देवघर को भेज दिया गया। रेल थाना प्रभारी बृजनंदन ठाकुर ने बताया कि अवैध रूप से ट्रेनों में शराब की तस्करी नहीं करने दी जाएगी।

### हज्जे उमरा के लिए 8 जायरिन मक्का शरीफ के लिए मधुपुर से हुई रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर** । मधुपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आठ हज्जे उमरा के लिए जायरीन जद्दा के लिए रवाना हुई। रवाना होने वाले में मधुपुर शहर से दंत चिकित्सक डा० शादाब अनवर, माता तैय्याबा भाई शैफ अनवर इस्लामाबाद तिलैयाताडं, लालगढ़ निवासी मोहम्मद मकसूद शेख ग्रामीण क्षेत्र के गांव से ऐनुल अंसारी , मरयम बीबी ,हाफिज रहीम और करीकादो से शेखावत शेख,शामिल है। इन्हें छोड़ने के लिए दर्जनों लोग एक-एक कर जायरीन हज से हाथ मिलाते हुए अपने और देश के लिए अमन और चैन की दुआएं मांगी। मौके पर पत्रकार मोहम्मद असलम, मोहम्मद इम्तियाज, अरशद मधुपुरी, मोहम्मद जाहिद मोहम्मद फजल शर्रफ हुसैन, मुमताज आलम , जफरूल शेख , नौशाद शेख , अजाजुल शेख , अमजद हुसैन, अनुल शेख ,और दर्जनो लोग उपस्थित थे।

**बैठक** योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर विमर्श किया, पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया

## चयनित ग्राम को कृषि स्मार्ट व मॉडल ग्राम के रूप में परिवर्तित करें, ताकि अन्य ग्रामों के लिए यह प्रेरक सिद्ध हो - उपायुक्त

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । मंगलवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के उचित कार्यान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने एवं बिना सूचना एवं अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने के कारण उपायुक्त ने स्पष्टीकरण पूछने एवं वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने एग्री स्मार्ट ग्राम योजना को लेकर प्रथम चरण में नाला एवं जामताड़ा प्रखंड के चयनित नाला के बंदरडीहा पंचायत अंतर्गत जगरनाथपुर एवं नारायणपुर के बोरवा पंचायत अंतर्गत बोरवा ग्राम में किए जाने वाले कार्यों एवं केंद्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर विमर्श किया एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि चयनित ग्रामों में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों के सफल रूप से क्रियान्वयन के लिए उच्च गुणवत्ता वाली संस्थागत व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं बॉटम अप अप्रोच अपनाकर कृषि विकास की



चुनौतियों को दूर करने के लिए किया गया है। इस योजना के तहत सभी केंद्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं से आच्छादित किया जायेगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को योजना के संबंध में चयनित गांवों का प्रोफाइल बनाकर लाने का निर्देश दिया/कौन सी योजनाओं का संचालन किया जा सकता है? इसके अलावा उक्त ग्रामों में पशुपालन, कृषि, मत्स्य, उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं अन्य में कौन कौन सी योजनाओं का संचालन किया जा सकता है, कितना लोगों को लाभ मिला है इसके लिए विस्तृत योजना बनाएं। इसके अलावा उन्होंने हार्टिकल्चर, आम बागवानी, ड्रेगन फ्रूट, अमरूद, पपीता आदि फलदार एवं आर्थिक रूप से फायदेमंद कृषि कार्य को बढ़ावा देने हेतु कार्ययोजना बनाकर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चयनित ग्रामों में यह सुनिश्चित करें कि हर परिवार किसी न किसी योजना से लाभान्वित हो।उपायुक्त ने इस योजना को लेकर जिला से लेकर ग्राम स्तर पर विभिन्न समितियों के गठन एवं उनके कार्यकलापों, दोनों ग्रामों में एक एक सीआरपी की नियुक्ति करने सहित सभी पहलुओं पर विमर्श किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत की बैठक में संबंधित पदाधिकारी पहुंचे। लोगों को एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के बारे में बताएं उन्हें जागरूक करें। साथ ही सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि लोगों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने एवं अपने आय में संवृद्धि के लिए प्रेरित करें एवं कार्य योजना बनाएं। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित करें साथ ही अवेयरनेस कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने योजना के तहत चयनित ग्रामों में प्रशिक्षण, प्रचार प्रसार, सोलर लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम, प्राकृतिक कृषि संसाधन केंद्र, सोलर आधारित कोल्ड चेन, सीआरपी (एग्री) आदि को लेकर विमर्श कर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।

# बाल हिंसा रोकने में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी की है आवश्यकता - उपायुक्त

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । मंगलवार को एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में जिला समाज कल्याण (बाल संरक्षण इकाई) के तत्वाधान में बच्चों के विरुद्ध अपराध को पहचानने एवं रिपोर्ट करने के लिए समुदाय आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मौके पर उन्हें पौधा देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के साथ प्रतिदिन हिंसा की खबरें अक्सर सुनने को मिलती है। हिंसा का शिकार कोई भी हो सकता है, यह सब आस पास में होता है। बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि लोग इसके खिलाफ चुप्पी नहीं तोड़ते। मुद्दों के प्रति यह चुप्पी समस्या को बढ़ा देती है। इस के खिलाफ हिंसा की समाप्ति एक चुनौती पूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ हिंसा को जायज नहीं ठहराया जा




सकता, इसे समाप्त करने के लिए समय समय पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कई योजनाओं का कार्यान्वयन भी किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि अपने बच्चों को बच्ची तरह परवरिश करें, उन्हें अच्छा बुरा सभी जानकारी दें। बच्चे बच्चियों की कम उम्र में शादी नहीं होने दें। उन्होंने उपस्थित संबंधित सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका आदि को संबोधित कर समाज में जागरूकता लाने हेतु समुचित प्रयास करने एवं अभिभावकों को अपने बच्चों को अच्छा और बुरा सभी शिक्षा देने का अपील किया। साथ ही अगर कहीं बच्चों के खिलाफ दुर्व्यवहार (छेड़खानी, बॉडी टच, यौन शौषण आदि) होता है, तो उसकी अविलंब रिपोर्ट दर्ज करवाएं। कहा कि इस कार्य में आप सभी की महनीय भूमिका है। उन्होंने जिला अंतर्गत विशेष रूप से पहल करने एवं समन्वय बनाकर आवश्यक कार्य करने जा निर्देश दिया। मिशन वात्सल्य के तहत आयोजित इस कार्यशाला में मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना, पालन पोषण कार्यक्रम, दत्तक ग्रहण, संस्थागत सेवा, बाल विवाह, बाल मजदूरी व महिला सशक्तिकरण से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। कार्यशाला में नाबालिग बच्चों के अधिकारों के संरक्षण व महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर चल रहे अभियान को और धारदार कारगर बनाने की दिशा में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। पीपीटी के माध्यम से बाल सरंक्षण व महिला विकास के सरकारी व कानूनी प्रावधान, सार्थक पहल व प्रयास की बाबत जानकारी दी गयी एवं पोक्सो व जेजे एक्ट पर पर आवश्यक दिशा जानकारी प्रदान किया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, डीसीपीओ अंजू पोद्दार सहित अन्य उपस्थित थे।

# नाविकों एवं गोताखोरों को जिलाधिकारी ने बांटी सेफ्टी किट





**बलरामपुर जिला संवाददाता, के बी गुप्ता** । बलरामपुर आपदा जैसी विपरीत परिस्थितियों में मसीहा बनकर सामने आने वाले 31 नाविकों और 10 गोताखोरों को सेफ्टी किट वितरित की गई। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने स्वयं अपने हाथों से कलेक्ट्रेट में नाविकों एवं गोताखोरों को सेफ्टी किट प्रदान किया गया। बतातें चलें कि मंगलवार को नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति के अंतर्गत जनपद के गोताखोरों एवं नाविकों को सेफ्टी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में संपन्न हुआ जिसमें 41 सेफ्टी किटों का वितरण किया गया। इस अवसर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने कहा मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में नाव दुर्घटनाओं एवं जनहानियों में कमी लाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से चिन्हित नाविकों एवं गोताखोरों को सेफ्टी किट का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि नाविकों को किट में लाइफ जैकेट, पतवार, लाइफ बॉय, रस्सी, टॉर्च, फर्स्ट एड किट एवं बांस शामिल है। इसी प्रकार गोताखोरों को लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, रस्सी, टॉर्च एवं फर्स्ट एड किट दी गई है। जिलाधिकारी ने नाविकों को सचेत करते हुए कहा कि नाव चलाते समय लाइफ जैकेट और लाइफ बॉय जैसे सुरक्षा के संसाधन अवश्य साथ में रखें। क्षतिग्रस्त नावों का प्रयोग न करें। सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देशों का पालन अवश्य करें। नाव पर क्षमता से अधिक व्यक्तियों को न बैठाएं। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में दूसरों की भी बचाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए स्वयं को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि बलरामपुर जनपद वर्षा एवं बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील है, इसलिए हमें पूरी तैयारी व मजबूती के साथ बाढ़ से निपटने की तैयारी रखनी है। कहा कि बाढ़ आदि से निपटने में यह सेफ्टी किट महत्वपूर्ण है। और नाविक एवं गोताखोर अपने प्रयास से लोगों का जीवन बचाते हैं, वास्तव में आप योद्धा हैं।

## एनडीआरएफ की टीम ने आपदा से बचाव को लेकर किया जागरूक



**बलरामपुर** । बलरामपुर एनडीआरएफ वाराणसी की 11 वाहिनी के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में एनडी आरएफ टीम बलरामपुर जिले के सदर क्षेत्र का दौरा कर रही है। इस दौरान, टीम ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर आपदा जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न संसाधनों और हितकार्यों को सशक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह से मार्गदर्शन प्राप्त करके बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया और प्रशिक्षित और अनुभवी टीमों द्वारा बेलहा गाँव मे कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया, जिसमें भूकंप, बाढ़ में बचाव के तरीके, आकाशीय बिजली से बचाव, गले में फँसी बाहरी बस्तु को निकालने के तरीके, रक्तस्राव प्रबंधन, उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेचर बनाना, और उपलब्ध संसाधनों से फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाने का आयोजन किया। गाँव के लोगों को पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण के महत्त्व के बारे में जागरूक किया और इस अभियान को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस एवं वनविभाग ने बेशकीमती सागौन पेड काटते हुए पकडा सीज





**बलरामपुर** । बलरामपुर थाना महराजगंज तराई थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह द्वारा गठित टीम मय हमराह उ0नि0 दिग्विजय यादव, वन दरोगा सूरज पाण्डेय ,वन रक्षक धर्मेन्द्र यादव, हे0का0 पप्पू यादव, अजय यादव ,,धनेश कुमार यादव द्वारा बीट क्षेत्र गुलरिहा गांव के पास सागौन टागियां काट रहे थे सूचना पर पहुंची टीम ने अभियुक्त शकील अहमद पुत्र मकबूल नि0 प्यारेगांव महराजगंज तराई बलरामपुर को ग्राम वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अवैध हरा सागौन का कटान करते हुए मौके पर गिरफ्तार किया गया। 518 बोटा सागौन लकडी के साथ गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 168/23 धारा 4/10 ग्रा.वन सं.अधि0 में अभियोग पंजी0 कर अभियुक्त को मा0 न्याया0 रवाना किया गया।

# मेरा माटी मेरा देश गांव के तहत अभियान चलाकर इकट्ठा किया गया



**सिकंदरपुर बलिया** । सिकंदरपुर बलिया सांसद रवींद्र कुशवाहा ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सलेमपुर लोकसभा के बासडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गांव में घर-घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी संग्रह किया इस दौरान उनके साथ एक दर्जन से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद ने बताया कि देश में के कोने-कोने से 7हजार500 कलशों में मिट्टी लेकर अमृत कलश यात्रा देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी उन्होंने कहा कि इस अमृत कलश यात्रा में देश के विभिन्न भागों से पौधे भी लेकर आएगी 7000-500 कलशो में आने वाली मिट्टी और पौधों को पिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी जो कि भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक बनेगी उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान अभी लाभदायक होगा कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अभियान के माध्यम से भारत की मिट्टी और वीरता का मनाने का एक आदत विचार है उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ मनाने का एक अनूठा और नया तरीका है ताकि आने वाली पीढ़ी के मन में अपने देश के प्रति और उन वीरों के प्रति सम्मान पैदा कर सके भारत माता के लिए अपना करने वाले वीर एवं वीर गानों को सम्मान देना हर भारतीय का दायित्व है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से भुला दिया गए स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद को याद करने की एक नई दृष्टि दी है नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के पात्र लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना पहले से कहीं ज्यादा जागृत हुई है और उनके एक आहान पर सभी देशवासियों ने अपने मकान पर तिरंगा लगने का ऐतिहासिक कार्य किया था आहान किया कि आजादी के अमृत काल में देश के जाबांज वीरों के सुर और बलिदान को समर्पित मेरी माटी मेरा देश अभियान से जलकर हम सभी अपना कृतज्ञ भाव प्रकट करें ।

## ख़ास ख़बर

### पिकअप समेत 22 बोटा खैर की लकड़ी बरामद, सात लोगो पर केस दर्ज



**बलरामपुर जिला संवाददाता, बलरामपुर** । बनकटवा रेंज की संयुक्त टीम ने पिकअप से ले जा रहे 22 बोटा खैर की लकड़ी को बरामद किया है। टीम को देखकर अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से सभी लोग फरार हो गए। इस मामले में सात लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एसडीओ एमबी सिंह ने मंगलवार को बताया कि चौधरीडीह मार्ग पर रात्रि गश्त के दौरान वन कर्मियों ने लकड़ी लदी एक पिकअप को पकड़ लिया। वन कर्मियों को देखते ही पिकअप पर सवार चालक व अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए। पिकअप में 22 बोटा जंगली खैर की लकड़ी बरामद की गई है। पिकअप व लकड़ी को बनकटवा रेंज में लाकर सीज कर दिया गया है। सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया है



**सिकंदरपुर बलिया** । भगवान श्री कृष्णा जन्मोत्सव के छक्षियार के उपलक्ष्य में सोमवार की शाम को नगर के विभिन्न स्थानों पर भंडारा का आयोजन किया गया जिसे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर नगर के हॉस्पिटल रोड में महावीर स्थान स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गणेश प्रसाद सोनी दुर्गादास जी के संयोजन में आयोजित भंडारा में नगर एवं पास पड़ोस के गांव के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य समझा इस इस दौरान अवधेश सोनी गणेश सोनी कैलाश चंद पवन सोनी विशाल सोनी विकी बलराम चौरसिया राकेश सिंह वैभव सिंह आदि मौजूद रहे ।

### वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र सेनानी का निधन



**सिकंदरपुर बलिया।** वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र सेनानी रक्षक चुन्नीलाल गुप्ता का निधन की सूचना मिलते ही आदर्श नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शोक कलर दौड़ गई चुन्नीलाल गुप्ता लोकतंत्र सेनानी थे एवं वरिष्ठ पत्रकार भी थे।आज समाचार पत्र में आजीवन लेखनी का काम करते रहे मरते दम तक आज समाचार पत्र में अपनी योगदान देते रहे।

### एडीएम को ज्ञापन सौंपकर कर भ्रष्टाचार्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई



**बलरामपुर** । भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला अध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा की अगुवाई में महिला अस्पताल बलरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में लापरवाही लूट और भ्रष्टाचार के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर एटीएम को ज्ञापन शॉप कर भ्रष्टाचार्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि गरीब जनता से पैसे लेने वाले पर कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पंचपेड़वा में धरना प्रदर्शन करने को मजबूत होंगे जिसके जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस औसत पर सद्दाम कुरेशी आलम खान ब्लॉक अध्यक्ष मेहदी हसन ब्लॉक सचिव घनश्याम नगर अध्यक्ष सद्दाम कुरेशी ब्लॉक सचिव दिया जमात कबीर खान बाबा सोनू खान नसीम अंसारी अकबर अली सलमान सिद्दीकी सुरेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### तीन दिन तक खड़ा रहा अज्ञात ई रिक्शा " जब ट्विट किया गया तब प्रशासन ने लिया कब्जे में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे शादियाबाद।** गाज़ीपुर शादियाबाद थाना क्षेत्र में भरूका गांव के सामने बरईपार (नहर) पुल के नीचे पानी में लावारिस बैट्री वाला ई रिक्शा गिरा हुआ था ई रिक्शा का नंबर ( UP65CT2803 ) हैं जब पास के गांव के लड़को की नजर इस पर पड़ी तो काफी लोग इकट्ठा हो गए। उसके बाद गांव के लड़को द्वारा उसे पानी से बाहर निकाल कर पुल के ऊपर खड़ा कर दिया गया। पानी से बाहर निकलने के बाद 3 दिन तक उसी तरह लावारिस हालत में पुल पर खड़ा था जब ट्विटर के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया तो मौके पर 112 नंबर पहुंची जिसमें तैनात हेड कांस्टेबल अजय मिश्रा, कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह,चालक राजेश कन्नौजिया द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल शादियाबाद थाने पर सूचना दिया जिसके बाद ट्रैक्टर के द्वारा ई रिक्शा को थाने पर भेजवाया गया डायल 112 नंबर के इस कार्य से गांव समेत क्षेत्र में भी लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

### समेली से साइबर क्राइम के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा** । प्रेस वार्ता के दौरान एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुरसेला थाना क्षेत्र के समेली में साजन कुमार दुकान खोलकर साइबर क्राइम को अंजाम दे रहे थे। सूचना के सत्यापन को लेकर साइबर थाना कटिहार की ओर से छापेमारी अभियान चलाकर आरोपी साजन कुमार के पास पांच लैपटॉप, दो प्रिंटर, एक स्कैनर, 14 आधार कार्ड, 46 नकली फिंगरप्रिंट, 8 एटीएम कार्ड, 7 मोबाइल, एक पासबुक, 20 मोमबत्ती, दो थम इंप्रेशन मशीन के साथ 1 लाख 35000 रुपए बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने कहा यह पूरा गिरोह है। जो नकली फिंगरप्रिंट बनाकर बैंकों से पैसे निकालने का काम करता था। फिलहाल हीरो के एक आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। बाकी बचे आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**निर्माण** केजीएमयू के सैटलाइट सेंटर के शीघ्र संचालन के लिए निरंतर समीक्षा की जा रही है

# सैटलाइट सेंटर को मेडिकल कॉलेज के रूप में उच्चीकृत किए जाने के लिए 2 साल के भीतर बिल्डिंग का निर्माण होगा पूर्ण



**बलरामपुर** । बलरामपुर जनपदवासियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिले इसके लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा केजीएमयू के सैटलाइट सेंटर के शीघ्र संचालन के लिए निरंतर समीक्षा की जा रही है। सैटलाइट सेंटर का संचालन प्रारंभ किए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से निरंतर पत्राचार एवं फॉलोअप किया जा रहा है। शासन स्तर पर निरंतर फॉलोअप पर प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा अनिल कुमार एवं प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा 300 बेडेड के केजीएमयू सैटलाइट सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की। जिलाधिकारी द्वारा सैटलाइट सेंटर एवं कंबाइंड हॉस्पिटल को कनेक्ट करते हुए संचालित किए जाने की बात कही गई। आईपीडी सैटलाइट सेंटर में एवं ओपीडी कंबाइंड हॉस्पिटल में देखा जायेगा। केजीएमयू सैटलाइट सेंटर को मेडिकल कॉलेज के रूप में उच्चीकृत किए जाने के लिए पुलिस लाइन के समीप 30 एकड़ की जमीन चिन्हित की गई है, जहां पर रेजिडेंशियल बिल्डिंग एवं एकेडमिक ब्लॉक का निर्माण दो वर्ष के भीतर पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जनपद वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए जिलाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हर बिंदुओं पर समीक्षा की जा रही है एवं हर संभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। केजीएमयू के सैटलाइट सेंटर के प्रारंभ हो जाने पर जनपदवासियों को बड़ी सौगात मिलेगी एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

# कजरी तीज गणेश चतुर्थी त्योहार को शांतिपूर्वक के साथ लोग मनाई



**बलरामपुर** । बलरामपुर कजरी तीज गणेश चतुर्थी त्योहार को शांतिपूर्वक व उल्लास के साथ लोग मनाई पुलिस सहयोग के लिए तैयार है गुंडा विद्युती के लोगों ने विवाद से दूर रहे अन्यथा जेल की हवा खानी पड़ेगी क्या बातें क्षेत्राधिकार सदर बृजनंदन राय ने कहा मंगलवार को थाना कोतवाली नगर थी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया था पीस कमेटी की बैठक में बोलते हुए क्षेत्राधिकार श्री राय ने कहा कि अगर कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें तुरंत समस्या का निस्तारण कराया जाएगा आदर्श नगर पालिका परिषद की तरफ से प्रतिनिधि करते हुए डीप सिंह ने कहा कि नगर पालिका की तरफ से चुनाव साफ सफाई प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी विसर्जन जुलूस के दौरान राप्ती नदी पर साफ सफाई प्रकाश की व्यवस्था कराई जाएगी किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अवगत कारण श्री गणपति केंद्रीय संबंध समिति संरक्षक अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि प्रशासन त्यौहार में समिति का सहयोग करें उन्होंने कहा कि विसर्जन जुलूस समय से निकलेगा तथा पति घाट पर पहुंचकर प्रतिमा का विसर्जन करेगा इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर विमलेश कुमार सिंह सामान्य समितिमहामंत्री डॉक्टर तुलसी से दुबे भाजपा नेता संजय शर्मा सभासद मनोज साहू सभा सब प्रतिनिधि अक्षय शुक्ला सभासद प्रतिनिधि मनीष तिवारी भाजपा नेता संदीप मिश्रा सभासद सिद्धार्थ साहू सुधा चौहान चंदन शुक्ला धर्मेंद्र सैनी कृष्ण कुमार तिवारी सहित तमाम मौजूद रहे ।

## ख़ास ख़बर

### भाजपा के खिलाफ कल्याणपुर प्रखंड जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओ किया विरोध प्रदर्शन



**समस्तीपुर मोहम्मद सिराज।** बताते चलें कि जदयू पार्टी ने जिम्मेवार भाजपा के खिलाफ कल्याणपुर प्रखंड जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओ ने प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व मे भाजपा का पोल खोलने के लिए कल्यानपुर उच्च विद्यालय से लेकर कल्यानपुर हाट तक केंद्र सरकार विरोधी नारा लगाते हुए मशाल जुलुस निकाला। कल्यानपुर चौक पर पहुँच कर जुलुस एक सभा मे तब्दील हो गया जिसे सम्बोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश सचिव प्रो. तकी अख्तर ने कहा कि जाति आधारित गणना को रोकने की साजिश करने वाली भाजपा का दलित और अति पिछड़ा और पिछड़ा विरोधी चेहरा उजागर हो गया है क्योंकि नीतीश सरकार इसके माध्यम से इनके विकास के लिए योजनाएं बनाना चाहती है जिससे इस वर्ग के लोगो का पूर्ण रूप से विकास हो सके। लेकिन केंद्र सरकर यह होने नहीं देना चाहती है। विधानसभा प्रभारी सुनील भारती सहनी ने कहा कि यह सरकार जनविरोधी है मंहगाई चरम पर है किसान आत्महत्या कर रहे है और यह कोरपोरेट का लोन माफ करने मे लगी है इसका जाना अब तय हो गया है। मौके पर मो तबरेज नीरज कुमार अंजनी कुशवाहा ललितेश्वर प्रसाद चंद्रप्रकाश गुड्डू राजीव कुमार पिंटू अनुष राज अनीश कुमार सूरज सहनी राधा देवी दीपक भगत ठाकुर रनवीर सिंह देवन साह रंजीत ठाकुर अभिनाश कुमार लालबाबू महतो नागेश्वर राय हरभजन सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल थे।

### कोशी विकास संघर्ष मोर्चा ने की राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सवर्ण आयोग बनाने की मांग



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** शहर के गंगजला स्थित देव रिसोर्ट में मंगलवार को एक बुद्धिजीवियों की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पंकज कुमार सिंह ने किया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सवर्णों को भी सरकारी लाभ मिले। इसके लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सवर्ण आयोग का गठन हो।इस संबंध में 25 सितंबर को एक प्रमंडलीय स्तर पर बैठक रखी गई है। जिसमें आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जाएगी । प्रवीण आनंद ने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़े हुए गरीब सवर्णों के उत्थान के लिए सरकार को आगे आने की जरूरत है।इससे समाज में असमानता और असंतोष की भावना उपज रही है।46% सवर्ण कृषि पर निर्भर है इसके बाद भी बिक रही है जमीनें।55% सवर्णों के पास एक एकड़ जमीन भी नहीं बची है।जबकि 33.4% सवर्ण आबादी के पास कृषि योग्य कोई भूमि नहीं है।वही 20% सवर्ण आबादी के पास रहने के लिए पक्का मकान नहीं है।19.9% सवर्ण आबादी कच्चा मकान और झोपड़ी में रह रही है।36% सवर्ण गरीबी रेखा से नीचे है।ये बीपीएल कार्ड के हकदार हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में 90% युवाओं के पास ग्रेजुएशन की डिग्री नहीं है।वही ग्रामीण क्षेत्र के 49% सवर्ण के बच्चे गरीबी के कारण पढ़ाई छोड़ दिया हैं।16% बच्चे घर पर काम में व्यस्तता के कारण स्कूल नहीं जा पाते हैं । 9.6% बच्चों के अभिभावक का मानना है कि पढ़ाई जरूरी नहीं है बिहार में 43.5% सवर्ण पलायन को मजबूर है।बिहार में 65.6% नौकरी के लिए घर छोड़ने को मजबूर है।इस बैठक में ज्ञानेश्वर ज्ञानू, सुनील कुमार सिंह, त्रिदेव सिंह ,दयानंद झा, दीपक कुमार सिंह वार्ड आयुक्त, संजीव कुमार , ज्योति कुमार सिंह,अमित कुमार सिंह,उत्पल कुमार ,पिंटु कुमार सिंह आदि उपस्थित थे ।

### वाल्मीकि नगर पुलिस ने किया 10 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** बगहा पुलिस जिला के वाल्मीकि नगर पुलिस ने गुप्त सूचना के आलोक में 10 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस इन्स्पेक्टर सह वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष विजय कुमार राय ने बताया कि देसी चलाई शराब कारोबारी राजदेव उरॉव उम्र लगभग 50 वर्ष पिता स्वर्गीय सुखल उरॉव ग्राम धंगडहिया थाना वाल्मीकि नगर गांव निवासी ने सोमवार की शाम अपने कंधे पर लाद कर एक प्लास्टिक के डब्बा मे रखे लगभग 10 लीटर देसी चुलाई शराब लेकर जा रहा था।तब तक पुलिस बल की गाड़ी को देख दौड़कर भागने लगा।भागते हुए देख पुलिस बल को शक हुआ। उन्होंने बताया कि पुलिस बल ने दौड़कर भागते हुए व्यक्ति को पकड़ा।तलाशी के दौरान व्यक्ति के पास से एक प्लास्टिक के डब्बा मे रखे लगभग 10 लीटर देसी चुलाई शराब को जब्त कर पूछ-ताछ की गई तो वह अपना नाम राजदेव उरॉव ग्राम धंगडहिया बताया।वाल्मीकि नगर पुलिस ने एक प्लास्टिक के डब्बा मे रखे लगभग 10 लीटर देसी चुलाई शराब को बरामद कर शराब कारोबारी को वाल्मीकि नगर थाना लाया। गिरफ्तार कारोबारी के विरूद्ध बिहार नए उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 98/23 मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा गया।

# पंडित उमाशंकर तिवारी महिला कांलेज का निरीक्षण




**दैनिक शुभ भास्कर बगहा।** बगहा नगर स्थित पंडित उमाशंकर तिवारी महिला महाविद्यालय का निरीक्षण मंगलवार को बिहार विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल टीम ने किया। निरीक्षण में विश्वविद्यालय के तरफ से आयें प्रतिनिधियों में एमजेके कॉलेज बेतिया के प्रोफेसर डॉ सुरेंद्र राय व प्रोफेसर डॉ गोखुला प्रसाद ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया। डॉ सुरेंद्र राय ने बताया कि बिहार विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देश के आलोक में पंडित उमाशंकर तिवारी महिला महाविद्यालय के भवन, छात्रावास, स्विमिंग पूल, इनडोर स्टेडियम , लाइब्रेरी , लैब रजिस्टर पंजी इत्यादि का निरीक्षण कर जांच किया गया। महिला महाविद्यालय में भवन, छात्रावास, इनडोर स्टेडियम आदि से संतुष्ट हुए । प्रोफेसर सुरेंद्र राय व प्रोफेसर गोखुला प्रसाद ने सुयक्त रूप से जांच किया, जांच के दौरान महाविद्यालय के प्रोफेसर, सभी नॉन टीचिंग स्टाफ , छात्राएं मौके पर मौजूद रहे। विश्वविद्यालय से आए प्रतिनिधियों ने बताया गया कि पंडित उमाशंकर तिवारी महिला महाविद्यालय की जांच रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेज दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान पं.उमाशंकर तिवारी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रोफेसर अरविंद तिवारी, प्रोफेसर चंद्रभूषण मिश्रा, डॉ अनिल तिवारी महाविद्यालय के प्रोफेसर और नॉन टीचिंग स्टाफ श्रीकांत पांडेय, मोहम्मद हाफिजुर रहमान ,अविनाश पांडे, उमेश चंद यादव, सत्येंद्र तिवारी, गजेंद्र पांडे कन्हैया त्रिपाठी ,रविकांत पांडे, सिकंदर कुमार ,रूपक प्रियदर्शी ,बंटी द्विवेदी, ओम प्रकाश राम आदि मौजूद रहे।

## उदय सागर पाल पर मेले का उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ उदयपुर /राजस्थान।** आज ग्राम पंचायत बिछड़ी के उदय सागर पाल पर मेले के उद्घाटन शुभ अवसर पर पूर्व विधायक एवं वर्तमान प्रधान मावली पुष्कर डांगी खेमली ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणावत जिला परिषद प्रत्याशी चुन्नीलाल गोवला पूर्व सरपंच बाबू सिंह देवड़ा जगन्नाथ सुथार ब पूर्व सरपंच भगवती लाल खटीक साकरोदा गणेश पटेल भल्लो का गुड़ा महेंद्र सिंह करगेट प्रकाश पटेल वकील , मंगल कुमार सेन बिछडी वाडा भगवत सिंह देवड़ा बिछडी वाडा भेरुलाल सुथार डालू सुथार मांगीलाल सुथार द्वारकेश सुथार ईश्वर सुथार मुकेश सुथार चंगेड़ी देवेंद्र पालीवाल भगवती लाल सुथार सिंहाड़ा नरेश सुथार रमेश सुथार हरजीराम गायरी जगन्नाथ गायरी गमेरा की रेबारी नंगा रेबारी सिहाडा भेरुलाल पटेल पुष्कर पटेल मुकेश पटेल देवी लाल गमेती सुरेश मेघवाल मीठालाल गमेती दुदाराम गमेती ऊंकार गमेती बिछड़ी नोरा एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाकोड़ा धाम पर स्टार गोल्ड ग्रुप की धार्मिक यात्रा संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर राजस्थान उदयपुर।** स्टार गोल्ड ग्रुप द्वारा उदयपुर से जैन तीर्थ श्री नाकोड़ा भैरव जी मेवा नगर बाड़मेर राजस्थान दर्शन यात्रा भेरू दादा के दरबार में छप्पन भोग का आयोजन ग्रुप द्वारा किया गया सभी ग्रुप के पुरुष वर्ग ने श्वेत वस्त्र धारण कर माथे पर साफा सजाया एवं महिला वर्ग ने राजस्थान की परिपाटी अनुसार लाल चुनरी पहनकर गाजे-बाजे के साथ सभी लोग नाचते गाते हुए मंदिर की में पहुंचे और चांदी का छत्र एवं 56 भोग भेरुजी के चरणों में धराया गया कार्यक्रम मैं ललित लोढ़ा ललित कोठारी( अन्ना ) जैन संगीतकार पंकज भंडारी कॉमेडी किंग सुरेश बडगुर्जर प्रकाश झगड़ावत( भाऊ ) घनश्याम जैन दिलीप गदिया राकेश डांगी( जैन ) सुनील कोठारी अरविंद झगड़ावत संजय चंडालिया राजेंद्र चौरड़िया इस पूरे प्रोग्राम के सूत्रधार आयोजक मधुरभाषी सरल स्वभावी और सबको साथ लेकर चलने वाले ललित लोढ़ा ने कार्यक्रम संपन्न होने पर सभी का आभार जताया।

# गायत्री परिवार द्वारा नारी चेतना जागरण शिविर का हुआ आयोजन

**कहलगांव से कन्हैया खंडेलवाल की रिपोर्ट।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा माता बहनो के स्वावलंबन एवं चेतन को लेकर किया जा रहे नारी सशक्तिकरण वर्ष के उपलक्ष में कहलगांव शहर स्थित महिला प्रशिक्षण केंद्र में अनुमंडल स्तर पर नारी चेतना जागरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर कार्यक्रम का प्रारंभ श्री सुरेंद्र प्रसाद मंडल कन्हैया खंडेलवाल बहन नीलू देवी बबीता देवी भाई सच्चिदानंद भगत गोविंदाचार्य जी डॉक्टर बिपलब चौधरी काजल कुशवाहा ने सर्वप्रथम गायत्री मंत्र एवं ओम के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नीलू बहन ने कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा दिया गया नारा "इक्कसवीं सदी - नारी सदी" आज पूरे विश्व मे मूर्त रूप ले रहा है। हम सभी को गुरुदेव के संदेश को घर-घर पहुंचाना चाहिए। एक परिवार और आने वाली पीढ़ी को सुधारने के लिए महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहती है। यदि सभी महिलाएं अपने घर के बच्चे को बचपन से ही यह प्रशिक्षण दें कि वह हर कार्य में अपनी बहनों एवं माताओं को सहयोग प्रदान करें और सभी भाई सभी महिलाओं के प्रति अच्छी दृष्टि रखें तो नारी प्रताड़ना की समस्या शत प्रतिशत समाप्त हो सकती है, वही गायत्री परिवार के सुरेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अस्मिता सदैव बरकरार रखने हेतु पुरुष वर्ग का वैचारिक उत्थान भी आवश्यक है। गायत्री परिवार के विपलव कुमार चौधरी ने उपस्थित माता बहनों के बीच विस्तार से धर्म कर्म मर्यादा संस्कृति संस्कार के संबंध में काफी जानकारी प्रदान करते हुए कहा की - आज व्यक्तिगत स्तर पर देखा जाए तो पारिवारिक व सामाजिक स्तर पर समस्याओं का अंबार है उदाहरण के रूप में ही दिखता है कि "परिवार है पर प्यार नहीं हैं" परसपर संवादहिनता की कमी है एक दूसरे का कुशलछेम पूछने की फुर्सत नहीं है, माता- पिता अभिभावक के अन्य कार्यों में ज्यादा व्यस्त रहने के कारण बच्चों का बौद्धिक ज्ञानवर्धन और संस्कार संस्कृति और मर्यादा की कमी के कारण बच्चे भटक रहे हैं और उद्दंड तथा अनुशासनहीन बन रहे हैं इसका समाधान है मानवीय चिंतन जिससे चरित्र का उत्थान होगा "अपनी मनहस्थिति बदलनी होगी तो स्थिति बदलेगी" "शरीर तन मन को स्वच्छ रखेंगे तो स्वच्छ समाज का भी निर्माण होगा।" आज नारी सशक्ति करण के लिए उलझे विचार व आत्मबल संपन्न नारी ही दूसरों को प्रेरित और प्रभावित कर सकती है इसके लिए हम माता बहनों को साधना स्वाध्याय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है जिससे परिवार निर्माण समाज निर्माण का आधार नारी ही परिपूर्ण कर सकती है क्योंकि नारी में ही सीजन संवेदना की विशेषता भरी पड़ी होती है, क्योंकि नारी परिवार व समाज की मेरुदंड है, किसी भी साधारण व्यक्ति को महापुरुष बनाने वाली नारी ही है ।

### भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का किसान नेता हाड़ा ने किया भव्य स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान।** चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजस्थान में निकाली जा रही संकल्प परिवर्तन यात्रा का बेगूं विधानसभा के गंगरार में प्रवेश करने पर बेगूं विधानसभा के किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने बिजलीघर चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया।सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प परिवर्तन यात्रा पर पुष्पवर्षा करके एवं आतिशबाजी के साथ जोरदार नारेबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया। संकल्प परिवर्तन यात्रा के रथ पर चित्तौड़गढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष मिठु लाल जाट,पूर्व प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर,संकल्प परिवर्तन यात्री के चितौड़गढ़ जिला संयोजक रघुशर्मा,बेगूं विधानसभा संयोजक देवी सिंह राणावत सहित भाजपा नेताओं को माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं के साथ शिव वाटिका में आयोजित परिवर्तन सभा में शामिल हुए। जहां वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन और देवकी फाउंडेशन के द्वारा लगातार दसवां भंडारा



**दैनिक शुभ भास्कर, दरभंगा /मनोज कुमार दरभंगा।** भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन और देवकी फाउंडेशन के द्वारा लगातार दसवाँ भंडारा का आयोजन होटल एपी पैलेस के पास किया गया। देवकी फाउंडेशन के डायरेक्टर व भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सजल यादव ने बताया कि सावन के महीना में लगातार आठवां भंडारा का आयोजन किया गया था इसके बाद संगठन के द्वारा निर्णय लिया गया कि यह भंडारा लगातार नियंत्रण हर मंगलवार को लगाया जाए। इसको लेकर मिर्जापुर रोड स्थित होटल एपी पैलेस के नीचे भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब 500 लोगों को भोजन कराया गया भंडारा आयोजन में भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव पुरेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष प्रिंस परवेज, सदस्य धर्मेंद्र कुमार, विजय कुमार सिंह, रोहित कुमार ,शंभू कुमार, सुधीर कुमार ,नवीन कुमार मिश्रा, रोशन कुमार।

### गंडक नदी में कटाव से ग्रामीण भयभीत



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** पश्चिम चंपारण जिला के बगहा अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखंड के रंगललही गदियानी टोला के समीप गंडक नदी का घटता जलस्तर कटाव के लिए मुसीबत बन गया है। गंडक नदी ने यू टर्न ले लिया है, और कटोरे के शक्ल में नदी की तेज धारा भीषण कटाव कर रही है।इस कटाव से गंडक दियारा पार के मधुबनी प्रखंड के लोगों की बेचैनी बढ़ गई है।तेजी से हो रहे कटाव से पीपी तटबंध के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं।दस दिनों के भीतर बांध से करीब 150 मीटर दूर से कटाव करते हुए नदी अब बांध के बिल्कुल करीब आ गई है।नदी के तेज धार में सैकड़ों एकड़ जमीन और फसल कटकर विलीन हो चुके हैं।लिहाजा ग्रामीण अक्रोशित हैं और जल संसाधन विभाग द्वारा कराए जा रहे कटावरोधी कार्य पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। यहीं वजह है कि अब नदी की तेज धारा पीपी तटबंध के करीब पहुंच गई है और तटबंध कभी भी नदी के आगोश में समा सकता है।बता दें कि डीएम दिनेश कुमार राय ने भी मौके पर पहुंचकर कटाव का जायजा लिया।निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा की विभाग द्वारा शुरू में थोड़ी उदासीनता दिखाई गई लेकिन अब कटावरोधी कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है और किसी भी सूरत में बांध को कटने से बचाया जाएगा।

### श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर राकेश जैन उदयपुर राजस्थान।** राधे राधे फ़ूड प्लाजा द्वारा 16 september 2023 शनिवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे बाबा का दरबार दिल्ली से सजाने आ रहे हैं।बाबा को 56 भोग लगाया जाएगा,प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भक्ति रस को बिखरने के लिए भजन सम्राट पंकज भंडारी भैरव भक्त उदयपुर,सुनंदा चौबीसा उदयपुर,मोनू भाई मंदसौर आ रहे है। संगीत प्रवीण मकवाना ग्रुप मध्यप्रदेश का साउंड जैन साउंड हिरण मंगरी उदयपुर रहेगा। इस भजन कीर्तन को लेकर पूरे उदयपुर में पूरा जोश है।बाबा के परम भक्त विनोद गेलड़ा, मुकेश चौबीसा,कल्पेश मेवाड़ा द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम का जायजा लिया गया।

**अभियान** | पतिलार पंचायत में चार सदस्यीय सोशल ऑडिट टीम ने किया ग्राम्य स्तरीय जांच

# पंचायत के कार्यों का टीम ने किया निरीक्षण व सत्यापन, आमजनों से ली कार्यों की जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** प्रखंड बगहा एक अंतर्गत पतिलार पंचायत में मंगलवार को सोशल ऑडिट चार सदस्यीय टीम के द्वारा ग्राम्य स्तरीय जांच की गई। साथ ही सर्वे ग्राम सभा का आयोजन पंचायत मुखिया पायल मिश्रा के अध्यक्षता में की गई। चार सदस्यीय सोशल ऑडिट टीम के द्वारा विगत वर्ष में हुए पंचायत के कार्यों का निरीक्षण सत्यापन की गई। साथ ही आमजनों से उन कार्यों के बारे में जानकारियां ली गई और भौतिक सत्यापन किया गया। सोशल ऑडिट की टीम के द्वारा राशन वितरण प्रणाली के तहत डीलरों के स्टॉक उनके पंजी आदि की जांच की गई और उपभोक्ताओं के यहां जाकर उनसे डीलर के द्वारा वितरित किए जा रहे राशन के बारे में भी जानकारियां ली गई। पीएम आवास के द्वारा बनाए गए भवनों का निरीक्षण किया गया, और लोहिया स्वच्छता मिशन के अंतर्गत बनाए गए शौचालय का भी भौतिक सत्यापन और निरीक्षण किया गया। लोगों से कार्यों के प्रति जानकारियां ली गई, मनरेगा में हुए कार्यों जैसे वनपोषक योजना से संबंधित मजदूरों से मिलकर उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में पूछा गया। और विभिन्न योजनाओं में लोगों की कुछ कार्यों के प्रति मांगों को नोट भी की गई। मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा ने बताया कि सरकार की इस पहल से और ऐसे टीम के सर्वे से विकास कार्य में पूरी पारदर्शिता लाने का बेहतर प्रयास है। ताकि सरकारी योजनाएं धरातल पर है कि नहीं और पंचायत की जनता का इसके बारे में क्या प्रतिक्रिया है। जानकारी समस्त जनता सहित सरकार को मिलती है सरकार सभी योजनाएं तो देती हैं, लेकिन वह पूर्ण रूप से हो पाई है या नहीं उसे कार्यों के प्रति आमजन का क्या विचार है, आदि की जानकारी सीधे सरकार को प्राप्त होती है। सर्वे के बाद पंचायत के सभी ग्रामीणों के साथ बैठकर उसमें जो भी सुझाव और शिकायतें होती हैं उसको ग्राम सभा के बीच में रखा जाता है। एक कमेटी बनाई जाती है और कमिटी अध्यक्ष के द्वारा उसे रिपोर्ट का अनुमोदन किया जाता है।इस अवसर पर पंचायत सेवक राहुल कुमार, रोजगार सेवक रघुनाथ प्रसाद, आवास सहायक गुंजन कुमार, स्वच्छता पर्वेक्षक गोविंद कुमार, वार्ड सदस्य जगदीश पासवान, अभय कुमार उपाध्याय, प्रहलाद चौधरी, ललित राव, कृष्णा पासवान अभिनंदन कुमार, दुर्गेश कुमार समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिले में प्रखंड स्तर पर दिनांक 14 से 18 सितंबर तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में प्रखंड स्वास्थ्य मेला के आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया। बैठक में बताया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में दिनांक 14 से 18 सितंबर 2023 तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमे सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद जांच, आंख, कान, गला, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा जांच, पोषण के लिए परार्मश, आरटीआई, एसटीआई व एड्स नियंत्रण, कुष्ठ, टीबी नियंत्रण, मलेरिया, फाइलेरिया, अंधापन व धूम्रपान और तम्बाकू के रोकथाम के बुरे प्रभाव, बीपी, डायबिटीज आदि की निःशुल्क जांच के साथ ही दवा दिया जाएगा।उपायुक्त ने इसकी समीक्षा करते हुए कहा कि प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास अथवा सीएचसी परिसर में हो ताकि क्लिनिकल परीक्षण और दवाओ आदि की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके, साथ ही आम लोग आसानी से वहां तक पहुंच सकें। उन्होंने मेले में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अलग अलग सुविधाजनक स्टॉल लगाने का निर्देश दिया एवं सभी स्टालों में आवश्यकतानुसार मेडिकल टीम एएनएम, सीएचओ, स्टाफ नर्स एवं अन्य की उपलब्धता की जानकारी ली एवं पर्याप्त संख्या में सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा प्रखंड स्वास्थ्य मेला के वृहत प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया । उन्होंने प्रखंड स्वास्थ्य मेला को लेकर सभी आवश्यक पहलुओं पर समीक्षा करते हुए मेले के सफल आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां अविलंब पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। मौके पर उपरोक्त के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपाल कृष्ण झा, सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित, संबंधित एमओआईसी आदि उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में हजारीबाग विधायक को भाजपा ने दी बड़ी जिम्मेवारी



**हजारीबाग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव -2023 को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को एक बड़ी जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष के मार्गदर्शन में आगामी छत्तीसगढ़ चुनाव में एक पूरे जिले के कुल 4 विधानसभा सीट की जिम्मेवारी विधायक मनीष जायसवाल जी को दी गई है। विधायक मनीष जायसवाल को छत्तीसगढ़ राज्य के महासमुंद जिले के कुल चार विधानसभा क्षेत्र का चुनाव में संगठनात्मक जिम्मेवारी दी गई है। उन्हें इसकी जानकारी भाजपा के राष्ट्रिय महामंत्री तरुण चुग द्वारा दिया गया है । ज्ञात हो की इससे ही पूर्व उन्हें बिहार विधानसभा चुनाव और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी पार्टी की ओर से विश्वास जताते हुए जिम्मेवारी दी गई थी जिसमें उनका प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा था ।

### स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन का चलो सेनानी के द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण का शुभारंभ



**मोतिहारी, अशोक कुमार।** अगस्त क्रांति एवं स्वतंत्रता दिवस पर पूर्वी चंपारण जिला स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन द्वारा आरंभ अभियान चलो स्वतंत्रता सेनानी के द्वार टीम में हैं जिला अध्यक्ष श्री किशोर पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष अमिता निधि मेघना मिश्रा,श्री गुप्ता जी, किशोरी लाल,संजय सत्यार्थी राजेश अस्थाना एवं अन्य लोग हैं। टीम को रवाना करते समय अपने संबोधन में प्रदेश महासचिव अशोक वर्मा ने कहा कि 1000 वर्ष की गुलामी ऐसे ही नहीं मिल गई हजारों लाखों सेनानियों ने अपनी जीवन को कुर्बान कर दी। आजादी के 75 वर्ष बाद आज सभी सेनानी परिवार को राष्ट्रीय परिवार घोषित होना चाहिए था परंतु ऐसा नहीं हो सका। काफी सेनानी परिवार अभी अभाव में जी रहे हैं ऐसे लोगों को सरकार द्वारा सर्वे करा कर आर्थिक सहयोग करना चाहिए। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार इंतजारुल हक ने कहा कि जिस देश ने अपने स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और सम्मान दिया उस देश ने हमेशा हीं ऊंचाई को प्राप्त किया है।आजादी की लड़ाई लड़ने में सभी धर्म जाति और वर्ग के लोग थे सभी का योगदान रहा था। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष एवं नेतृत्व करता श्रीकिशोर पांडे ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जिन लोगों ने भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया सभी का ऋण तभी उतरेगा जब उनके परिकल्पना का राष्ट्र निर्माण हम करेंगे। गिरती कला के दौर में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों के कंधे पर आज बडी जिम्मेदारी है और हम इस चुनौती को स्वीकार करते हैं तथा सेनानी परिवार के हर दुख तकलीफ में हम उनके साथ खड़े रहेंगे एवं हर तरह से सरकारी सहयोग दिलाने का प्रयत्न करेंगे। मंगलवार को जिन सेनानियों के दरवाजे तक यात्री पहूंचे उनमे बृजनंदन शर्मा, नंद लाल सिंह पूर्व विधायक ,बीजबनी घोडासहन के जानकी राम,पुरनहिया के रामचंद्र शरण, वासुदेव प्रसाद चंपारणी आदि मुख्य रूप से है। इसके द्वार पर टीम के सदस्य तिरंगा लिए हुए पहुंचे और दिवंगत सेनानी को याद किया तथा उनके संघर्ष त्याग और बलिदान के गाथा को आम जनों को सुना कर पुरानी याद को ताजा किया ।

### प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार की बैठक



**हजारीबाग दैनिक शुभ भास्कर/ सोहेल किरमानी, हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार हजारीबाग की बैठक आयुक्त-सह-अध्यक्ष उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के सभागार कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरिन किस्पोट्टा द्वारा की गई। उक्त बैठक में सरकार द्वारा निर्धारित मार्गो पर वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा, सवारी परमिट नवीकरण, समय सारणी संशोधन एवं सवारी परमिट प्रतिहस्ताक्षर आदि से संबंधित आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही वैसे मामले जो पूर्व प्राधिकार की बैठक में लंबित रह गए थे उन मामलों पर भी आयुक्त महोदया द्वारा विचार कर निराकरण किया गया। परमिट से संबंधित कुल 24 कार्यावाली थे जिसमें कुछ मामलों पर आज की बैठक में विचार किया गया। बचे हुए मामलों पर विचार कल की बैठक में की जाएगी।जिनमें परमिट नवीकरण से संबंधित 26 मामलों पर, परमिट प्रतिहस्ताक्षर के 12 मामलों पर, परमिट प्रतिहस्ताक्षर नवीकरण के 5 मामलों पर, वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा के 25 मामलों पर विचार-विमर्श कर प्राधिकार द्वारा सुनवाई करते हुए निष्पादन करने का आदेश निर्गत किया गया। प्राधिकार के द्वारा बैठक में प्रमंडल अंतर्गत आने वाले 7 जिलों (हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, बोकारो, गिरिडीह एवं धनबाद) के यात्री वाहनों से संबंधित परमिट, समय एवं अन्य कार्यों का निष्पादन किया गया। बैठक में उप परिवहन आयुक्त सह सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार श्री रवि राज शर्मा उपस्थित थे। इसके सरकार द्वारा नामित व्यक्ति श्री मंटू यादव एवं श्री शहनवाज अंसारी प्राधिकार सदस्य के रूप में बैठक में भाग लिए।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का 16 सितंबर को होगा आयोजन



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** किशनगंज जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023-24 का आयोजन 16 - 17 सितंबर को 10:30 बजे से पोठिया के अर्राबाडी स्थित डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय में होगा। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि दिनांक 16- 17 सितंबर 2023 को डॉक्टर कलाम एग्रीकल्चर कॉलेज, पोठिया में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता से जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को एक सशक्त मंच मिलेगा। पोठिया में आयोजन स्थल रखने से दूर- दराज के कलाकारों को भी भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।इसमें सफल युवा कलाकार राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। किशनगंज जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023-24 प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान प्रदर्श कला और चाक्षुष कला अंतर्गत “”"समूह गायन ( संगत कलाकार सहित 10 कलाकार), समूह लोकनृत्य (संगत कलाकार सहित 20 कलाकार), एकांकी नाटक (अधिकतम 12 कलाकार), शास्त्रीय नृत्य (कत्थक, ओडिसी, भरतनाट्यम, मणिपुरी तथा कुच्चीपुड़ी अधिकतम 5 कलाकार), शास्त्रीय गायन( हिंदुस्तानी/कर्नाटक शैली) एकल प्रस्तुति (संगत कलाकार सहित 03 कलाकार), शास्त्रीय वादन एकल प्रस्तुति (सितार, गिटार, तबला, बांसुरी, वीणा,मृदंगम “”पखावज नहीं), हारमोनियम वादन (सुगम), वक्तृता एकल प्रस्तुत (हिंदी/अंग्रेजी), चित्रकला, फोटोग्राफी, हस्तशिल्प प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा । जिला-स्तर पर आयोजित युवा उत्सव से चयनित प्रथम स्थान प्राप्त कलाकार/दल कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेंगे,जो सारण जिला में होना है। बता दें कि कृषि कॉलेज में दिनांक 16.09.2023 को प्रदर्श कला और चाक्षुष का आयोजन होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य विधाओं के युवा कलाकारों के प्रोत्साहन हेतु राज्य सरकार का निर्णय है कि जिला स्तर पर एवं राज्य स्तर पर लोक गाथा गायन, लोकगीत, सुगम संगीत, वायलिन वादन, सारंगी वादन, सरोद वादन, शहनाई, पखावज, धुपद-धगाड़ की प्रतियोगिता भी होगी। विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत करते हुए राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए चयनित किया जाएगा। इस कला के अन्तर्गत प्रथम दिन के प्रदर्शन के बाद शेष अन्य विधाओं की प्रतियोगिता दिनांक 17.09.2023 को आयोजन किया जाएगा। चाक्षुष कला की प्रतियोगिता कृषि कॉलेज में ही संपन्न होगी। [गौरतलब है कि युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की उम्र 15 से 35 वर्ष निर्धारित है।] जिला कला संस्कृति पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव की सारी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में जिले के युवक युवतियों द्वारा आवेदन किया गया है। कुल 91 टीम में 161 कलाकार का आवेदन विभिन्न विधाओं में प्राप्त हो गया है,जिसकी स्क्रुटनी जारी है।बिना निबंधन के युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकते है।कलाकार /प्रतिभागियों को वेष-भूषा, परिधान, वाद्ययंत्र, मंच सामग्री और संगत कलाकार की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

## सम्मानित होने पर जिले के मीडिया कर्मियों में प्रसन्नता व्यक्त की



**मोतिहारी, बीके अशोक वर्मा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आबू रोड़ ,शांतिवन कांफ्रेंस सभागार में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर की हिंदी सेवी संस्था विक्रमशिला हिंदी विद्या पीठ द्वारा मोटिवेशनल स्पीकर वरिष्ठ राजयोगी बीके सूर्य भाई तथा ब्रह्माकुमारीज मिडिया विंग के नेशनल कॉर्डिनेटर राजयोगी बीके शांतनु भाई को उनके हिंदी के प्रति विशेष योगदान के लिए विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से विभूषित किये जाने पर दोनो चंपारण जिले के प्रतिबद्ध पत्रकारों के अलावा वैसे पत्रकार जो राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिए हैं तथा सेवाकेन्द्रों की टीचर बहनो ने अति प्रसन्नता व्यक्त की । मीडिया विंग के आजीवन सदस्य बीके अशोक वर्मा ने कहा कि गिरती कला के वर्तमान दौर में जहां आत्माएं कमजोर हो गई है, ब्रह्माकुमारी द्वारा अपने विभिन्न प्रभागों के माध्यम से आत्माओं का आध्यात्मिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। उसी क्रम में मीडिया प्रभाग द्वारा भी सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चंपारण जिले से काफी पत्रकारों ने अलग-अलग वर्ष में मीडिया कांफ्रेंस में भाग लिया और वहां से प्राप्त आध्यात्मिक शक्ति की बदौलत वे मूल्य निष्ठ पत्रकारिता कर दिनों दिन अपने करियर को भी काफी ऊंचाई तक ले जा रहे है। सम्मानित होने वाले राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर बीके शांतनु भाई को बधाई देते हुए बॉर्डर न्यूज़ मिरर के संपादक सागर सूरज ने कहा कि जब मैं मीडिया कांफ्रेंस में भाग लेने ज्ञान सरोवर गया था तो वहां शांतनु भाई के अंदर जो एक अलौकिक शक्ति देखी वह अद्भुत था।वहां जाने के पहले ब्रह्माकुमारी संस्था को मैं ठीक से समझ नहीं पाया था लेकिन जब मैं इस संस्था के कार्य को वहां देखा तो आश्चर्यचकित रह गया। निश्चित रूप से बीके शांतनु को जो सम्मान मिला है वह इससे बहुत ऊपर के स्थान को प्राप्त कर चुके हैं। चंपारण की क्रांति अखबार के संपादक भ्राता नरेंद्र जायसवाल ने कहा कि मुझे दो बार मीडिया सम्मेलन में जाने का मौका मिला है और वहां से मुझे जो प्राप्ति हुई है शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता, दैनिक जागरण अखबार के सहायक संपादक अनिल तिवारी ने मीडिया सम्मेलन के संस्मरण को सुनाते हुए कहा कि शांतनु भाई के अंदर जो सादगी देखी वह कहीं नहीं दिखाई दी वास्तव में उनके नेतृत्व में संस्था का स्पिरिचुअल एंपावरमेंट का जो काम चल रहा है वह अति सराहनीय है। दैनिक जागरण के पूर्व सहायक संपादक एवं यूट्यूब चैनल के संपादक सिद्धार्थ वर्मा ने बधाई संदेश में कहा कि शांतनू भाई मे मीडिया को मूल स्वरूप में लाने की ललक देखी, प्रभात खबर हिंदी दैनिक के वरिष्ठ पत्रकार इंतजार हक ने कहा कि ब्रह्मकुमारी के मीडिया विंग की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी वहां से मिले सर्टिफिकेट के आधार पर मुझे एक सरकारी पद पर प्राथमिकता मिली ।

## प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने किशनगंज के शिक्षकों को सम्मानित किया



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** पटना स्थित ऐतिहासिक रविन्द्र भवन में प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले ग्यारहवें शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का उद्धघाटन पूर्व मंत्री सह शिक्षाविद अखिलेश सिंह , मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, प्रेमचंद मिश्र , शेखर मेहता , वरिष्ठ आईO एO एसO आलोक राज एवं अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन किशनगंज के जिला अध्यक्ष जकी अनवर के नेतृत्व में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मकतूब आलम, जोआइंट सेक्रेट्री असद इक़बाल, उपाध्यक्ष अंसार आलम, कोषाध्यक्ष एज़ाज़ आलम, पेट्रोन साजिदुर रहमान, सदस्य जमाल अख्तर, शिव नारायण पंडित, मुनाजिर आलम, ललित कुमार के अलावे इश्तियाक अहमद,मुकेश कुमार, अब्दुर रहमान, कुणाल वर्मा, शम्स आगाज़, अब्दुस समद, नजीर अहमद, एहतेशाम आलम, प्रणव कुमार मिश्रा, रूपेश कुमार,नासिर आलम, शाहबाज़ आलम, डॉक्टर असरारुल हक, इफ्तेखार आलम, बीरबल कुमार,अशोक कुमार, सुरेश कुमार गणेश,संजय महतो के अलावे कई अन्य शिक्षकों को मोमेंटो से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर बोलते हुए वक्ताओं ने एसोसिएशन के बैनर तले बिहार के 25 हजार और पूरे देश के लगभग दो लाख निजी विद्यालयों के संगठन के नेतृत्व कर्ता एवं सभी पदाधिकारिगण की न केवल प्रसंशा किया बल्कि देश में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए निजी विद्यालयों की सराहना भी की। प्रोग्राम में शिक्षकों को सम्मनानित करने के साथ साथ स्कूलों के समस्याओं को बारी बारी से सभी जिला अध्यक्षों ने मंत्रीगण के सामने रखा। सरकार के मंत्रियों और शिक्षाविदों ने हर मुमकिन प्राइवेट स्कूलों का साथ देने का न केवल वादा किया बल्कि सरकार से बात कर समस्याओं को दूर करने की बात भी की।इस अवसर सम्मानित होने वाले शिक्षकों एवम उक्त संघ के किशनगंज जिला अध्यक्ष श्री जकी अनवर ने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए हमारे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सैयद शमायले नबी धन्यवाद के पात्र हैं।

### परिसदन भवन, में सदाचार समिति की बैठक संपन्न



**हजारीबाग दैनिक शुभ भास्कर/ सोहेल किरमानी।** परिसदन भवन, हजारीबाग में सदाचार समिति की जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षातमक बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर विधायक राम चन्द्र सिंह ने अधिकारियों से संवाद करते हुए बारी-बारी से उनको मिले लक्ष्यों की जानकारी ली, तथा जल्द ही अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस दौरान उन्होंने पीएचडी विभाग अधिकारी से चापानल लगाये जाने एवं उसकी मरम्मती की जानकारी ली, साथ ही लक्ष्य के बारे में जाना कि 35 में से 16 पूर्ण कर ली गई है। बाकी का कार्य प्रगति पर है। इस दौरान सामुदायिक शौचालय के रख रखाव की भी समीक्षा हुई। बाकी के कार्य को विधायक महोदय ने जल्द पूर्ण किये जाने का निदेश दिया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग ने डीडीटी का छिड़काव किये जाने की जानकारी दी। उक्त अधिकारी ने बताया कि डीडीटी का पहला चरण का छिड़काव नगर निगम क्षेत्र में किया गया है। दूसरे चरण के छिड़काव की जानी बाकी है। जो जल्दी की जाएगी। बैठक के दौरान उत्पाद विभाग के द्वारा जानकारी दिया गया कि इस माह 110 प्रतिशत तथा पिछले माह 114 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्ति की गई। वहीं पथ निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि सड़कों की मरम्मति की जा रही है। इस दौरान विधायक महोदय ने लक्ष्य को जल्द पूर्ण किये जाने की बात कही। इस दौरान वन विभाग द्वारा हाथियों से होने वाले समस्याओं को रखा गया। जन मानस को इससे परेशानी नहीं हो इसके लिए उक्त अधिकारी ने बताया कि सूचना प्राप्ति के तुरंत बाद ही हाथियों को भगाये जाने का पूर्ण सफलता पूर्वक प्रयास किया जाता है। साथ ही हाथियों से होने वाली क्षति तथा मुआवजे को लोगों को दिया जा चुका है। जिला नियोजन ने अपने कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि कौशल विकास योजना से संबंधित कार्य की जा रही है। लोगों को सरकार की योजना से जोड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। ताकि युवा को रोजगार मिले और वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके।

### डॉ आरसी मेहता ने बरकट्ठा प्रखंड भ्रमण के दौरान कहा, देश के लिए महंगाई बेरोजगारी अकाल माहमारी घुसखोरी दुखद है



**दैनिक शुभ भास्कर /सोहैल किरमानी।** हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेस उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने बरकट्ठा प्रखंड के उपरेली डेबो निचली देबो पचरुखी तिलैया बभणी चेचकपी घनघरी मरमगडा चौथा इत्यादि गावो का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी। केंद्र एवं राज्य सरकारो द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए कहां की आज देश मे महंगाई बेरोजगारी महामारी अकालग्रस्त है जो देश के लिए अशुभ संकेत है बरकट्ठा में 15% धान रोपनी हुआ,वर्षा के अभाव में धान सूख रहा है सरकार सुखाड क्षेत्र घोषित करें। बरकट्ठा 20 सूत्री अध्यक्ष श्री प्रदीप मंडल ने कहा की सरकार हर गांव में सिंचाई एवं पटवन योग्य आहार नाहर जल मीनार का निर्माण कराते हुए हुए सुखाड क्षेत्र घोषित करें। वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री श्री बुद्धदेव सिंह ने कहा कि बरकट्ठा पिछड़े आदिवासी क्षेत्र वर्षो से उपेक्षित है सरकार और जनप्रतिनिधि चेचकपी पंचायत पर ध्यान दें।कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरदेव सिंह राजेश सिंह अर्जुन मंडल मुमताज अंसारी बिहारी महतो द्वारिका प्रसाद कांग्रेस नेता उमेश मेहता इस्माइल अंसारी चंद्र देव मंडल राजेंद्र प्रसाद रामस्वरूप सिंह जानकी तुरी दीनानाथ साव शिव शंकर सिंह पुनीत सिंह किशोर मांझी जितनी बास्के मंगरी मरांडी आबिद अंसारी सहित दर्जनों लोग क्षेत्र भ्रमण में शामिल रहे।

### एम एस कालेज मे हुआ एक दिवसीय व्याख्यान माला



**मोतिहारी,अशोक वर्मा।** आज मुंशी सिंह महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन संपन्न हुआ।इस एकल व्याख्यान के मुख्य अतिथि राजधानी दिल्ली के डॉ.जाकिर हुसैन कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ.किशोर कुमार दास थे।प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम प्रदान कर उनका स्वागत किया।व्याख्यान का विषय था “साहित्य को कैसे समझा जाय?”इस संदर्भ में विद्वान वक्ता ने कहा कि साहित्य को समझने के लिए संवेदनशील मन की आवश्यकता है।इसी संवेदनशीलता से उसके विवेचन और विश्लेषण की राह खुलती है।उन्होंने कहा कि साहित्य ही एक ऐसा विषय है जिसमें सारे विषय समाहित हो जाते हैं। अर्थशास्त्र,राजनीति,प्रकृति, विज्ञान,इतिहास,पर्यावरण,मनोविज्ञान,धर्म,दर्शन और समाजशास्त्र सबों का समुच्चय होता है साहित्य।उन्होंने शेक्सपियर, यिट्स,जॉन किट्स और वर्ड्स वर्थ आदि कवियों,नाटककारों के साहित्य में वर्णित स्थलों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बड़े सुंदर लहजे अपने व्याख्यान को अंजाम तक पहुंचाया।बीच बीच में छात्र छात्राओं द्वारा करतल ध्वनि कर विद्वान वक्ता की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.)एकबाल हुसैन ने कहा कि जिस प्रकार न्यूटन,अलबर्ट आइंस्टीन,एडिशन एवं वेंकट रमण तथा जगदीशचंद्र बोस सरीखे वैज्ञानिकों के बिना दुनिया अंधकार में होती उसी प्रकार कालिदास,मिर्जा गालिब,शेक्सपियर एवं दिनकर के बिना दुनिया अधूरी होती।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार ने कहा कि साहित्य वह होता है जिसमें सबों के हित की बात समाहित हो।उन्होंने संत शिरोमणि तुलसीदास,सूरदास,भारतेंदु और प्रेमचंद के साहित्य का उदाहरण देते हुए कहा कि इनका साहित्य समाज को आज भी राह दिखाने का कार्य कर रहा है,आलोक प्रदान कर रहा है।

दौरा — पूंदरी और सिरसी में रखी करीब एक करोड़ के विकास योजनाओं की आधारशिला

# सदर विधायक ने किया कई गांवों का दौरा



**दैनिक शुभ भास्कर/ सोहेल किरमानी।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का सघन दौरा किया और स्थानीय लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के सिरसी और पुंदरी में विकास योजनाओं की आधारशिला भी रखी। ग्राम सिरसी में रेलवे ओवरब्रिज से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमदाग तक ग्रामीण विकास विभाग ( ग्रामीण कार्य मामले) द्वारा करीब 48 लाख की लागत से पथ निर्माण कार्य और ग्राम बेस पंचायत के ग्राम पुंदरी में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के पीएम- अभीम मद अंतर्गत करीब 55 लाख की लागत से यहां स्वास्थ्य उपकेंद्र के उन्नयन कार्य का बतौर मुख्य अतिथि विधिवत रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर आधारशिला रखा। मौके पर दोनों जगहों पर हजारीबाग विधायक मनीष सहसवान का स्थानीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर जबरदस्त स्वागत किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए हम संकल्पित है और इसी ध्येय के साथ लोगों के जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है एवं आधारभूत संरचना का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा की कटकमदाग प्रखंड के सिरसी में आवासीय बालिका विद्यालय का निर्माण हुआ लेकिन उसके लिंक रोड की स्थिति वर्षात में भयावह हो जाती थी लेकिन अब सड़क निर्माण होने से बच्चियों और उनके परिजनों के साथ आमजनों को बड़ी राहत होगी वहीं सुदूरवर्ती बेस पंचायत के पुंदरी में एक उन्नत और आधुनिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आयेगी और लोग स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होंगे। यहां स्वस्थ उप केंद्र को अपग्रेड करते हुए डबल स्टोरी बिल्डिंग, डे केयर, लैब कम स्टोर, क्लीनिक, जांच घर, रिकॉर्ड रूम, वेलनेस रूम, मेल - फीमेल टॉयलेट का निर्माण किया जाना है । मौके पर विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, बेस मुखिया दीपक यादव, सिरसी क्षेत्र के वार्ड पार्षद बादशाह पासवान, मिथलेश साव, संजय राणा, बाली पासवान,सुरेंद्र प्रसाद, बेस पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र राणा, जगन्नाथ साव, राजेंद्र यादव, चंदन कुमार,ओमप्रकाश राणा, गुलशन राम, ड्याली राम,बुधन राम,बदल राम,जीतन राम, छोटका राम, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय वार्डन नूतन कुमारी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# मां शबरी सेना हजारीबाग जिला अध्यक्ष निर्मल राम के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ मां शबरी फुटबॉल टूर्नामेंट



**हज़ारीबाग दैनिक शुभ भास्कर /सोहैल किरमानी।** आज मां शबरी सेना हजारीबाग द्वारा आयोजित नावाटांड मोरांगी के शबरी मैदान में मां शबरी फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का समापन बहुत ही धूमधाम के साथ हुआ। इस टूर्नामेंट में 46 टीम भाग लिए थे जिसमें क्वार्टर फाइनल के तीन मैच में पहला मैच फतहा बनाम गदोखर के बीच खेला गया। जिसमें फतहा की टीम विजय हुई। दूसरा मैच मोरांगी बनाम पुंदरी के बीच खेला गया, जिसमें मोरांगी की टीम विजय हुई। और तीसरा मैच भेलवारा बनाम केसुरा के बीच खेला गया, जिसमें केसुरा की टीम विजय हुई। फिर सेमीफाइनल मैच के लिए तीनों विजय टीम के बीच लॉटरी कराया गया, जिसमें मोरांगी की टीम फाइनल में पहुंच गई। और सेमीफाइनल का एक मैच केसुरा बनाम फतहा के बीच खेला गया। जिसमें फतहा की टीम विजय हुई। फिर फाइनल मैच कराया गया। जिसमें मोरांगी की टीम को हराकर फतहा की टीम विजय हुई। मां शबरी सेना हजारीबाग की ओर से प्रथम पुरस्कार के रूप में फतहा की टीम को 11000/= रुपया नकद, एक बड़ा शील्ड, एवं मां शबरी सेना हजारीबाग का जर्सी दिया गया। द्वितीय पुरस्कार के रूप में मोरांगी की टीम को 5100/= नकद, शील्ड और मां शबरी सेना हजारीबाग का जर्सी दिया गया। तृतीय पुरस्कार के रूप में केसुरा की टीम को एक शील्ड दिया गया। मेन आफ द सीरीज केसुरा के विशाल भुईयां को दिया गया। मां शबरी सेना हजारीबाग के सभी सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। आज के निर्णायक लोचन राम, राजेश राम, महेंद्र राम माही एवं कुलदीप कच्छप जी को कमेटी की ओर से मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मां शबरी सेना के संस्थापक श्री रोहित राम, विशिष्ट अतिथि के रूप में मां शबरी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष श्री सुदर्शन राम सुदामा जी,भुईयां समाज के समाजसेवी श्री भगवान राम जी, महालाल हांसदा जी अध्यक्ष आदिवासी दलित विकास मंच, जिनगा पंचायत मुखिया पति प्रमोद राम, अनीता देवी मुखिया मांडू, समाजसेवी छोटेलाल भुईयां जी उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट के अध्यक्ष निर्मल राम, सचिव अनिल राम, कोषाध्यक्ष केदार उर्फ पिंटू राम, उप कोषाध्यक्ष रखित राम , पंकज राम, कजरु राम,मुकेश भुईयां, दिनेश भुईयां, सुरेश भुईयां,कारु भुईयां, बिनोद राम,राजू राम, सुशील राम, चेतलाल राम, प्रकाश राम, राहुल राम, सूरज राम, चंदन कुमार रितेश पासवान गणेश राम, सुबोध कुमार, डालेशवर कुमार, बंटी कुमार, दिनेश राम, संतोष राम,पिंटू कुमार एवं मां शबरी सेना हजारीबाग मोरांगी नावाटांड के सैकड़ों सदस्यों की मेहनत एवं उपस्थिति में मां शबरी फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज एवं समापन भी करवाया गया। लीग के मैचों में दिनेश भुईयां एवं मुकेश भुईयां ने भी निर्णायक की भूमिका निभाई।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिसकर्मियों को प्रातःकाल कराया जाता है योगाभ्यास



**चंदौली**। योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है।स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन-मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार निर्धारित दिनों में पुलिस लाइन चन्दौली में सम्बन्धित अधिकारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया जाता है।इसी क्रम में दिन मंगलवार को पुलिस लाइन/कार्यालय में नियुक्त पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया।

### मेरा माटी मेरा देश राष्ट्रश्रीजन अभियान के तहत गांवो में जाकर माटी इकट्ठा किए भाजपा कार्यकर्ता



**शहाबगंज(चंदौली)**। मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रश्रीजन अभियान के तहत शुक्रवार को भाजपा मण्डल अध्यक्ष अवधेश सिंह के नेत्वृत में भाजपा कार्यकर्ता ने घर घर जाकर एक चुटकी माटी इकट्ठा किया।प्रधानमंत्री के आह्वान पर अभियान के पहले दिन कलश लेकर घर घर जाकर मिट्टी इकठ्ठा किये। पहले दिन शहाबगंज,करनौल,ठेकहा बड़गांवा,मुरकौल अतायस्तगंज , तियरा सहित आदी गांव में घर घर जाकर मिट्टी इकठ्ठा किये।इस दौरान फिरोज अहमद,राजेश.सिंह, हृदय नारायण सिंह,सत्यनारायण याझव,त्रिभुवन नारायण सिंह,जय प्राकश पाण्डेय,अरविन्द दूवेदी,बलवन्त सिंह चौहान,प्रभावती देवी ,राजेश गुप्ता, सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती की हुई गोद भराई



**चंदौली**। अमड़ा ग्रामसभा की तीनों आंगनबाडी केंद्र पर मंगलवार को आईसीडीएस विभाग की ओर से गोद भराई दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को उपहार के रूप में पोषण की पोटली भी दी गई। जिसमें गुड़, चना, हरी पत्तेदार सब्जियां, पोषाहार व फल आदि शामिल थे। महिलाओं को उपहार स्वरुप पोषण की थाली भी दी गयी जिसमें अनेक प्रकार के पौष्टिक पदार्थ शामिल थे। गर्भवती महिलाओं को चुनरी ओढ़ाकर और टीका लगाकर महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की गई। इस मौके पर सीडीपीओ रामप्रकाश मौर्या ने कहा कि जिले में आज गोदभराई की गतिविधि आयोजित है जिसके तहत जनपद के साथ साथ बरहनी ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई आयोजित हुआ है। इस मौके पर नीलू मिश्रा मुख्य सेविका ने गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य और पोषण संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजु देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, सहायिका सीमा देवी,सरिता देवी,पूनम देवी उपस्थित रही।

### सड़कों की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोशीत जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया



**सकलडीहा चंदौली**। विकासखंड के चहनिया के महरखा गांव में बदहाल सड़कों की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से लेकर जनपति नेशन से शिकायत की बावजूद इसके कार्रवाई नहीं होने से आपको दोषी ग्रामीण ने मंगलवार को जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया गांव के प्राथमिक विद्यालय पर जाने वाला मुख्य मार्ग एक दशक से पदहल स्थिति में पहुंच चुका है बच्चे आवागमन करते समय गिरकर चोटिला हो रहे हैं गांव के दलित बस्ती को जाने वाला मुख्य खरंजा खराब हो चुका है इसके साथ ही अन्य तमाम सड़के वह मुख्य मार्ग पिछले एक दशक से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से लेकर जिला पंचायत सदस्य बबलू से सांसद महेंद्र नाथ पांडेय वह ग्राम प्रधान जयप्रकाश से कब चुके हैं लेकिन अभी भी स्थिति जस की तस्वीर बनी हुई है उक्त मांगों पर आवागमन करते समय ग्रामीण अक्सर गिर का छुट्टी हो रहे हैं इससे आपको दूसरी ग्रामीणों ने मंगलवार को जमकर हंगामा को प्रदर्शन किया है चेताया की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग उपग्रह आंदोलन करने को बाध्य होंगे प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से रविकांत गुप्ता प्रेम नारायण अमित मारकंडे सुरेश रामप्रसाद सोनू मोनू दिनेश कमल दुलारी रीमा गुंजा बबीता विजय वकील आदि लोग शामिल रहे।

# अवैध शराब एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध अभियान जारी



**चन्दौली**। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा जनपद मे शराब व मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक सदर चन्दौली व क्षेत्राधिकारी सदर चन्दौली के पर्यवेक्षण मे शराब तस्करी गिरोह के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान मे थाना सैयदराजा की पुलिस व जनपद चन्दौली की स्वाट टीम/सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था कि प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा संतोष कुमार सिंह को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक कार व एक पिकप मे हरी सब्जी लदी बोरियों की आंड़ मे शराब तस्करों द्वारा शराब लादकर बिहार बेचने हेतु ले जाया जा रहा है कि मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाकर आज दिनांक 11.09.2023 को जेठमलपुर तिराहा से भारी मात्रा मे रायल स्टैग की नाजायज अंग्रेजी शराब की बरामदगी करते हुए गिरोह के चार शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना सैयदराजा पर मु0अ0सं0 188/2023 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 419, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-** 1- विजय प्रकाश सिंह S/O स्व0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह R/O जनौली थाना धीना जनपद चन्दौली । 2- इकलाख अहमद पुत्र इसरत खान निवासी सासाराम थाना सासाराम जिला रोहतास, बिहार। 3- सुजीत केशरी पुत्र गनेश केशरी निवासी मोहनिया थाना मोहनिया जिला भभुआ बिहार। 4- सब्बीर खान S/O असगर खान R/O मोहल्ला किला वार्ड नं. 29 थाना नगर सासाराम जिला रोहतास बिहार।

**पूछताछ विवरणः-** अभियुक्तगण से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त विजय प्रकाश सिंह द्वारा बताया गया कि पिछले कई माह से अवैध शराब का कारोबार मैं अपने साथियों के साथ मिलकर कर रहा हूँ। इसके लिए जरफरपुरवा औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 थाना क्षेत्र अलीनगर मे मैने किराये पर लिया है। जिसमे चोरी छिपे चंडीगढ से शराब लाकर गोदाम मे रखता हूँ। धीरे धीरे शराब को सब्जी लदी गाड़ियों की आड़ मे तथा कार मे शराब को लादकर बिहार ले जाकर बेंचते हैं। गाड़ियों को यूपी और बिहार मे आवागमन के लिए फर्जी नम्बर प्लेट बनवाकर रखे रहते हैं। यूपी मे यूपी का नम्बर प्लेट और बिहार मे बिहार का नम्बर प्लेट लगता हूं । कुछ दिन पहले फरवरी के महीने मे मै सब्जी लदी गाड़ी में शराब छिपाकर ले जा रहा था कि पुलिस को चेकिंग करता देख वाहन को छोड़कर भाग गया था।

**बरामदगी का विवरणः** 1. रायल स्टैग नाजायज अंग्रजी शराब 40 पेटी प्रत्येक मात्रा 750 ml कुल 372 बोतल। 2. रायल स्टैग रायल स्टैग नाजायज अंग्रजी शराब 17 पेटी प्रत्येक मात्रा 350 ml कुल 408 बोतल। 3. मारूति डिजायर कार सं HR55AA1784।4. पिकप वाहन सं0 UP65DT6845 (जिसपर फर्जी नम्बर प्लेट BR02Q2483 लगा हुआ)। 5. 03 अदद मोबाइल फोन। 6. दो अदद फर्जी नम्बर प्लेट। 7. एक अदद कूटरचित आर.सी.। कुल बरामद शराब की मात्रा 421.80 लीटर व कीमत करीब 6,50,000/- रूपये।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-** थाना सैयदराजा, संतोष कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सैयदराजा, नि0 श्रीकान्त पाण्डेय, उ0नि0 जमीलुद्दीन खान, हे0का0 अश्वनी सिंह, का0 अजय पटेल, का0 पुनीत राय, सर्विलांस टीम, निरी0 श्याम जी यादव (सर्विलांस प्रभारी ), हे0का0 1166 देवेन्द्र सरोज, हे0का0 580 प्रेम प्रकाश यादव, का0 1096 नीरज कुमार मिश्रा, का0 712 अजीत कुमार सिंह, का0 427 मनीष कुमार प्रसाद, का0 1428 गणेश तिवारी, का0 1486 संदीप कुमार, का0 732 मनोज कुमार यादव, स्वाट टीम, उ0नि0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह (प्रभारी स्वाट टीम), हे0का0 आनंद कुमार सिंह, हे0का0 राणा प्रताप सिंह, हे0का0 अमित कुमार सिंह, हे0का0 बिजेंद्र कुमार सिंह, हे0का0 प्रीतम कुमार, हे0का0 राजेश कुमार यादव।

## समझा बुझा कर बिछड़े जोड़ों के बीच कराया गया सुलह



**सचिन कुमार पटेल, अलीनगर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर**। कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को भी मजबूत,छोटी मोटी बातों व गलतफहमियों के कारण अलग हुए दम्पत्तियों को चन्दौली पुलिस द्वारा लगातार समझा-बुझाकर कराया जा रहा एक,महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से आज फिर बिछड़े 03 दम्पत्ति पुनः एक साथ रहने को हुए राजी,वर्ष-2023 में अब तक चन्दौली पुलिस के परिवार परामर्श केंद्र/महिला थाना के प्रयास व प्रभावी काउंसलिंग द्वारा कुल-379 दम्पत्तियों के बीच कराया गया सुलह।पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर 03 परिवारों में बीच पुनःखुशियां लौटाने का लगातार सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है।इसी क्रम में दिन सोमवार को ऐसे ही 03 परिवारों से मिले पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस/मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र पर बुलाकर पारिवारिक मूल्यों एंव महत्व को बताते हुए अथक प्रयास से समझाया बुझाया गया।

## 50 लाख की लागत से अधिक परियोजनाओं की समीक्षा बैठक



**चंदौली**। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निर्माणाधीन 50 लाख की लागत से अधिक परियोजनाओं की समीक्षा हुई ।बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर के लिए टेंडर आमंत्रित करने के निर्देश दिए,मंडी परिषद चंदौली में फिश मण्डी के निर्माणाधीन भवन का तय मानक व गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन ड्रग वेयर हाउस का कार्य ससमय पूर्ण करने के साथ समस्त पूर्ण कार्यों को हस्तगत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त परियोजनाओं की फीडिंग सी एम आई एस पोर्टल पर अपडेट कर दी जाए।बैठक में जिलाधिकारी को विद्युत परीक्षण खंड तृतीय साहूपुरी के संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उपकेंद्र को ऊर्जीकृत कर दिया गया है एवं लाइन का कार्य भी 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि जिन कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है उसको तत्काल प्रशासकीय विभाग को हैण्ड ओवर कर दें।

## तीन दिवसीय बाबा कीनाराम जन्मोत्सव आज से, तैयारियां पूर्ण



रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मेले को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से भारी मात्रा में फोर्स लगेगा । बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा के लिए 5 क्षेत्राधिकारी,14 इंस्पेक्टर, 93 सब इंस्पेक्टर, 410 कांस्टेबल, डेढ़ कम्पनी पीएससी, महिला दरोगा व महिला पुलिस 65, 20 सादे ड्रेस में महिला व पुरुष पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम व 200 वालेंटियर दिन रात मौजूद रहेंगे । इसके अलावा यातायात पुलिस हर मोड़ पर रहेंगे । मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार का वाहन नही प्रवेश करेगा । सभी वाहन पार्किंग में ही खड़े होंगे । मेले में आने के लिए ट्रैक्टर ट्राली या ढाला वाली पिकअप गाड़ी का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

चहनियां। चंदौली। रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में तीन दिवसीय बाबा कीनाराम का 424वां जन्मोत्सव समारोह आज से शुरू हो जायेगा । सुबह कांवरियों द्वारा किनेश्वर महादेव का जलाभिषेक होगा । स्थानीय गांव की महिलाओं द्वारा सोहर गीत के बाद रामायण व पूजन अर्चन होगा । तीन दिवसीय मेले के लिए फील्ड में तरह तरह की दुकानें व झूले सज गयी है । भारी मात्रा में फोर्स तैनात है । रामगढ़ स्थित अघोराचार्य बाबा कीनाराम का 424वां तीन दिवसीय जन्मोत्सव समारोह आज से शुरू हो जायेगा । सुबह कांवरियों का जत्था बलुआ पश्चिम वाहिनीं गंगा तट से जल लाकर किनेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे । पूजन अर्चन के साथ क्षेत्रीय महिलाओं द्वारा सोहर गीत गाया जायेगा । क्षेत्रीय व दूरदराज से आये लोगो द्वारा रामायण, भजन कीर्तन होगा । दोपहर में विद्यालय के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा । 4 से 6 तक बाबा कीनाराम के जीवन पर विचार विमर्श सम्भ्रांत नागरिकों द्वारा किया जायेगा । इस बार महोत्सव पर काफी भीड़ होने की संभावना जतायी जा रही है । तीन दिवसीय महोत्सव समारोह में मेला भी लगेगा ।

मेले के लिए बाबा कीनाराम इंटर कालेज के सामने खेल के मैदान व नवरत्न वाटिका में झूला, चरखी, बच्चो के खेल के मनोरंजन के साधन, मिष्ठान आदि की दुकानें लग गयी है । महोत्सव को लेकर मठ प्रबंधन द्वारा जन्मोत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है ।

### घोसी उपचुनाव में जीतने के सपा कार्यकर्ताओं ने लखनऊ पहुंचकर नेताओं को बधाई दिए



**तारा जीवनपुर चंदौली**। घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज होने के बाद सपा कार्यकर्ता वह पदाधिकारी लखनऊ पहुंचकर पार्टी के नेताओं को बधाई देने का काम कर रहे हैं इसके तहत समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र लखनऊ पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव से मिलकर जीत की बधाई दी वहीं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की औपचारिक मुलाकात के बाद राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने पिछड़ा वर्ग पोस्ट के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र को आगामी लोकसभा चुनाव के मरते नजर कमर कसने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश दिया कहा कि घोसी की जनता ने अपना आशीर्वाद सपा को देखकर इसकी शुरुआत कर दी है आगामी लोकसभा चुनाव भी समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर पूरे दमखम से जनता के आशीर्वाद से लड़ेगी और अधिक से अधिक सीट जीतने का भी काम करेगी इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर आम जनता को जगाने की जरूरत है भाजपा के लोग घर हथकंडा अपना कल उठा लो को डराने धमकाने का भी काम करेंगे इसके लिए कोलकाताओं को मजबूती के साथ मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है

### मां काली के प्रांगण में मंत्री व विधायक ने आशीर्वाद देकर देवी जागरण का कार्यक्रम शुभारंभ कराया



**पीडीडीयू नगर (चंदौली)**। मुगलसराय प्राचीन माता काली के वार्षिक श्रृंगार के शुभ अवसर पर देर रात्रि तक भंडारा में भक्तगण प्रसाद ग्रहण करते रहे।उसी प्रांगण में देवी जागरण के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सुर मधुर भक्ति गीतो की प्रस्तुति की जा रही थी।दया शंकर मिश्र(दयालु गुरु)मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,रमेश जायसवाल क्षेत्रीय विधायक, डॉक्टर विनोद बिंद विधायक मझवा ने माता रानी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात मंच पर सभी कलाकारों को निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कराया।गायक कलाकारो में मुख्य रूप से ब्रजेश सिंह,सुरेन्द्र मिश्रा, छाया निधि,पूनम मिश्रा,छोटू शुक्ला,चंद्रा सिंह चंचल,नगर के सुप्रसिद्ध चर्चित गायक अशोक सिद्धार्थ केसरवानी ने माता रानी के दरबार में एक से बढ़कर एक देवी गीत,पचरा, भजन,निर्गुण सुनाकर सभी कलाकारों ने अपनी अपनी हाजिर लगाई।उक्त शुभ अवसर पर संजय कन्नौजिया, लक्ष्मण जायसवाल, राजकुमार जायसवाल,चंद्रेश्वर जायसवाल,अमरनाथ जायसवाल मोनू,डा अजीत, विशाल तिवारी,दिनेश जायसवाल,रोहिताश पाल, सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।मां काली धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष जायसवाल ( आशु )ने सभी अतिथियों को माला पहनाकर तो गायक अशोक सिद्धार्थ केसरवानी ने बैच लगाकर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रमोद अग्रहरी ने किया।

### मियां बीबी राजी पुलिस ने कराई शादी, अलीनगर पुलिस की पहल पर सफल हुआ 5 साल पुराना प्रेम



**अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली**। जिले की पुलिस केवल लड़ाई झगड़ा और कानून व्यवस्था के ही मामले नहीं सुलझाती है, बल्कि प्रेम प्रसंग के मामले में भी पुलिस की पंचायत का भी काम कर जाती है। कुछ ऐसा ही मामला अलीनगर थाना में मंगलवार को देखने को मिला जब 5 साल स्कूल से चले आ रहे एक प्रेम प्रसंग के मामले में प्रेमी प्रेमिका एक दूसरे को पति-पत्नी के रूप में स्वीकार करने के लिए राजी हो गए। आपको बता दें कि अलीनगर थाना क्षेत्र के खैरूद्दीनपुर गांव के रहने वाली सरोज कुमारी कि अलीनगर थाना क्षेत्र के भुपौली गांव के रहने वाले रोहित यादव के साथ पिछले 2018 से स्कूल में प्रेम प्रसंग चल रहा है, जबकि दोनों के घर परिवार वाले उनके विवाह के लिए राजी नहीं थे। लेकिन इन दोनों ने लंबे समय तक परिवार की रजामंदी का इंतजार किया। लेकिन जब बात नहीं बनते दिखी तो प्रेमी प्रेमिका पुलिस के पास पहुंचे। उसके बाद अलीनगर पुलिस ने इसके लिए पहल की और दोनों के परिवार वालों से बातचीत की। बताया जा रहा है कि दोनों के परिजनों की मौजूदगी में अलीनगर थाने के मंदिर में मंगलवार को प्रेमी प्रेमिका ने आपस में एक दूसरे को माला पहनाकर शादी कर ली। इस दौरान अलीनगर प्रभारी शेषधर पांडेय ने नव विवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान लड़की पक्ष से पिता के साथ फूफा और लड़के की ओर से पिता के साथ उसके चाचा सुनिल यादव भी मौके पर मौजूद रहे, जिनके सामने दोनों ने एक दूसरे को पति-पत्नी के रूप में स्वीकार किया।

**अभियान** शुरुआत शिव पार्वती जी को झूला झूलाकर महिमा का गुणगान करते हुए सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया

## तीजोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं ने लिया भाग





**चंदौली**। अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी के आवास पर सखी सहेली प्रकोष्ठ की ओर से तीजोत्सव का रंगारंग विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत शिव पार्वती जी को झूला झूलाकर उनकी महिमा का गुणगान करते हुए शानदार सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर बेस्ट ड्रेस कोड, बेस्ट मेकअप तथा तीज क्वीन का चुनाव व हाउजी गेम के साथ-साथ सोलो डांस कंपटीशन भी किया गया। महिलाओं के साथ बच्चों ने कार्यक्रम का खुब लुप्त उठाया। सखी सहेली प्रकोष्ठ की ओर से तीजोत्सव कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुषमा पटवा और राष्ट्रीय संरक्षिका किरण देववंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। कार्यक्रम संचालन अध्यक्ष निहारिका देववंशी की कुशल नेतृत्व में शिव पार्वती जी को झूला झूलाकर उनकी महिमा का गुणगान करते हुए शानदार सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद क्रमशःबेस्ट ड्रेस कोड, बेस्ट मेकअप तथा तीज क्वीन का चुनाव व हाउजी गेम के साथ-साथ सोलो डांस कंपटीशन भी किया गया। कार्यक्रम का आनंद लेते हुए महिलाओं ने अपना फेवरेट चाट , गोलगप्पे, जलेबी दही बड़े तथा बनारस की मशहूर कचौड़ी का भी आनंद लिया। बच्चों के लिए भी उनकी पसंद के चिप्स ,कोल्ड ड्रिंक, विभिन्न प्रकार की टोपियां तथा चाकलेट आदि का वितरण किया गया। अंत में तीजोत्सव कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी महिलाओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष सुषमा पटवा और राष्ट्रीय संरक्षिका किरण देववंशी व निहारिका देववंशी द्वारा चूड़ी और हरे रंग की दुपट्टा व मेडल देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय प्रधान संरक्षक आरके सिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी व महानगर अध्यक्ष प्रमोद देववंशी ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा और मातृत्व शक्ति का आर्शिवाद प्राप्त करना है। इस मौके पर आनंदी गुप्ता, विक्रम,वंदना पटवा, अनुसिंह देववंशी, नम्रता देववंशी,सोनी पटवा, खुसबू, अनुराधा, मुस्कान, रचना सिंह, प्रियंका, रेखा, सुनैना, पिंकी सहित अन्य मौजूद रहे।

## बाल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





**चकिया चन्दौली**। बाल संरक्षण के मुद्दे पर मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्था के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला प्रोफेशन अधिकारी प्रभात कुमार रहे। प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा बाल संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रकार की चलाई जा रही थी।जिसमे प्रमुख रूप से केन्द्र स्तर पर इंटीग्रेटेड चाइल्ड प्रोटक्शन स्कीम चलाई जा रही थी।जिसके मध्यम से ग्राम बाल संरक्षण समिति, ब्लॉक संरक्षण समिति और जिला बाल संरक्षण समिति बनाकर बच्चों को बाल श्रम, बाल व्यापार को रोककर स्थानीय स्तर पर बच्चों के संरक्षण के लिये यह समिति बना था। लेकिन वर्तमान समय में केन्द्र सरकार के द्वारा बच्चों के संरक्षण हेतु मिशन वातशल्य के तहत जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा child line, रेलवे चाइल्ड लाईन संचालित हो रही है। जिसका हेल्प लाईन नम्बर 1098 है।अगर बच्चों का कहीं अपराध हो रहा है तो 1098 पर कॉल कर सकते है यह निशुल्क है। इस कार्यशाला मे जिला बाल संरक्षण अधिकारी किशन वर्मा ने बताया की बच्चों के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतू महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बच्चियों को सुरक्षा एवं संरक्षण किया जा रहा है इसके साथ-साथ बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है जिससे कि कोई भी बच्चे को शोषित न किया जा सके और नगर पंचायत नगर पालिका के सभी वार्डो मे भी बाल संरक्षण समिति का गठन पर बात हुई । चकियां के चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने भी अपने कार्य क्षेत्र मे बाल श्रम मुक्त नगर बनाने हेतू बात कहे । पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप मौर्य ने कहा कि बच्चों के संरक्षण के लिये गांव के लोग ,आशा, आंगनबाड़ी , ग्राम प्रधान जितने सरकारी संबंधित कर्मचारी हैं वह सब बच्चों के संरक्षण बाल मजदूरी को रोकथाम के लिए ध्यान से कार्य करें। गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने कहां कि बाल संरक्षण के लिये सबसे ज्यादा जरूरी है की बच्चों को स्कूल से जोड़ना अति आवश्यक है और बाल विवाह को भी रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाये। खण्ड शिक्षा अधिकारी रामटहल के द्वारा बाल श्रम मुक्ति के लिये बच्चों के शिक्षा के लिये हम सदैव तत्पर है। शिक्षा विभाग से कुवर कलाधर सिंह, कमलेश प्रशाद, अजय इत्यादी लोग रहे। बच्चों को इस कार्यशाला में विकास खण्ड चकिया के ग्राम प्रधानगण त्रिलोकी, , आशा कार्यकत्रि, लालमनी आगनवाडी कार्यकत्रि, और ग्रमीण आजीविका मिशन से CLF भी आयी। संस्था से प्रोग्राम मैनेजर शहनाज बानो , रीता मौर्य, अशोक, मुकेश कुमार और गोविंद कुमार और जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।